

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 10 अप्रैल 2024 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष-2 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-012 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 11 अप्रैल 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### प्रतिबंधित लकड़ी से भरा ट्रक जब्त

**राजिम,10 अप्रैल.** गरियाबंद के राजिम में देर रात वन विभाग की टीम एक ट्रक प्रतिबंधित लकड़ी को जब्त करने में कामयाबी हासिल की है. दरअसल मुखबिर से सूचना मिली थी, कि एक ट्रक में प्रतिबंधित लकड़ी के गोले रखे हुए है, जिस पर राजिम 130 सी में खड़े ट्रक की जांच की गई, जिस पर बड़े पैमाने में प्रतिबंधित कीमती लकड़ी पाया गया, जिसे वन अमला अपने कब्जे में लेकर लकड़ियों की गिनती और नाप किया जा रहा है, शुरुवाती जांच में ये पता चला है, कि दक्षिण बस्तर से लकड़ी ट्रक में लोड कर लाया जा रहा था, जिसकी अनुमानित कीमत लाखों में आंकी गई है, फिलहाल वाहन चालक को अपने कब्जे में लेकर वन विभाग का अमला लगातार पूछताछ कर रहा है, कि आखिर इतने बड़े पैमाने में लकड़ी का जखीरा कहां ले जाया जा रहा था, इंडियन फॉरेस्ट एक्ट 1927 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

### सिर पर बीयर की बोतल मारकर हत्या

**रायपुर,10 अप्रैल.** उरला क्षेत्र के राजेंद्र नगर इलाके में युवक की लाश मिली है. युवक से सिर पर गहरे चोट और फूटी बीयर की बॉटल मिलने से बॉटल मारकर हत्या की आशंका जताई जा रही है. युवक की पहचान 18 वर्षीय विजय यादव के रूप में की गई है. उरला थाना क्षेत्र में घटना की जांच के लिए पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर मौजूद है.

### आईईडी बम ब्लास्ट दो जवान घायल

**बीजापुर,10 अप्रैल.** धुर नक्सल क्षेत्र बीजापुर से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है। यहां नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी में ब्लास्ट हुआ है। इस ब्लास्ट की चपेट में आने से दो जवान घायल हो गये हैं। घायल जवानों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। जहां जवान का इलाज जारी है। वहीं अब तक इस घटना की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, बीजापुर जिले के पीडिया इलाके में जवान सर्चिंग पर निकले थे। इस दौरान नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी बम में ब्लास्ट हो गया। इस ब्लास्ट की चपेट में आने से एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल जवान को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

### केदार कश्यप ने कवासी को बताया छत्तीसगढ़ का राहुल गांधी

**रायपुर,10 अप्रैल.** मंत्री केदार कश्यप ने कवासी लखमा को 'छत्तीसगढ़ का राहुल गांधी' करार दिया है. इसके साथ ही उन्होंने 4 जून को लोकसभा चुनाव परिणाम आने के साथ ही कांग्रेस पार्टी के अंतिम संस्कार की बात कही है. मंत्री केदार कश्यप ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कवासी लखमा का वीडियो पोस्ट किया है. इसमें उन्होंने लिखा है कि कांग्रेस पार्टी में नेता नहीं नमूने भरे पड़े हैं. मोदी जी के ऊपर कांग्रेसियों का प्रहार करना और जनता का मोदी जी पर सत्कार करना बढ़ता रहेगा. कांग्रेसियों को समझ आ गया है कि कांग्रेस पार्टी मरणासन्न अवस्था पर है. 4 जून को कांग्रेस पार्टी का अंतिम संस्कार किया जाएगा.

### संयुक्त राष्ट्र में बजा भारत का डंका

**नई दिल्ली,10 अप्रैल.** अंतरराष्ट्रीय स्वापक नियंत्रण बोर्ड समेत संयुक्त राष्ट्र के कई प्रमुख निकायों के लिए भारत का चयन किया गया है। भारत की जगजीत पवाडिया ने अंतरराष्ट्रीय स्वापक नियंत्रण बोर्ड में तीसरी बार निर्वाचित होकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्हें संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद द्वारा आयोजित अत्यधिक प्रतिस्पर्धी चुनाव में सबसे अधिक वोट प्राप्त हुए हैं। पावडिया को गुप्त मतदान के जरिए मार्च 2025 से 2030 तक पांच साल के तीसरे कार्यकाल के लिए आईएनसीबी में फिर से चुना गया।

# कुम्हारी बस हादसे की दंडाधिकारी जांच के आदेश





■ तरुण छत्तीसगढ़

**भिलाई, 10 अप्रैल।** दुर्ग जिले के कुम्हारी में विगत रात्रि हुई बस वाहन दुर्घटना की खबर लगते ही कलेक्टर एवं एसपी के नेतृत्व में जिला/पुलिस प्रशासन के अधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर बचाव हेतु तत्परतापूर्वक कार्यवाही कर घायलों को उपचार हेतु रायपुर पहुंचाया गया। इस घटना में घायल रमेश यादव, गुरूमुख सिंग, निर्मल सिंग, देवेन्द्र सिंग, श्रीमती मोनिका वर्मा, श्रीमती उषा साहू, श्रीमती हस्तिना सिक्का, श्रीमती कुंती यादव, श्रीमती उर्मिला कौशल, सरजीत कौर को एम्स में भर्ती किया गया है। बिहारी लाल दुबे को मेकाहारा में एवं कविता चौधरी, श्री प्रदीप वाधी को ओम हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है। उक्त दुर्घटना में 12 लोगों की मृत्यु हुई है. जिसमें श्रीमती शांति बाई देवांगन पति स्व.बिहारी लाल देवांगन उम्र 60 वर्ष पता महामायापारा वार्ड 03 कुम्हारी थाना कुम्हारी जिला दुर्ग, श्रीमती सत्या बाई निषाद पति अभय निषाद उम्र 60 वर्ष पता-रामनगर कुम्हारी, श्री राजू राम पिता रामवृक्ष नाई उम्र 49 वर्ष निवासी सेवा समिति कैम्प 02 भिलाई, श्रीमती पुष्पा देवी पटेल पति फूलचंद पटेल उम्र 50 वर्ष पता जोन 03 खुर्सीपारा रामचंद्र होटल के पास थाना खुर्सीपारा जिला दुर्ग, श्री कमलेश देशलहरा पिता तुलसी राम देशलहरे उम्र 35 वर्ष पता सेक्टर 04 सड़क 28 म.नं. 26 भिलाई, श्री निखु भाई पटेल पिता मदन भाई पटेल उम्र 63 वर्ष पता सेक्टर 02 भिलाई थाना भिलाई नगर, श्री परमानंद तिवारी पिता स्व. वासुदेव तिवारी उम्र 55 वर्ष पता हाउसिंग बोर्ड दादर रोड चरोदा थाना भिलाई 03 जिला दुर्ग, श्री त्रिभुवन पाण्डेय पिता स्व. जय किसन पाण्डेय उम्र 55 वर्ष पता प्रगति नगर रिसाली भिलाई थाना नेवई, श्री बिहारी यादव पिता भूखन यादव उम्र 60 वर्ष पता शास्त्री नगर भिलाई, श्री मनोज कुमार ध्रुव पिता मनाराम ध्रुव उम्र 43 वर्ष पत्ता म.नं. 858/4 ड्रीम सिटी वार्ड 07 भिलाई उमदा रोड थाना भिलाई 03, श्री अमित सिन्हा पिता मोहन लाल सिन्हा उम्र 40 वर्ष पता शंकर नगर वार्ड 11 थाना मोहन नगर जिला दुर्ग, श्री कृष्णा साहू पिता टोंका साहू उम्र 45 वर्ष पता-केनाल रोड जोन 02 खुर्सीपार थाना खुर्सीपार दुर्ग शामिल है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा उक्त घटना की दण्डाधिकारी जांच के आदेश दिए गए है। जांच के बिन्दु निर्धारित कर अनुविभागीय दण्डाधिकारी भिलाई-3 श्री महेश कुमार राजपूत को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। एसडीएम श्री राजपूत निर्धारित बिन्दुओं पर जांच कर 30 दिवस के भीतर अपना जांच प्रतिवेदन जिला दण्डाधिकारी को प्रस्तुत करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा मृतकों के परिजन एवं घायलों को शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन में निहित प्रावधानों के अनुरूप आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

### दुर्घटना में मृतकों के परिजन एवं घायलों को मिलेगी आर्थिक सहायता

### गृहमंत्री विजय शर्मा पहुंचे घटना स्थल

गृहमंत्री विजय शर्मा घटनास्थल पहुंचे और खदान के ऊपर सड़क और नीचे खदान में गिरी बस का निरीक्षण कर रहे हैं. इस दौरान इंटर डिपार्टमेंट लिड एजेंसी रोड सेफ्टी के अधिकारी एआईजी संजय शर्मा भी मौके पर पहुंचे हैं.

### राष्ट्रपति,पीएम,गृहमंत्री,राज्यपाल व सीएम ने जताया शोक

इस हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर संवेदना जताई है. पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा है, छत्तीसगढ़ के दुर्ग में हुआ बस हादसा अत्यंत दुखद है. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु,राज्यपाल हरिचंदन,गृहमंत्री अमित शाह तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शोक व्यक्त किया है.

### मृतक के परिजनों को दिया जाएगा उचित मुआवजा : सांसद बघेल

वहीं सांसद विजय बघेल ने कहा, सीएम विंष्णुदेव साय से चर्चा हुई है. घायलों और मृतकों के परिजनो को उचित मुआवजा दिया जाएगा. फिलहाल घायलों को राहत मिले, इसका इंतजाम किया जा रहा है.



### एम्स पहुंचे सीएम विष्णुदेव साय

दुर्ग के कुम्हारी के पास एक निजी कंपनी के हुई बस दुर्घटना के घायल कर्मचारियों से आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एम्स पहुंचकर मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। चिकित्सकों को घायल कर्मचारियों के समुचित इलाज का प्रबंध करने को कहा और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

## रकम दुगुना करने का झांसा देकर 100 करोड़ की ठगी

**बिलासपुर,10 अप्रैल.** रकम दोगुनी करने का झांसा देकर बिलासपुर में करीब 100 करोड़ रूपए की ठगी का मामला सामने आया है. इसने बड़े फ्रॉड की रकम सुनकर ही बिलासपुर पुलिस शॉक्ड है. अब न्यायधानी में इस पूरे




फ्रॉड की चर्चा है.दरअसल 3 साल पहले बिलासपुर के राधिका विहार में निदान माइक्रो फाउंडेशन के नाम से एक संस्था खुली. संस्था के प्रमुख मानस रंजन मिश्रा उनके पति प्रभा मिश्रा संचालन करते थे. इनके झांसे में आकर डबल रिटर्न के लालच में लोगों ने यहां खूब इनवेस्टमेंट किया, लेकिन अब ये फरार हो चुके है और पुलिस इनकी तलाश कर रही है. बिलासपुर पुलिस ने उक्त डायरेक्टर दम्पत्ति समेत अन्य के खिलाफ सरकंडा थाने में मामला दर्ज कर लिया है. संस्था में काम करने वाले कर्मचारी वीरेंद्र मसीह ने इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई है. पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यहां कई बड़े कारोबारियों के साथ-साथ कई सरकारी कर्मचारियों ने भी पैसे डबल करने के लालच में पैसा लगाया है.

## राज ठाकरे मोदी को देंगे बिना शर्त समर्थन

**मुंबई,10 अप्रैल.** राज ठाकरे ने कहा कि विपक्ष में रहते हुए भी उन्होंने पीएम मोदी के खिलाफ व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं की। अनुच्छेद 370 का समर्थन करने वाला पहला ट्वीट मेरा था। मैं सीएए एनआरसी के समर्थन में रैली में जा रहा हूं। मैंने कभी भी व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं की। जिस तरह से उद्धव ठाकरे और संजय राउत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में टिप्पणी कर रहे हैं, मैंने उस तरह से टिप्पणी नहीं की। दुनिया का सबसे युवा देश, मोदी जी से उम्मीद है कि सब कुछ छोड़कर देश के युवाओं पर ध्यान दें, यही देश का भविष्य है। शिव सेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे के चचेरे भाई राज ठाकरे ने कहा कि 1990 के दशक में अविभाजित शिव सेना ने पार्टी के साथ गठबंधन किया था, तब से वह भाजपा के करीब हैं। शिवसेना ने 1990 के आसपास भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन किया था।

## छत्तीसगढ़ को मिली एक नई वंदे भारत ट्रेन

**रायपुर,10 अप्रैल.** छत्तीसगढ़ के दुर्ग और विशाखापट्टनम के बीच एक सेमी स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस चलेगी। इसका टाइम टेबल भी जारी कर दिया गया है। जून महीने से दुर्ग से सुबह 6 बजे रवाना होगी और दोपहर ढाई बजे विशाखापट्टनम पहुंचेगी। करीब 8.30 घंटे में ही सफर पूरा करेगी। छत्तीसगढ़ के दुर्ग और विशाखापट्टनम के बीच एक सेमी स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस चलेगी। इसका टाइम टेबल भी जारी कर दिया गया है। जून महीने से दुर्ग से सुबह 6 बजे रवाना होगी और दोपहर ढाई बजे विशाखापट्टनम पहुंचेगी। करीब 8.30 घंटे में ही सफर पूरा करेगी। नागपुर-बिलासपुर के बाद दुर्ग-विशाखापट्टनम दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस है, जो दुर्ग से गुजरेगी। इसे शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णदेव साय ने केंद्र सरकार को पत्र लिखा था। भिलाई निवासी आंध्र समाज काफी लंबे समय से इस रूट में एक ट्रेन चलाने की मांग कर रहा था। जिसे चुनाव से ठीक पहले पूरा किया गया है। यह ट्रेन आचार संहिता खत्म होने के बाद जून से शुरू हो जाएगी। रेलवे विभाग की माने तो यह ट्रेन सुबह 6 बजे दुर्ग रेलवे स्टेशन से छूटेगी और दोपहर 2.30 बजे विशाखापट्टनम पहुंचेगी।

**इन रेलवे स्टेशन से होकर गुजरेगी ट्रेन**-ट्रेन के स्टॉपेज की बात करें, तो यह ट्रेन दुर्ग से रायपुर रेलवे स्टेशन, लखोली, महासमुंद, खरियार-रोड, कांटा-भांजी, टिटलागढ़, सिंगापुर-रोड, रायगढ़ा, पार्वतीपुरम् और विजयानगरम रेलवे स्टेशन पर रुकते हुए विशाखापट्टनम रेलवे स्टेशन पर खत्म होगी।

## यूपी में गुंडों को उल्टा लटका देते हैं और नीचे से मिर्च का छौंक : योगी

**जम्मू ,10 अप्रैल.** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर के कठुवा पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ विरोधियों पर जमकर बरसे. इस दौरान उन्होंने यूपी की कानून-व्यवस्था का हवाला देते हुए कहा कि आज अगर कोई उत्तर प्रदेश में गुंडागर्दी करता है, तो हम उसे उल्टा लटका देते हैं. अगर कोई नहीं समझता है तो उसे नीचे से मिर्ची का छौंक लगा देते हैं. सीएम योगी ने कहा कि पिछले 7 साल में यूपी में एक भी दंगा नहीं हुआ. हमें अब कर्फ्यू लगाने की जरूरत नहीं है. कांवड़ यात्रा अब शांतिपूर्वक होती है. धार्मिक स्थलों पर माइक का प्रयोग नहीं किया जाता है. मैं आप सभी जम्मू-कश्मीर वासियों से अनुरोध करता हूं कि रामलला के दर्शनों के लिए अयोध्या आएं. कठुवा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मैं योद्धाओं की इस भूमि को नमन करता हूं. माता त्रिपुर सुंदरी, माता सुकराला और मां वैष्णो देवी को नमन करता हूं. और नवरात्रि के शुभ अवसर पर जम्मू-कश्मीर के लोगों को शुभकामनाएं देता हूं. सीएम योगी महान डोगरा योद्धा जनरल जोरावर सिंह को याद करते हुए उन्हें भी नमन किया. साथ ही कहा कि मैं जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद की जड़ धारा 370 को हटाने के लिए पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त करता हूं. यूपी के सीएम ने मोदी सरकार की तारीफ करते हुए यह भी कहा कि भारत में 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है. पाकिस्तान को देखो, वह भीख का कटोरा लेकर दुनिया भर में घूम रहा है.

## 10 मंदिरों में तोड़फोड़ की जांच शुरू

**बिलासपुर,10 अप्रैल.** सीपत थाना क्षेत्र के सेलर गांव में 10 मंदिरों के शिवलिंग को बदमाशों ने खंडित कर दिया है। इस घटना के बाद ग्रामीण और हिन्दू संगठनों में आक्रोश है। मामले को लेकर पूर्व सरपंच ने सीपत थाने में शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों ने आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। मामला ग्राम सेलर का है यहां अज्ञात बदमाशों ने कई छोटे बड़े शिव मंदिरों में तोड़फोड़ की है। घटना की जानकारी मिलने के बाद गांव पहुंचकर ग्रामीण और हिन्दू संगठनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर जमकर विरोध जताया। सरपंच धनंजय सिंह ठाकुर ने बताया कि मंदिरों में मौजूद शिविलिंग को खंडित की गई हैं। पूर्व सरपंच सुरेश भार्गव की रिपोर्ट पर सीपत पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, पुलिस ने ग्रामीणों को समझाने के बाद मामला शांत कराया। इस घटना के एक दिन पहले भी गांव के पूर्व सरपंच सुरेश भार्गव के घर मे निर्मित शिव मंदिर और आवास मोहल्ले के एक मंदिर में शिवलिंग को भी बदमाशों ने खंडित किया था। घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। सूचना मिलते ही



जनपद उपाध्यक्ष विक्रम सिंह, विश्व हिंदू परिषद के रविकांत राजवाड़े, भाजयुमो अध्यक्ष तुषार चंद्राकर,कुलदीप यादव, वैभव विशाल तम्बोली, शिवम यादव सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचे और घटना पर विरोध जताया। मामले के संदर्भ में एडिशनल एसपी ग्रामीण अर्चना झा ने बताया कि ग्राम सेलर के अलग-अलग शिव मंदिरों के शिवलिंग को बदमाशों ने खंडित किया है। मामले में आरोपियों की तलाश की जा रही है। मामला दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी होगी।

## चंद्रहासिनी मंदिर के बाहर पार्किंग का मामला सुलझा

**चंद्रपुर,10 अप्रैल.** जिले के मां चंद्रहासिनी देवी की नगरी चंद्रपुर के मंदिर परिसर के बाहर जिला पुलिस प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा बनाई गई दर्शन हेतु बेहतर व्यवस्था में स्थानीय पूजा सामग्री के दुकानदारों द्वारा छोटे-बड़े वाहनों की पार्किंग परिसर के बाहर बनाए जाने के विरोध में 10 अप्रैल की सुबह अपनी दुकाने बंद कर विरोध जताया गया, जिस पर शक्ति कलेक्टर आईएएस अमृत विकास टोपनो एवं शक्ति जिले की पुलिस अधीक्षक आईपीएस अंकिता शर्मा के दिशा निर्देशानुसार डभरा तहसीलदार




अभिजीत राजभानु एवं चंद्रपुर थाना टीआई नंदलाल राठिया ने 10 अप्रैल को ही सभी दुकानदारों के साथ मंदिर परिसर के बाहर एक बैठक आयोजित कर उन्हें प्रशासन की व्यवस्था की विस्तार पूर्वक जानकारी दी. तथा पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि आज चंद्रपुर का मंदिर पूरे प्रदेश में धार्मिक आस्था का बड़ा केंद्र है, तथा नवरात्रि पर्व पर यहां छत्तीसगढ़ सहित उड़ीसा एवं अन्य राज्यों से भी देवी भक्ति श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं तथा प्रशासन की मंशा यही है कि यहां आने वाले देवी भक्तों को जहां बेहतर ढंग से दर्शन हो सके तो वही नवरात्रि पर्व पर भीड़ भाड़ के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना ना घटित हो, तथा शांति भंग ना हो, इस दिशा में प्रशासन ने व्यवस्था बनाई है तथा दुकानदारों की भी तकलीफों को समझते हुए प्रशासन ने कहा कि नवरात्रि पर्व पर सप्तमी, अष्टमी एवं नवमी के दिन छोटे-बड़े सभी वाहनों की पार्किंग मंदिर परिसर के बाहर मुख्य मार्ग या अन्य निर्धारित स्थलों पर ही की जाएगी तथा शेष दिवस बिना किसी यातायात की बाधा के पूर्व की व्यवस्था की बहाल रहेगी, जिस पर दुकानदारों ने अपनी सहमति प्रदान की तथा अपनी दुकान खोलने के लिए तैयार हुए एवं पूजा सामग्री के दुकानदारों ने भी प्रशासन द्वारा की गई इस पहल पर आभार व्यक्त किया साथ ही पुलिस प्रशासन को भी आश्वस्त किया है कि वे नवरात्रि पर्व पर यातायात एवं आवागमन संबंधी किसी भी प्रकार की तकलीफें आने नहीं देंगे एवं वे पूर्ण रूप से प्रशासन का सहयोग करेंगे.

## बाबा रामदेव व बालकृष्ण की माफी खारिज

### अवमानना की कार्रवाई के लिए तैयार रहें: सुको

**नई दिल्ली,10 अप्रैल.** कोरोना की दवा कोरोनिल को लेकर पतंजलि आयुर्वेद की ओर से भ्रामक विज्ञापन दिए जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को फिर से सख्त रुख दिखाया। अदालत ने इस मामले में बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण की माफी को खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम अंधे नहीं हैं, पूरी चीज को देख और समझ रहे हैं। अदालत ने बाबा रामदेव और पतंजलि की ओर से माफी मांगने वाले दूसरे एफिडिवेट को खारिज कर दिया और कहा कि आपको अवमानना की कार्रवाई के लिए तैयार रहना चाहिए। अदालत ने कहा कि हम आपकी बात से सहमत नहीं है। हम इस माफी को खारिज करते हैं। इस पर सीनियर अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने बाबा रामदेव और पतंजलि का पक्ष रखते हुए कहा कि हमें 10 दिन का वक्त दीजिए और फिर अगली सुनवाई में बात करते हैं। दरअसल योग गुरु रामदेव ने पहले ही इस मामले में माफी मांग ली थी और अदालत में कहा था कि इन विज्ञापनों पर रोक लगाएंगे। इसके बाद भी ये विज्ञापन जारी रहे, जिस पर अदालत ने सख्त रुख



अपना लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि माफी कागज पर है। आपने उसके बाद भी चीजें जारी रखीं। अब हम आपकी माफी को खारिज करते हैं और इसके बाद के ऐक्शन के लिए तैयार रहिए।

यही नहीं बेंच में शामिल जस्टिस अमानुल्लाह ने कहा कि हम अंधे नहीं हैं। इस पर पतंजलि का बचाव करते हुए वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि लोगों से गलती हो जाती है। इस दलील के जवाब में बेंच ने कहा कि गलती करते हैं तो फिर लोग उसका खामियाजा भी भुगतते हैं। इस मामले में हम इतनी उदारता नहीं दिखाएंगे। वहीं अदालती कार्रवाई शुरू होते ही बाबा रामदेव का बयान मुकुल रोहतगी ने पढ़ा और कहा कि वह बिना किसी शर्त के माफी मांगते हैं। जस्टिस कोहली ने केंद्र सरकार पर भी सख्ती दिखाते हुए कहा कि आपने जानबूझकर इस मामले पर पर्दा डाला और अवमानना करने वालों के साथ दिखे। कोर्ट ने कहा कि आपके अधिकारियों ने इस मामले में कुछ नहीं किया। बता दें कि केंद्र सरकार ने भी आज इस मामले में एफिडेविट दाखिल किया है। सरकार ने कहा कि हमने इन भ्रामक विज्ञापनों को लेकर पहले ही पतंजलि आयुर्वेद को चेताया था और कहा था कि जब तक आयुष मिनिस्ट्री की ओर से कोरोनिल की जांच जारी है, तब तक आगे न बढ़ें। यही नहीं सरकार ने कहा कि हमने राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा था कि वह इस मामले में ऐक्शन लें।

## एक नजर

### मारपीट की वीडियो वायरल,जुर्म दर्ज

**भिलाई, 10 अप्रैल।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र मारपीट करने का वीडियों सोशल मीडिया में वायरल हुआ था घटना में कांग्रेसी नेता और उसका बेटा समेत अन्य शामिल थे।मामले में पुलिस ने शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 347, 365, 506, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है पुलिस ने करीब तीन माह बाद बेटे को गिरफ्तार किया है पुलिस ने बताया कि घटना दिसंबर 3 की है। हाउसिंग बोर्ड निवासी केवल 2023 देवांगन की शिकायत पर जुर्म दर्ज कर आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी रही। घटना में कांग्रेसी नेता विक्की शर्मा, बेटा जय शर्मा समेत अन्य ने कम्प्युटर ऑपरेटर की नौकरी लगाने के नाम पर पटना (बिहार) लेकर गए जहां 30 हजार रुपए प्रति व्यक्ति माह और खाना-पीना रहना अलग से मिलने का झांसा दिया वहां पीड़ित पहुंचने पर पता चला कि ऑनलाइन महादेव सट्टा ऐप में में काम कराया जा रहा है। । इसका काम करने से मना कर दिया। जहां से मौका मिलने पर पीड़ित भागकर भिलाई पहुंचा। युवक को विक्की शर्मा, जय शर्मा और बलवीर सिंह ने बंधक बनाकर जमकर पिटाई किया था घटना की शिकायत के बाद सभी आरपी मौके से फरार हो गए पुलिस ने जय शर्मा को ही पकड़ पाई है आरोपी जय शर्मा ने पुलिस पूछताछ में बताया कि पुलिस के डर से फरार था। घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया है बलवीर तक नहीं पहुंच पाई पुलिस युवक का अपहरण कर उसे बंधक बनाकर जोरदार पिटाई करने के मामले में बलवीर सिंह भी पिटाई करते दिख रहा है। बलवीर पर आरोप है कि महादेव ऐप में इसका बड़ा रोल है। इसी के इशारे में कई पैनल लोगों को मिला करता है। लेकिन युवक की पिटाई मामले में पुलिस बलवीर तक नहीं पहुंच पाई है जबकि उसे मिलाई-दुर्ग में कई बार देखा भी गया है मगर अभी तक बलवीर पुलिस पकड़ से बाहर है बताया तो यह भी जा रहा है कि बलवीर के कई पुलिस वालों से सांठगांठ है इस कारण अक्सर बचा रहता है।

### बीएसपीअफसर से पिता-पुत्र ने की धोखाधड़ी

**भिलाई, 10 अप्रैल।** भिलाई नेवई थाना अंतर्गत एक बीएसपी के अफसर से को पिता-पुत्र ने धोखाधड़ी की है। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 406,420 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है। नेवई पुलिस ने बताया कि प्रगति नगर रिसाली निवासी प्रशांत जैन बीएसपी अधिकारी हैं। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि श्रेयास जैन और उसके पिता संजय कुमार जैन से उनके अच्छे संबंध थे श्रेयास जैन ने अपने वाहन को विक्रय करने का सौदा प्रार्थी से 7 लाख रुपए में किया था। प्रार्थी ने 3 लाख 50 हजार रुपए चेक के माध्यम से और डेढ़ लाख रुपए नगद कुल 50 हजार रुपए अनावेदक को ब्याना स्वरुप देकर इकरारनामा तैयार किया। शेष रकम 2 नवंबर 2022 को देकर वाहन देने की बात हुई थी, लेकिन प्रार्थी को पता चला कि वाहन किसी अन्य के पास बंधक था और बैंक फायनेंस में होने की जानकारी मिली। इसके बाद प्रार्थी ने अपनी रकम मांगी तो टालमटोल करता रहा बाद में प्रार्थी ने थाने में शिकायत दर्ज करा दी ।

### कंपनी के पूर्व अफसरों पर धोखाधड़ी का अपराध दर्ज

**भिलाई, 10 अप्रैल।** भिलाई एक प्रतिष्ठित कंपनी ने अपने पूर्व अधिकारी और कंपनी के डायरेक्टर के खिलाफ सुपेला थाने में धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कराया है। पुलिस ने दोनों आरोपी थाने नहीं पहुंचे तो धारा 420,34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया। सुपेला पुलिस ने बताया कि कंपनी की ओर पद्माभपुर निवासी सत्यव्रत ठाकुर ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि वर्ष 2017 में उसकी कंपनी को कोकोवन डोर का स्पेयर निर्यात करने का स्पेन की कंपनी से ऑर्डर मिला था। उसके परिवहन के लिए मुंबई स्थित मेसर्स इंडिट्रांस शिपिंग कंपनी के डायरेक्टर राजीव सुशील गुप्ता के साथ अनुबंध किया अनुबंध के शर्तों के अनुसार शिपिंग कंपनी को 15 प्रति किलो की दर से सामाग्री का परिवहन का रेट तय किया गया इसके अलावा सामान को 67 दिनों में पहुंचाना था, लेकिन शिपिंग कंपनी के डायरेक्टर डायरेक्टर राजीव सुशील गुप्ता ने आर्डर पहुंचाने में 75 दिन लगा दिए इसकी वजह से स्पेन की कंपनी ने ऑर्डर कैंसिल कर दिया इसके अलावा शिपिंग कंपनी ने डायरेक्टर सिंपलेक्स के देबर्धया मुखर्जी के साथ सांठ-गांठ कर 17 व 19 प्रति किलो की दर से फर्जी बिल तैयार कर भुगतान पा लिया। कंपनी के पूर्व चीफ कमर्शियल हेड ने एक ही इनवाइस पर दो बार इस्तेमाल करके 5 लाख रुपए निकाले थे।

### अवैध प्लाटिंग पर भिलाई निगम ने की कार्रवाई



भिलाई, 10 अप्रैल। ग्राम कुरूद में चन्दुलाल चंद्राकर मेमोरियल मेडिकल कॉलेज रोड़ में तीन खसरे के 7 एकड़ भूमि पर किये जा रहे अवैध प्लाटिंग पर निगम प्रशासन की टीम ने कार्यवाही कर मार्ग संरचना को ध्वस्त कर भूमि को मूल स्वरूप प्रदान किया। भिलाई निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर जोन-2 के राजस्व अमला तथा भवन शाखा की संयुक्त टीम ने कार्यवाही करते हुए ग्राम कुरूद के मेडिकल कॉलेज के पास 7 एकड़ भूमि पर अवैध प्लाटिंग के लिए बनाये गये मार्ग संरचना को जे.सी.बी. से खोद कर ध्वस्त किया गया, वही गढ़ाए गये पोल को उखाड़ा गया। निगम को शिकायत प्राप्त हुआ था कि मेडिकल कॉलेज के पास ग्राम कुरूद के खसरा नं. 172/1 एवं 2 के 1 एकड़ तथा खसरा नं. 47/1 के 6 एकड़ लगानी भूमि में बिना अनुमति के प्लाटिंग किया जा रहा है। सूचना पर आयुक्त ने भवन शाखा तथा जोन-2 को कार्यवाही के निर्देश दिये थे। संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और वहां मुरूम डालकर बनाये गये मार्ग संरचना तथा लगाये गये पोल को जे.सी.बी. से उखाड़ कर मुरूम सड़क को ध्वस्त किया गया। कार्यवाही में जोन आयुक्त येशा लहरे, सहायक राजस्व अधिकारी जे.पी.तिवारी, भवन शाखा के उपअभियंता शहबाज अहमद, तोड़ फोड़ दस्ता के अधिकारी कर्मचारी शामिल थे। लोकसभा चुनाव के प्रभावशील आदर्श आचार संहिता के आड़ में कुछ लोग अवैध प्लाटिंग तथा अवैध कब्जे की कोशिश में लगे हुए है।

# बीएसपी फायर ब्रिगेड आने के बाद रायपुर में लगी भीषण आग को किया जा सका नियंत्रित




**भिलाई, 10 अप्रैल।** राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के उप-विभाजन कार्यालय के ट्रांसफार्मर भंडारण यार्ड में लगी भीषण आग पर बहुत प्रयासों के बावजूद जब नियंत्रण नहीं किया जा सका तब राज्य सरकार के अधिकारियों ने बीएसपी से सम्पर्क किया। इस भीषण आग दुर्घटना को नियंत्रित करने हेतु संयंत्र के अग्निशमन विभाग ने सम्पर्क करते ही अपनी योजना बना ली थी। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता के निर्देशानुसार सेंट्रल फायर स्टेशन से एक संयुक्त फायर टेंडर सी जी 07 सी जे 3745 को चालक दल के सदस्यों के साथ रवाना किया गया। चूंकि आग गंभीर थी और तेजी से आस-पास के इलाकों में फैल रही थी, इसलिए आगे की सहायता के लिए एक अन्य वाटर बाउजर सी जी 07 एम बी 5877 को अग्नि स्थल पर भेजा गया। आपातकालीन स्थितियाँ किसी भी क्षण हो सकती हैं, और इन्ही स्थितियों में भिलाई इस्पात संयंत्र का अग्निशमन विभाग, संयंत्र के कर्मचारियों, भिलाई वासियों के साथ साथ जरूरत पड़ने पर राज्य व देश के विभिन्न हिस्सों में सुरक्षा का कवच है। उप मुख्य अग्निशमन अधिकारी एस बी धवस एवं अग्निशमन अधिकारी योगेश कुमार शर्मा को अग्निशमन अभियान की कमान और निगरानी के लिए राज्य सरकार के अधिकारियों के अनुरोध पर, अग्नि स्थल पर नियुक्त किया गया था। इस भीषण अग्नि दुर्घटना को नियंत्रित करने में भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रमुख भूमिका निभाई है। जिसमें उप मुख्य अग्निशमन अधिकारी संजय भास्कर धवस, अग्निशमन अधिकारी योगेश कुमार शर्मा, अग्निशमन अधिकारी करूणेश कुमार देवहारे, लीडिंग फायर मैन मानधाता गोयल, लीडिंग फायर मैन गुलशन कोठारी, लीडिंग फायर मैन अरुण कुमार ध्रुवे, फायर इंजन ड्राइवर चिनप्पा, फायर इंजन ड्राइवर असीम कुमार बोरकर, फायर मैन सह फायर इंजन ड्राइवर तलविंदर सिंह, फायरमैन सह फायर इंजन ड्राइवर दिनेश प्रसाद गुप्ता, फायर मैन सह फायर इंजन ड्राइवर लेखराज मीना, फायरमैन सह फायर इंजन ड्राइवर नितिन कुमार ठाकुर, फायर मैन सह फायर इंजन ड्राईवर चंदन कंवर शामिल हैं।



## धनोरा दरबार में जली आस्था की ज्योति

**उतई, 10 अप्रैल।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में जगमगा उठी 166 ज्योति चैत्र नवरात्रि पर्व मे भक्तों द्वारा मनोकामन ज्योति प्रज्वलित किया गया है दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी पंडित विनय शर्मा के द्वारा विधी विधान के साथ पुजा पाठ करके फिर ज्योति कलश स्थापना करके दीप प्रज्वलित किया गया हर साल इस दरबार में दुर दुर से एवं हर जिले के भक्तों द्वारा मनोकामना पूर्ति हेतु ज्योति प्रज्वलित किया गया है एवं हर रोज रात्रि 7 बजे से 10 तक माता सेवा गुलाब साहू एवं हेमंत तेली के मंडली द्वारा हर रोज पुरे नौ दिन तक दरबार में भक्तों का सुबह से शाम तक रेलम रेला लगा रहेगा इस बार दरबार में अमेरिकी विदेश नागपुर महाराष्ट्र बैंगलोर उतर प्रदेश राजनांदगांव बालोद बेमेतरा रायपुर धमतरी दुर्ग के भक्तों द्वारा बड़ी संख्या में मनोकामनाएं पूर्ण हेतू ज्योति जलाया गया है इस ज्योति प्रज्वलित पुजा पाठ में दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी राजू यादव गुलाब साहू मनोज पटेल योगेश साहू मनसुखा साहू गज्जू रायपुरिया बबलू साहू चीन्टू साहू भोलू साहू रुपलाल टेलर विनोद साहू गोलू साहू पंडित विनय शर्मा श्रीमती बबीता साहू ललीता यादव देवश्री सुनीता साहू कौशिल्या सेन लक्ष्मी साहू कु पुजा साहू कु वेदू साहू कु सुरुचि छोटी कु नेहा साहू हितेश पटेल हेमंत साहू वार्ड पंच आदि उपस्थित रहे यह जानकारी दरबार प्रति निधि चंद्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू जी ने दी ।

# महिला कांग्रेस की बैठक में कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू हुए शामिल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 10 अप्रैल। महिला कांग्रेस की भिलाई जिलाध्यक्ष सुभद्रा सिंह के नेतृत्व में मंगलवार 9 अप्रैल को बैठक आयोजित की गई। जिसमें कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी राजेन्द्र साहू उपस्थित थे। इस दौरान वर्तमान में दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस की क्या स्थिति है और चुनाव जीतने के लिए कैसे पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को कार्य करना है इस संबंध में विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस दौरान राजेन्द्र साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे दुर्ग जिले के सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी केवल लोकसभा में भाजपा की संख्या बढ़ाने के लिए गये थे। भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व कर्मचारी भी है लेकिन बीएसपी कर्मियों का लगातार प्रबंधन द्वारा शोषण हो रहा है। महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सुभद्रा सिंह ने कहा कि भाजपा केवल राम मंदिर, धर्म और जातिवाद की राजनीति करती है। इसके अलावा उनके पास कोई मुद्दा नहीं है क्योंकि भाजपा जानती है कि हमने पिछले दस सालों में कोई काम नहीं किया, कोई वादा पूरा नहीं किया।

# जिले के 97 हजार से अधिक ग्रामीणों ने एक साथ ली मतदान करने की शपथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




कवर्धा, 10 अप्रैल। जिले में चल रहे रोजगार मूलक कार्य स्थल में 97996 ग्रामीणों ने एक साथ मतदान करने की शपथ ली। नया तालाब निर्माण, तालाब गहरीकरण, मिट्टी सड़क निर्माण कार्य, डाबरी निर्माण जैसे अनेक कार्य मे नियोजित ग्रामीणों ने अपने रोजगार के साथ पूरे जिले को मतदान करने का संदेश दिया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने बताया कि वर्तमान में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए संसदीय क्षेत्र राजनांदगांव के लिए 26 अप्रैल को ज़िले में मतदान होना है। इसी परिप्रेक्ष्य में गत दिवस जिले में चल रहे नरेगा के कार्यस्थल से मतदान का संकल्प लिया गया। उल्लेखनीय है की रोजगार मूलक 1412 कार्य प्रगीत पर है। इन कार्यों में 97996 ग्रामीणों को रोजगार मिल रहा है। कार्य मे लगे सभी पुरूष एवं महिलाओं ने एक साथ मिलकर उत्साह पूर्वक शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया है। कलेक्टर ने बताया कि स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिससे मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जा सके और लोगो को उनके मताधिकार का महत्व बताया जा सके। स्वीप के जिला नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया रोजगार देने के मामले में कबीरधाम ज़िला प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। इस कार्यक्रम में मतदाता शपथ के साथ ग्रामीणों को बताया गया की मतदान स्थल में उपलब्ध सुविधाएं, दिव्यांगों के लिए सुविधाएं जैसे अनेक पहलुओं पर ज्ञानवर्धक किया गया। साथ मे बताया गया की मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। मतदाता अपना मतदाता परिचय पत्र,आधार कार्ड, महात्मा गांधी नरेगा योजना का जॉब कार्ड, राशन कार्ड,पैन कार्ड जैसे अन्य पहचान पत्रों का इस्तेमाल कर मतदान केंद्र में मतदान कर सकता है।

वनांचल एव पहाडी क्षेत्रों से लेकर मैदानी ग्राम पंचायतों तक एक साथ 97669 ग्रामीणों को मतदान से जुड़े मुख्य बिंदुओं को बताया गया और साथ मे सपथ लेकर मतदाता जागरूकता का संदेश पूरे ज़िले को देना अभिनव पहल है।

# चांद के दीदार को तरसी आंखें, ईदुलफित्र 11 को



**भिलाई, 10 अप्रैल।** माहे रमजान की विदाई के पल में मंगलवार की शाम लोगों की नजरें आसमान पर टिकी रही। 29 रमजान पर कहीं से भी चांद देखे जाने की खबर नहीं आई। ऐसे में अब 30 रोजे पूरे कर 11 अप्रैल को ईदुल फित्र मनाई जाएगी। शहर व आसपास की तमाम मस्जिदों-ईदगाहों में ईदुलफित्र की विशेष नमाज की तैयारियां की जा रही है। नमाज के लिए अलग-अलग वक्त मुकर्रर कर दिया गया है। जिससे नमाजी वक्त पर नमाज में शामिल हो सके। मंगलवार की शाम इफ्तार से पहले और बाद में भी मस्जिदों और घरों में लोग आसमान की ओर टकटकी लगाकर देखते रहे। हालांकि भिलाई में आसमान में बदली होने की वजह से भी लोगों को मायूस होना पड़ा। दुर्ग-भिलाई में कहीं भी चांद दिखाई नहीं दिया। आसपास के इलाकों से भी चांद की तस्दीक नहीं हुई है। अब 11 अप्रैल को ईदुलफित्र होने की वजह से बाजार में भी अच्छी खासी रौनक देखने को मिली। सुपेला, पावर हाउस और टाउनशिप के मार्केट में लोग रात तक खरीदारी करते रहे।

### नमाज का वक्त मुकर्रर

नमाजे ईदुल फित्र के लिए 11 अप्रैल की सुबह का वक्त तमाम मस्जिदों और ईदगाहों में तय कर दिया गया है। इसमें ईदगाह सेक्टर-6 में 8-30 बजे, शेर ए खुदा ईदगाह कैलाश नगर हाउसिंग बोर्ड में 8-15 बजे,गौसिया मस्जिद कैम्प-1 मे 8 बजे,रजा जामा मस्जिद कैम्प-2 में 9 बजे, ईदगाह मैदान बाबा फरीद नगर में 7-30 बजे, भिलाई-तीन ईदगाह में 08-30 बजे, ईदगाह रिसाली में 08-00 बजे, अशरफी मस्जिद जोन 3 में 08-30 बजे, रूआबांधा मस्जिद में 08-30, हनफी मस्जिद कोहका में 08-00 बजे, मरकजी मस्जिद पावरहाउस कैम्प-2 में 8.45 बजे, जामा मस्जिद हुडको भिलाई में सुबह 7.30, मरकज मस्जिद नूर सुपेला में 8.15, एकता नगर भिलाई-3 में 8.45 बजे, फरीद नगर मदनी मस्जिद में 8 बजे, पेट्रोल पम्प के पास भिलाई 3 मस्जिद में 9.20 बजे और मस्जिद अक्सा चरोदा में 9.15 बजे ईदुल फित्र की नमाज पढ़ाई जाएगी।

# महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस ने किया नगपुरा पार्श्व तीर्थ का भ्रमण



**भिलाई, 10 अप्रैल।** महाराष्ट्र के महामहिम राज्यपाल श्री रमेश बैस आज दुर्ग जिले के नगपुरा स्थित श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ पहुंचे। उन्होंने यहां पर सहपरिवार भगवान श्री पार्श्वनाथ का पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया और मंदिर भ्रमण किया। यहां पर मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने राज्यपाल बैस को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किये। राज्यपाल बैस मंदिर ट्रस्ट द्वारा संचालित गौशाला का भी भ्रमण किया। इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष गजराज पगारिया और अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

ज्ञात हो कि प्राकृतिक दृश्यों के मध्य शिवनाथ नदी के किनारे स्थित 23 वें तीर्थंकर भगवान श्री पार्श्वनाथ का यह मंदिर लगभग 3000 साल पहले उनके श्रमण काल में इस क्षेत्र में श्रमैन (त्याग के माध्यम से आत्म-प्राप्ति के लिए समर्पित एक भम्रणशील भिक्षुक) के रूप में उनकी पवित्र यात्रा का स्मृति दिलाता है। बिखरे हुए जैन मूर्तिकला के अवशेष, भक्तों की बड़ी संख्या और भगवान के चरण चिन्हों के साथ प्राचीन मंदिर ऐतिहासिक रूप से इस क्षेत्र के लिए भगवान की यात्रा को साबित करते हैं। इस प्राचीन मूर्ति के मिलने से लेकर पुनः स्थापित होने तक चमत्कारी तरीका भी स्पष्ट रूप से, उनकी दिव्य कृपा साबित करता है। यह मंदिर पत्थरों पर उत्कीर्ण जैन-भक्ति दर्शन का एक महाकाव्य है। इस तीर्थ स्थान की यात्रा, यात्रियों को उदार आचरण, आत्म-अनुशासन, तपस्या और समानता को प्रेरित करती है। यह 1995 में नागपुरा में स्थापित एक जैन मंदिर है। परिसर में मंदिर, गेस्ट हाउस, एक बगीचा और प्राकृतिक चिकित्सा व योग केंद्र स्थित हैं। संगमरमर से बने भगवान श्री पार्श्वनाथ के इस मंदिर का प्रवेश द्वार 30 फीट गेट के माध्यम से है, जिसमें चार स्तंभों (जो आध्यात्मिक जीवन के चार आवश्यक तत्वों यथा ज्ञान, आत्मनिरीक्षण, अच्छा आचरण, तपस्या का प्रतिनिधित्व करती है) पर स्थित भगवान श्री पार्श्वनाथ की मूर्ति है, जिसकी दो हाथियों द्वारा पूजा की जा रही है। मूर्ति से पवित्र जल, अमीया, रसता है। सैकड़ों तीर्थयात्री इस मंदिर को पूर्णिमा के दिन दर्शन करने आते हैं।



### नवरात्रि के प्रथम दिवस दुर्गा मंदिर में ज्योत प्रज्वलित

**जामुल।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा एवं हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में नवरात्रि के प्रथम दिवस में दुर्गा मंदिर जामुल में दीप प्रज्वलित किया गया। जिसमें रेखराम बंछोर (जिला उपाध्यक्ष एवं पार्षद), श्रीमती कामिन साहू( पूर्व उपाध्यक्ष, न.पा.प. जामुल), मेघनाथ साहू (मंदिर व्यवस्थापक एवं पूर्व पार्षद), जगदीश देवांगन, पं.संजय शर्मा, गंगाधर देशमुख (मंदिर पंडा), डी.आर.ठाकुर, ओ.पुरुषोत्तम, गिरधारी लाल साहू, तुलसी राम साहू, जीवन लाल साहू, खेमिन साहू, मनीष साहू( पुजारी), अमृतेश पाण्डेय( पुजारी), गोपाल साहू, गजेंद्र (पिंटू) साहू, मधु (रानी) साहू, रिषभ साहू, प्रभात यादव, राजकुमारी साहू, मधु पाण्डेय, सेवती बाई साहू एवं अन्य भक्तजन उपस्थित थे। जो पूजा अर्चना कर अपने और अपने परिवार के सुख शांति के लिए प्रार्थना की।

## वैशाली नगर कॉलेज में तीन दिवसीय मतदाता जागरूकता शिविर का समापन

**भिलाई, 10 अप्रैल।** मतदाता जागरूकता एवं स्वच्छता अभियान के तीन दिवसीय कार्यक्रम 7, 8 एवं 9 अप्रैल को वैशाली नगर में संपन्न हुआ। मंगलवार 9 अप्रैल को समापन कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की कुलपति डॉक्टर अरुणा पलटा उपस्थित हुई। उन्होंने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को मतदान जागरूकता संबंधी संदेश प्रदान किया और कहा कि मोबाइल में हेलो वोटर्स ऐप उन्होंने खुद भी डाउनलोड किया है और सभी को यह ऐप डाउनलोड कर मतदान से संबंधित जानकारी एकत्रित कर स्वयं को तथा आसपास के क्षेत्र को जागरूक करने हेतु प्रोत्साहित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ आर पी अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर देश की सरकार का चुनाव करने में अपना योगदान दिया है प्रत्येक व्यक्ति को मतदान करने हेतु प्रोत्साहित किया है, और इसी तरह से राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक राष्ट्र के निर्माण करने में अपनी अहम भूमिका निभाने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। वैशाली नगर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीमती अलका मेश्राम ने बताया कि इन तीन दिवस के अंदर महाविद्यालय में रंगोली, क्विज, निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई ।

# पुलिस ने भोपाल से छत्तीसगढ़ आकर चोरी करने वाले गिरोह का किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 10 अप्रैल।** भिलाई दुर्ग पुलिस ने एक ऐसे अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है जो चोरी की कार से भोपाल से छत्तीसगढ़ कार में आए और रायपुर के बाद दुर्ग-भिलाई में आधा दर्जन स्थानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। इन तीन चोरों ने दूसरे राज्यों में भी चोरी की है। करीब 13-14 वर्षों से लगातार चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपियों के खिलाफ महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और राजस्थान में 35 से ज्यादा चोरी के प्रकरण दर्ज हैं।चोर इतने शातिर थे कि चोरी के सोने- चांदी के जेवरात व नगद पैसों को कार की बोनट और सीट की कवर में छिपा दिये थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 लाख से ज्यादा की नकदी समेत चोरी किए सामान बरामद कर लिया है दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि आरोपी चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए कार से आते थे। आरोपी कार से करीब 600 किमी का सफर तय कर आए थे। रायपुर में चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद 6 मार्च की शाम भिलाई पहुंचे और सेक्टर-10, तालपुरी अपाटमेंट के अलावा प्रियदर्शनी परिसर और नेहरू नगर स्थित दो-दो घरों में धावा बोला था। प्रियदर्शनी परिसर में चोरी करते समय आरोपियों की कार सीसीटीवी में कैद हुई। इसके बाद पुलिस ने उस कार की खोजबीन शुरू की। इस बीच आरोपी पद्मनाभपुर में चेकिंग कर रहे थे। तभी उनका पीछा कर रही पुलिस के कॉलोनी में पहुंचने की भनक आरोपियों को लग गई। वहां से भागने लगे, जिसका पीछा पुलिस ने किया। आरोपियों ने क्राइम टीम के आरक्षक चित्रसेन साह को गाड़ी से कुचलने की कोशिश की। पुलिस ने आरोपियों को पीछा करते हुए अंततः गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से कड़ी पूछताछ करने के बाद कार की तलाशी ली। जब कार की पूरी सबसे बड़ी चोरी राजस्थान के भीलवाड़ा में कर चुका है गिरोह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक( क्राइम ) ऋचा मिश्रा ने बताया कि तीनों आरोपी अनूप सिंह (36 वर्ष) निवासी शहपुरा भोपाल, अमित सिंह (35 वर्ष ) निवासी भोपाल और राकेश कुशवाहा (34 वर्ष ) निवासी कोलार रोड भोपाल हाल ही में जेल से छूटे हैं तीनों आरोपियों ने अब तक की सबसे बड़ी चोरी राजस्थान में की थी, जहां के सीकर जिले में आरोपियों ने भीलवाड़ा जिले में 3 करोड़ रुपए से ज्यादा के सोने के जेवरात चुराए थे। हालांकि बाद में आरोपी पकड़े गए। करीब 8-9 महीने जेल से छूटे थे।तलाशी लेने के बाद कार के बोनट में सोने- चांदी के जेवरात व नगद और कार की शीट कवर में भी नगद पैसे बरामद किए है। पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त सामान भी जब्त किया है। वहीं आरोपियों की चोरी के लिए वाहन उपलब्ध कराने वाले चौथे साथी को भोपाल से गिरफ्तार के लिए टीम रवाना हो गई। आरोपी उन्हें अलग-अलग के हिसाब फर्जी नंबर प्लेट भी उपलब्ध कराता था ।

# देश की तकदीर और तस्वीर बदलने के लिए कार्यकर्ता जुट जाएं: अभिषेक सिंह

**राजनांदगाँव।** लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे की ऐतिहासिक जीत के लिए पूर्व सांसद अभिषेक सिंह राजनांदगांव के चुनाव प्रचार में बड़ी संजीदगी से जुट चुके हैं, विगत दिनों उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र का दौरा कर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की योजनाओं एवं उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाया। आज वह राजनांदगांव विधानसभा चुनाव प्रभारी की भूमिका में शक्ति केंद्रों की बैठकों में पहुंचे, और भाजपा कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए।



भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आज श्री सिंह ने दुर्गा चौक, रामाधीन मार्ग, कन्हारपुरी, आजाद वार्ड के शक्ति केंद्रों की बैठकों में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विगत विधानसभा चुनाव में आप जैसे देवतुल्य कार्यकर्ताओं के कारण ही भाजपा ने इतिहास बनाया था। अब यह लोकसभा चुनाव कई मायनों में विशेष होने जा रहा है, उन्होंने कहा कि विगत 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश की स्थिति को संवारा है। वर्ष 2014 के पहले विश्व पटल पर भारत की जो दयनीय स्थिति थी, वह स्थिति मोदी जी के कुशल नेतृत्व में तेजी से बदली है। अब लोग भारतीय होने पर गर्व करने लगे हैं। अर्थव्यवस्था की दृष्टि से मोदी जी ने ग्रामीण परिवेश को मजबूत करने वाली योजनाओं का क्रियान्वयन किया है, जिसके कारण आज भारत आत्मनिर्भरता की और बढ़ने लगा है, श्री सिंह ने कहा कि स्किल इंडिया एवं छोटे-छोटे व्यवसाईयों को मुद्रा लोन के माध्यम से रोजगार देकर, उन पर भरोसा कर मोदी जी ने भारत को अग्रणी देश की सूची में खड़ा कर दिया है और इस सबके पीछे भारतीय जनता पार्टी के आप जैसे सक्रिय कार्यकर्ता ही हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस बार का चुनाव भारत की तकदीर और तस्वीर को बदलने वाला है। आज दो विचारधाराओं की लड़ाई शुरू हो चुकी है, एक ऐसी विचारधारा जो अंत्योदय के सिद्धांत पर देश के अंतिम व्यक्ति के लाभ के लिए कार्य कर रही है, देश को समृद्ध बनाना चाहती है, वही दूसरी विचारधारा 28 विभिन्न दलों से मिलकर बने गठबंधन द्वारा भारत में जातिगत भेदभाव पैदा कर देश को तोड़ने का प्रयास हो रहा है। एक विचारधारा भगवान राम को अपना आराध्य मानती हैं तो वहीं दूसरी विचारधारा उसे काल्पनिक बताती हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई भी ठोस मुद्दा नहीं है इसलिए किसी भी प्रकार से मिथ्या बातें बोलकर मतदाताओं को भ्रमित करने का कार्य कर रहे हैं। श्री सिंह ने कहा कि भाजपा के पास मोदी की गारंटी है, जिस पर देश की जनता को भरोसा है, इसमें कार्यकर्ताओं की महती भूमिका है, आप सजग रहे और जन-जन तक मोदी जी की योजनाएं और भारतीय जनता पार्टी के सिद्धांतों को पहुंचाएं। बैठक में प्रमुख रूप से संगठनात्मक विषयों पर चर्चा हुई और बूथ जीतने की तैयारी पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता एवं लोकसभा चुनाव के सह समन्वयक खूबचंद पारख, योगेश बागड़ी एवं रवि सिन्हा ने भी अपने विचार व्यक्त किए इस दौरान मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी, हकीम खान, दामू भूतड़ा, विष्णु अग्रवाल, नादान सेन, प्रखर श्रीवास्तव, पिंटू वर्मा, शिव वर्मा, बलवंत साहू, मीना यादव, हरीश गांधी, अनिल फूटान, करुणा राजपूत एवं भावेश बैद विशेष रूप से उपस्थित थे।

## एक नजर

### दर्री में धूमधाम से मनेगी डा. अंबेडकर की जयंती, तैयारी जोरों पर



**डोंगरगांव 10 अप्रैल।** आगामी 14 अप्रैल को संविधान के रचयिता एवं महान समाज सुधारक डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती को अंचल में धूमधाम से मनाया जाएगा जिसके लिए ग्राम दर्री के समाज की युवाओं द्वारा बाबा साहब के बचपन से लेकर वृद्धावस्था तक की जीवनी को झांकी के माध्यम से दर्शाने के लिए भव्य चलित झांकी का निर्माण कराया जा रहा है ,प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अंबेडकर जयंती को लेकर दर्री, खुज्जी, बेंदरकट्टा, सहित अंचल के सभी सामाजिक जनों युवाओं में उत्साह का माहौल है समाज के कर्मठ युवा संदीप घोड़ेश्वार ने बताया कि इस वर्ष बाबा भीमराव की जयंती मनाने के लिए तैयारियां जोरों पर है उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल रविवार को संध्या 5ः00 बजे झांकी के साथ भव्य रैली निकाली जाएगी जो स्थानीय अंबेडकर भवन से ग्राम भ्रमण के साथ भव्य आतिशबाजी भी होगी तत्पश्चात भाषण संभाषण के पश्चात भंडारा का भी आयोजन किया गया है उन्होंने अंचल के सामाजिक जनों सहित अन्य वर्ग के लोगों को इस आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

### नवरात्रि मेला में चोर, पॉकेटमार, चाकूबाज एवं असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर

**राजनांदगांव 10 अप्रैल।** चैत्र नवरात्रि पर्व वर्ष- 2024 आज दिनांक- 09.04.2024 से प्रारंभ है नवरात्रि पर्व में माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में लाखों की संख्या में दर्शनार्थी दर्शन करने एवं मेला घुमने आते है। जिसको ध्यान में रखते हुये पुलिस विभाग द्वारा दर्शनार्थियों के सुरक्षा व्यवस्था/शांति व्यवस्था/कानुन व्यवस्था/यातायात, पार्किंग व मेला व्यवस्था हेतु अधिक से अधिक पुलिस बल तैनात कर चोर, पॉकेटमार, चाकुबाज एवं असमाजिक तत्वों पर पुलिस कड़ी निगरानी रखी है। इसी तारतम्य में आज दिनांक- 09.04.2024 को डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा मंदिर परिसर के सामने छिरपानी चैक के पास चाकु लेकर घुम रहे शिव चन्द्रवंश पिता रविन्द्र चन्द्रवंशी उम्र- 18 साल, निवासी रजा नगर डोंगरगढ़ को घेराबंदी कर चाकु के साथ रंगेहाथ पकड़कर आरोपी के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।



### डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने सुविधा केन्द्र स्थापित

**राजनांदगांव 10 अप्रैल।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने के लिए सुविधा केन्द्र स्थापित किए हैं। इसके लिए स्थान, तिथि एवं समय निर्धारित किया गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय से जारी आदेशानुसार मतदान कर्मी ठाकुर प्यारे लाल सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव, श्री गुरूनानक हायर सेकेण्डरी स्कूल राजनांदगांव, सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक शाला राजनांदगांव एवं महारानी लक्ष्मी बाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में 12, 13, 15 एवं 16 अप्रैल 2024 को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते है। इसी तरह 22,23 एवं 24 अप्रैल 2024 को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक जिला कार्यालय कलेक्टर परिसर राजनांदगांव कक्ष क्रमांक 51 में पुलिस, होमगार्ड एवं वन विभाग के सुरक्षा कर्मी, ड्राइवर, क्लीनर, एफएसटी, एसएसटी टीम एवं अन्य जिले में पदस्थ कर्मचारी तथा अनिवार्य सेवा मतदाता डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकते हैं।

### महिला सम्मेलन में मोदी को फिर से पीएम बनाने आशीर्वाद मांगा



**छुरिया 10 अप्रैल।** छुरिया ब्लॉक के ग्राम तेलीनबांधा में महतारी वंदन योजना का सम्मेलन आयोजन किया गया जिसमें भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव श्री मति रेखा मेश्राम प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष मालती ऊइके श्रीमती भेष बाई साहू शामिल हुई .महिलाओं को सबोधित करते हुए श्री मति किरण साहू ने कहा हमको नरेन्द्र मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है,इसके लिए आप सब का भरपूर आशीर्वाद भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे जी को मिलना चाहिए आप सब लोगों के आशीर्वाद से भाजपा छत्तीसगढ़ में सरकार बनने के बाद सारे वादें पूरे किए जा रहे है जनपद अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने सरकार की योजनाओं का विस्तार से जानकारी देते हुए बताया की महतरी वंदन योजना की सरकार द्वारा दूसरी किश्त जारी कर दी गई , सरकार अपने वादों सत्ता आने के साथ 100 दिन के अन्दर पूरा किया , विष्णु देव साय की सरकार में सभी काम साय साय हो रहा है प्रधानमंत्री आवास का काम चालू हो गया है गरीबों के आवास को छीनने वालों को इस बार जनता सबक सिखायेगी। इस इस अवसर में श्री मति दुलेशवरी चंद्रवंशी जनपद सदस्य श्रीमती संगीता यादव मनीष जैन पलानी नायडू धरमवीर चंद्र वंशी इठोबा चौहान नैनसिंग पटेल मंडल मंत्री किरण साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य सरपंच राजकुमारी चंद्रवंशी तेलीन बांधा ओमिन पटेल पूर्व सरपंच हलेकोसा पूर्व सरपंच उतरा निषाद चंपा बाई गीता पटेल, सोनू कसेर सहित भाजपा कार्यकर्ता महिला उपस्थित हुए।

# पदयात्रियों की सुविधा के लिये निगम पंडाल में आयुक्त ने तीन पालियों में लगायी ड्यूटी

■ नवरात्रि के प्रथम दिन किया पंडाल का निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 10 अप्रैल।** चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर मॉ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ जाने वाले दर्शनार्थियों/पद यात्रियों की सुविधा के लिये महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल के पास स्थित नगर निगम के पंडाल में निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने तीन पालियों में अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। उन्होंने आज प्रथम दिन पंडाल का निरीक्षण भी किया। निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि चैत्र नवरात्रि में मॉ बम्लेश्वरी मंदिर में दर्शन के लिये प्रदेश भर से भारी मात्रा में दर्शनार्थी डोंगरगढ़ जाते है, जिनमें अनेक दर्शनार्थी पद यात्रा करते है, उनकी सुविधा के लिये महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल के पास नगर निगम द्वार सेवा पंडाल लगाया गया है। सेवा पंडाल में पद यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिये दिनांक 9 अप्रैल से 17 अप्रैल 2024 तक नवरात्रि में तीन पालियों में अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गयी है। प्र.कार्यपालन अभियंता श्री कामना सिंह यादव मो.नं. 9425240491 को नोडल अधिकारी एवं उप अभियंता श्री दीपक कुमार महला मो.नं. 9691391911 को पंडाल प्रभारी बनाया गया है और प्रातः 6 से दोपहर 2 बजे तक प्र.सहायक अभियंता सुश्री पिंकी खाती को, दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक उप अभियंता श्री अनिमेष चंद्राकर को एवं रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक के लिये उप अभियंता श्री तिलक राज ध्रुव को दायित्व सौपा गया है। साथ ही तीनों पालियों में कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगायी गयी है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त सभी अधिकारी कर्मचारी अपने अपने पालियो में दायित्वों का निर्वाहन करेंगे। निगम आयुक्त श्री गुप्ता आज नवरात्रि के प्रथम दिन महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल के पास स्थित निगम पंडाल का अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पद यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका ड्यूटी प्रभारी अधिकारी ध्यान रखेंगे और तीनों पालियों में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित होकर सेवाए देंगे।



# आयुक्त ने प्रातः सफाई व जारी निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 10 अप्रैल।** नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता प्रातः निर्माण कार्य एवं सफाई व्यवस्था की सत्त मानिटरिंग कर रहे है, इसी कडी में आज तकनीकि एवं स्वास्थ्य अधिकारी के साथ वार्ड नं. 1,2 व 3 के बजरंगपुर, नवागांव बाबूटोला व मोतीपुर क्षेत्र में पैदल घूम निर्माणाधीन कार्य एवं सफाई व्यवस्था देख अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। नवागांव में सफाई में लापरवाही पर संबंधित ठेकेदार की 3 प्रतिशत राशि कटौती करने निर्देशित किये। आयुक्त श्री गुप्ता प्रातः नवागांव टेचिंग ग्राउण्ड का निरीक्षण कर कर्मचारियों की संख्या व उनके कार्यो के बारे में जानकारी लिये। उन्होंने कचरा प्रोसिसिंग में तेजी लाने सेन्टर प्रभारी से कहा तथा बंद प्रोसिसिंग कार्य ठेकेदार से जल्द चालू कराने कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके को निर्देशित किये। इसके अलावा बेलिंग मशीन, फटका मशीन को चालू कराने, विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने के भी निर्देश दिये। एफएसटीपी प्लांट का निरीक्षण कर श्री रामटेके से कहा कि टेचिंग ग्राउण्ड में कचरा निपटान टीम वर्क के साथ गंभीरता से करे, इस प्रकार से कार्य किया जाये कि आदर्श टेचिंग ग्राउण्ड में हमारी गिनती हो सके। उन्होंने बजरंगपुर, नवागांव बाबूटोला व मोतीपुर में साफ व्यवस्था का जायजा लेकर साफ सफाई में गुणात्मक सुधार लाने, नवरात्रि को देखते हुये पदयात्री मार्ग में समुचित साफ सफाई करने के निर्देश दिये। नवागांव में हाजरी रजिस्टर जॉच पर सुपरवाईजर द्वारा लापरवाही पायी गयी, उनके द्वारा सफाई कर्मियों की फोटो नहीं लगाने, निष्ठा हाजरी का अभाव पर नराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि पूर्व में भी इस संबंध में निर्देश दिया गया था, किन्तु इसका पालन अभी भी नहीं किया गया है, जिसपर उन्होने संबंधित ठेकेदार का 3 प्रतिशत राशि कटौती करने वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक श्री राजेश मिश्रा को निर्देशित किये। उन्होंने कहा कि सभी वार्डो में अनुपस्थित कर्मचारियों की लाल पेन अनुपस्थिति लगाये। सफाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये। आयुक्त श्री गुप्ता वार्ड नं. 1,2 व 3 में निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान बाबूटोला मे चल रहे नाली निर्माण कार्य, वार्ड नं. 2 में आम्बेडकर भवन के पास रोड निर्माण कार्य का निरीक्षण कर कार्य में तेजी लाने, नियमित रूप से तराई करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्यो की सतत मानिटरिंग करे तथा शेष निर्माण कार्य चुनाव के पश्चत चालू करावे। मोतीपुर में निर्माणाधीन खेल मैदान का निरीक्षण कर मैदान में पानी डाल कर रोलिंग कराने तथा शेष कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये।

# निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी लेना एक जिम्मेदारी वाला कार्य:कलेक्टर

**राजनांदगांव 10 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल की उपस्थिति में जिला पंचायत के सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के सुगम संचालन के लिए विधानसभावार निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी हेतु नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी लेना एक जिम्मेदारी वाला कार्य है जिसे सभी को सावधानीपूर्वक निर्वहन करना है। उन्होंने कहा कि सामग्री वितरण के समय यह महत्वपूर्ण होता है कि जिस मतदान केन्द्र में ड्यूटी लगी है उसके लिए उसी मतदान केन्द्र की सामग्री उसे दें। उन्होंने कहा कि सामग्री वितरण के संबंध में मतदान अधिकारी के ड्यूटी आदेश को देखकर उसे उसी मतदान केन्द्र के संबंध में निर्वाचन सामग्री प्रदान करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि निर्वाचन सामग्री वापसी के दौरान ईव्हीएम मशीन के साथ विशेष पहचान वाले महत्वपूर्ण दस्तावेजों को सावधानीपूर्वक वापस लेना होगा। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा विधानसभावार निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी हेतु नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बताया गया कि 25 अप्रैल को मतदान सामग्री का वितरण किया जाएगा। मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी के लिए विधानसभावार व्यवस्था की गई है। जिसमें सेक्टर के आधार पर काउंटर बनाया जाएगा। विधानसभावार एक-एक पूछताछ केन्द्र बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिस काउंटर से सामग्री वितरण किया जाएगा उसी काउंटर में सामग्री वापस ली जाएगी।

# पुलिस ने दो किलो गांजा सहित दो युवकों को किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 10 अप्रैल।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एवं लागू आदर्श आचार संहिता के दौरान जिले मे अनैतिक गतिविधियों की रोकथाम एवं अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगाव के निर्देशानुसार जिला राजनांदगाव पुलिस के द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है उसी क्रम मे श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा , अनुविभागीय पुलिस अधिकारी डोंगरगाव श्री दिलीप सिसोदिया के मार्गदर्शन में थाना घुमका क्षेत्र मे अवैध गांजा बिक्री एवं परिवहन पर थाना घुमका से लगातार नजर रखी जा रही थी घुमका पुलिस के द्वारा दिनांक 08/04/2024 को मुखबिर सूचना पर आँगन बाड़ी ईराइकला रोड ग्राम चारभाटा के पास आरोपी मनीष साहू एवं टीकू सिन्हा दोनों निवासी मदिराकुही थाना खैरागढ़ जिला केसीजी के द्वारा मोटर साईकल क्रमांक छ्त्त 07 छ्क्क 0421 मे अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री हेतु परिवहन करते हुए आरोपियों के संयुक्त कब्जे से एक बंद पैकेट में रखा हुआ 2 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 30,000 रूपये एवं परिवहन मे प्रयुक्त एक बजाज पल्सर वाहन वाहन क्रमांक छ्त्त 07 छ्क्क0421 कीमती एक लाख रूपये एवं दो नग एंड्राइड मोबाइल सेट कीमती 10,000 रूपये कुल जुमला कीमती 1,40,000 रूपये को जप्त किया गया आरोपियो के विरूध्द थाना घुमका में अपराध क्रमांक 57/24 धारा 20( क्क) ह्ष्ठक्क एक्ट के तहत पंजीबद्ध कर आरोपियो को गिरफ्तार कर दिनांक 09.04.24 को माननीय न्यायालय राजनांदगाव रिमांड पर पेश किया गया है।उपरोक्त कार्यवाही मे थाना घुमका से निरीक्षक विनय कुमार पम्मार प्रधान आरक्षक विजय राज आर गौतम सिंह ,केयूरभूषण यादव, चंद्र प्रकाश साहू, यशवंत साहू और साइबर से आदित्य सिंह का सराहनीय योगदान रहा।




## शराब तस्करों के मन में कार्रवाई का भय नहीं

# आबकारी विभाग की नाक के नीचे धड़ल्ले से हो रही शराब की तस्करी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव 10 अप्रैल।** जानकारी अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र के शराब भट्टी जाने के मार्ग में इन दिनों देशी, विदेशी शराबों की धडल्ले से तस्करी की जा रही है। तस्करों में नहीं है कार्रवाई का भय शराब तस्करों के मन में कार्रवाई का भय नहीं है।परिणाम ये है कि पकड़े जाने के बाद भी जमानत मिलने पर पुनः इस धंधे में शामिल हो जा रहे हैं। ऐसे में धंधे पर अंकुश लगने की बजाय इसकी तादाद बढ़ती ही जा रही है। नई सरकार आने पर भी इनकी तस्करी कम होने का नाम नहीं ले रही, चखना दुकानों पे बुलडोजर चलाने के बाद देखना ये है की सरकार कब इस भी अपना शिकंजा कसती है



तस्करी के धंधे में शामिल हैं युवा वर्ग लेकिन ज्ञात सूत्रों से कुछ तस्करों का नाम अभी काफी प्रमुखता से सुनाई दे रहा है जो बड़े पैमाने में इस गोरखधंधे को अंजाम दे रहे है। इसमें खास कर राजा खुज्जी के कुछ पुराने तस्कर ज्यादा ही सक्रिय है जो खुज्जी में शराब कोचियों को घर पहुंच शराब छोड़ते है और साथ ही ग्राम महरूम में ढेला दुकान खोल कर शराब बेचता एक पुराना कोचिया लगातार तस्करी में संलिप्त है। डोंगरगांव से मेन रोड मार्ग साथ ही कोहका बेंदरकट्टा नदी पुल ,दर्री खुज्जी पुल इनके लिए तस्करी का आसान रास्ता बन गया है जहा ये तेज रफ्तार से गाडियां दौड़ाते हुए शराब लेकर निकल रहे है। और कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाले धंधे से युवा वर्ग लगातार जुड़ रहे हैं। लालच में युवा इसमें अपना भविष्य खोज रहे हैं। इसमें न तो मोटी पगड़ी देकर दुकान की आवश्यकता है न ही कहीं भंडारण की। शराब को छोटे मोटे कोचियों को घर पहुंच सेवा देकर मोटी कमाई एक बार में कर रहे है।डोंगरगांव में शराब माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं यहां हजारो, रूपयो की अवैध शराब का कारोबार धडल्ले से चल रहा है। भट्टी से लगातार शराब माफिया आस पास के गावों में बेखौफ शराब की सप्लाई करते रहते हैं। तस्करी के लिए तस्कर स्पोर्ट्स बाइक,स्कूटी के साथ साथ अब कार का भी उपयोग करने लगे है जिससे एक साथ अधिक मात्रा में शराब ले जाई जा सके। शराब को ले जाने के लिए हाईटेक बैग का भी उपयोग किया जा रहा है।

इसमें संदेह के घेरे में शराब दुकानों में काम करने वाले वर्कर भी आ रहे है की इतनी बड़ी मात्रा में उनको शराब उपलब्ध कैसे कराई जा रही हैं। शासन के पर व्यक्ति सीमित क्वाटर नियम का यहां मजाक बनाया जा रहा।

शराब भट्ठी क्षेत्र में लगातार अवैध शराब परिवहन करने के मामले समय-समय पर सामने आते रहते हैं लेकिन शराब तस्करों को ना तो प्रशासन का डर है और ना ही स्थानीय पुलिस का। कैसे शराब माफिया रात्रि के समय हो या दिन के समय शराब के परिवहन करते हैं ऐसे शराब माफिया पर कब नकेल कसी जाएगी यह भी अपने आप में एक बड़ा सवाल है. डोंगरगांव सहित आसपास के क्षेत्रों में लगातार पुलिस को अवैध रूप से बिक रही शराब की शिकायतें भी मिलती रहती हैं शराब माफियाओं के द्वारा गांव गांव तक कैसे बेखौफ शराब पहुंचाई जाती है यह अपने आप में एक बड़ा सवाल है कि आखिरकार शराब माफियाओं को पुलिस और प्रशासन का कोई डर क्यों नहीं है।

## समाचार संक्षेप

### ऑनलाइन शॉपिंग साइट से मंगाए गए 13 चाकूओं व 3 लाइटर गन को पुलिस ने किया जब्त



**राजनांदगांव 10 अप्रैल।** आगामी लोकसभा निर्वाचन जिले में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिये पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में ऑनलाइन शॉपिंग साइट अमेजन, फ्लिपकार्ट आदि के माध्यम से मंगाए गए चाकू के बारे में जानकारी एकत्रित कर कुल 13 नग चाकू एवं 03 नग लाईटन गन जप्त किया गया है। पुलिस ने ग्राहकों को खुद से चाकूओं को जमा कराने के निर्देश भी दिए हैं। ग्राहकों का कहना है कि चाकू घरेलू उपयोग के लिए मंगाए गए थे। ऑनलाइन बेचे जा रहे सस्ते कीमत पर आकर्षक डिजाइन और कई रंगों के चाकू ऑनलाइन शॉपिंग साइट पर मिलने वाले चाकू आकर्षक डिजाइन एवं रंग के होते हैं। जो सस्ते दामों पर बेचे जा रहे हैं, साथ ही ये चाकू पोर्टेबल, फोल्डेबल होते हैं जिन्हें कैरी करना आसान होता है, जिससे प्रभावित होकर व्यक्ति ऑनलाइन माध्यम से वस्तुएं मंगाते हैं। सायबर सेल की टीम द्वारा विभिन्न ऑनलाइन शॉपिंग साइट से मंगाए गए चाकू के संबंध में जानकारी एकत्रित कर चाकू जप्त किया गया है। हालांकि सभी चाकू घरेलू उपयोग के लिए मंगाए गए थे। किंतु इसके दुरुपयोग किए जाने की संभावना भी बनी रहती है। यही वजह है कि दुरुपयोग व अपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने हेतु चाकू जप्त किए गए हैं। यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

### भाजपा की टोली बैठक में सम्मिलित हुए शैडो विधायक विक्रांत सिंह



**खैरागढ़ 10 अप्रैल।** प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के शैडो विधायक विक्रांत सिंह जी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर साल्हेवारा मण्डल भाजपा के अंतर्गत ग्राम मानपुर, जीराटोला, मोहगांव पहुचकर भाजपा कार्यकर्ताओं की टोली बैठक में सम्मिलित होकर लोकसभा चुनाव में सांसद प्रत्याशी संतोष पाण्डे के पक्ष में घर घर जाकर केंद्र सरकार की योजनाओं व छत्तीसगढ़ राज्य सरकार की भाजपा सरकार के सर्वहितकारी व जनकल्याण के महत्वपूर्ण फैसले जिसमे मोदी की गारंटी को साकार कर रहे भाजपा सरकार की कार्यो को हर घर तक पहुँचकर हर वर्ग तक पहुँचाने का आह्वान किया श्री सिंह को अपने बीच पाकर कार्यकर्ताओ में काफी उत्साह का माहौल रहा इस दौरान भाजपा नेता संतन साहू, अनुज साहू सहित भाजपाई उपस्थित रहे।

### आपका मतदान,लोकतंत्र की जान संदेश देने किया वाक द सिटी कार्यक्रम का आयोजन



**राजनांदगांव 10 अप्रैल।** आपका मतदान लोकतंत्र की जान... इस संदेश के साथ स्वीप अंतर्गत वॉक द सिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोकतंत्र के उत्सव को मनाने के लिए भारत माता की जय उद्घोष के साथ उमंग एवं उल्लास के साथ चौक चौराहों, गली-मोहल्लों से होते हुए युवाओं, खिलाडियों, अधिकारी, कर्मचारी एवं नागरिकों का काफिला निकला। वॉक द सिटी रैली सर्वेश्वर दास हायर सेकेंडरी विद्यालय राजनांदगांव से गांधी सभा गृह, गुरूद्वारा चौक, मानव मंदिर चौक, आजाद चौक, गुड़ाखू लाइन, जुनी हटरी, जयस्तंभ चौक, महावीर चौक से होते हुए पुनः सर्वेश्वर दास हायर सेकेंडरी विद्यालय राजनांदगांव में समाप्त हुई। मतदाता जागरूकता के लिए कदम दर कदम कारवां बढ़ता चला गया और राहों में सभी के दिलों में मतदान करने का एक जज्बा जगाते चला गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए सघन अभियान चलाया गया है और जिले में शत प्रतिशत मतदान के लिए मिशन मोड में कार्य किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में स्वीप अंतर्गत निरंतर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मतदान हमारा अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है, घर-घर अलख जगाएंगे के जज्बे के साथ हर घर तक मतदाताओं में जागरूकता लाने की दिशा में शिद्दत से कोशिश की जा रही है। चुनाव का पर्व देश का गर्व, बढ़ाएं कदम दिखाएं वोट का दम, युवा हो तुम देश की शान जागो उठो करो मतदान, लोकतंत्र का यह आधार वोट न हो कोई बेकार, 18 वर्ष की उम्र कर ली पार मिला वोट का अब अधिकार, मतदान हमारा अधिकार है इससे बनती सरकार है, वोट है ताकत, लोकतंत्र का करें सम्मान 26 अप्रैल को करे मतदान जैसे नारों के माध्यम से मतदान करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी श्री मृणाल चौबे, सहायक स्वीप नोडल श्रीमती रश्मि सिंह, उप संचालक कृषि श्री नागेश्वर लाल पाण्डे, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरप्रीत कौर, सहायक खेल अधिकारी श्रीमती उषा चटर्जी, श्री रणविजय सिंह सहित बड़ी संख्या में युवा, खिलाड़ी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

संपादकीय

# कांग्रेस की चुनौती बेहतर पार्टी बनना है

जब कोई पार्टी अपने बुरे दौर से गुजर रही होती है,हार के बाद हार से निराशा के गर्त में चली गई होती है और उसका नेतृत्व उसे बहुत मेहनत करके भी हार के गर्त से निकाल नहीं पाता है तो सभी उसे सलाह देते हैं कि नेतृत्व को यह करना चाहिए, नेतृत्व को वह करना चाहिए। ऐसे समय में पार्टी व नेतृत्व को लगता है कि सलाह देने वालों से बड़ा उनका दुश्मन कोई नहीं है। जितने सलाह दने वाले होते हैं सब बड़े दुश्मन लगते हैं, उनकी बात अच्छी नहीं लगती है। बीमारी में कड़वी दवा पीनी पड़ती है, यह बीमारी ठीक करने के लिए जरूरी होती है, लेकिन बीमार को कड़वी दवा अच्छी नहीं लगती है। कांग्रेस अभी बीमार है, कमजोर है, उसे सब सलाह दे रहे हैं तो उसे किसी की सलाह अचछी नहीं लग सकती। जब बीमार मान ले कि उसे कोई बीमारी नहीं है तो उसको कोई इलाज नहीं हो सकता। कांग्रेस मानती नहीं है कि वह बीमार है,कमजोर है। उसमें कमी है, उसमें खामी है, उसके नेतृत्व में कमी है,खामी है। यह कमी खामी तो तब ही दूर हो सकती है जब कमी को कमी व खामी को खामी कांग्रेस नेता माने। देश के जाने माने राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर से किसी चैनल में यह सवाल पूछा गया कि राहुल गांधी को आप क्या सलाह देना चाहेंगे। प्रशांत किशोर ने बड़ी गहरी सलाह दे दी है, यह सलाह कड़वी दवा की तरह है। यह सलाह कांग्रेस को पसंद नहीं आएगी। प्रशांत किशोर ने कहा है कि अगर इस बार राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस अच्छा प्रदर्शन नहीं करती है तो राहुल गांधी को कुछ दिनों का ब्रेक ले लेना चाहिए। किसी दूसरे को मौका देना चाहिए। आप कोई काम कई बार करने का प्रयास करके भी नहीं कर पा रहे हैं तो वह काम करने का मौका किसी दूसरे को दे दो, हो सकता है कि कोई दूसरा आदमी उसे कर दिखाए। यह सलाह अच्छी है क्योंकि हार के बाद हार से नेता निराश होता है, थकने लगता है, थकता है तो वह कुछ भी अच्छा सोच नहीं पाता है,कर नहीं पाता है। इसलिए उसके हर काम का परिणाम निराशाजनक होता है। ऐसा नहीं है कि प्रशांत किशोर ने ऐसी सलाह राहुल गांधी को राजनीति से बाहर करने के लिए दी है। उनका कहना है कि पार्टी अभी बुरे दौर से गुजर रही है, आप कुछ अच्छा नहीं कर पा रहे हो तो किनारे कुछ समय के हो जाओ। कुछ समय के बाद जब पार्टी पटरी पर आ जाए तो वापस आकर नेतृत्व करो। ऐसा सोनिया गांधी ने भी किया है। कांग्रेस में कई बार ऐसा हुआ है। जब गांधी परिवार ने नेतृत्व कुछ समय के लिए गांधी परिवार के बाहर के व्यक्ति को दिया है। इसका सबसे अच्छा उदाहरण नरसिम्हा राव है। गांधी परिवार ने नेतृत्व कुछ समय के लिए उनको दे दिया था, बाद में सोनिया गांधी ने आकर नेतृत्व संभाल लिया था। राहुल गांधी भी ऐसा कर सकते हैं, वह अपने किसी भरोसेमंद नेता को कुछ समय के लिए अपना काम सौंप कर आराम कर सकते हैं। आराम से पार्टी के बाहर रहकर सोच सकते हैं कि उनसे चूक कहां हुई जो इतनी हार हुई है। उन्हें जीतने के लिए क्या करना चाहिए। वह जीतने के लिए क्या नहीं कर पाए हैं। उनको कुछ समय यह सोचना चाहिए कि ऐसा क्या हो गया है कि कभी देश की सबसे भरोसे की पार्टी पर आज जनता भरोसा नहीं कर पा रही है। 1984 के बाद से कांग्रेस को जनता बहुमत के लायक नहीं समझ रही है।चार दशक से कांग्रेस को बहुमत क्यों नहीं मिल रहा है। अगर राहुल गांधी व नेता अपनी हार के लिए दूसरों को दोषी मानते हैं तो वह गलत सोच रहे हैं। अपनी हार के लिए अगर वह मोदी को दोषी मानते हैं तो गलत सोचते हैं. जनता को दोषी मानते हैं तो गलत सोचते हैं। विपक्ष के नेताओं को दोषी मानते हैं तो गलत सोचते हैं। बाहर के लोगों में कमी खामी हो सकती हैलेकिन कांग्रेस की हार की मूल कारण तो उसके भीतर है। कांग्रेस अपनी कमी खामी को जब तक दूर नहीं करेगी तब वह पहले वाली कांग्रेस नहीं बन सकती। सीधी सी बात है कांग्रेस को जनता पसंद क्यों नहीं कर रही है क्योंकि वह सबसे बेहतर पार्टी नहीं है, उसके पास सबसे बेहतर नेता नहीं है। जनता को जब भी बेहतर नेता व दल मिलता है तो वह उसे चुनती है। कांग्रेस व राहुल की चुनौती है कि वह खुद को भाजपा व नरेंद्र मोदी से बेहतर बनाए। वह जिस दिन बेहतर होंगे,उस दिन जनता उनको चुनेगी।

गंभीर मुद्दा

ललित गर्ग

# लोकसभा चुनाव में एक नये अध्याय की शुरुआत हो



लोकसभा चुनाव में चुनावी मैदान सज गया है, सभी राजनीतिक दलों में एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला हमेशा की तरह परवान चढ़ने लगा है। राजनीति में स्वच्छता, नैतिकता एवं मूल्यों की स्थापना के तमाम दावों के अनैतिकता, दल-बदल, आरोप-प्रत्यारोप की हिंसक मानसिकता पसरी है। राजनेता दलबदल की ताल ठोक रहे हैं। दलबदलुओं को टिकट देने में कोई दल पीछे नहीं रहा, क्योंकि सवाल, येन-केन-प्रकारेण चुनाव जीतने तक जो सीमित रह गया है। सिद्धांतों और राजनीतिक मूल्यों की परवाह कम ही लोगों को रह गई है। चुनावी राजनीति देश के माहौल में कड़वाहट घोलने का काम भी कर रही है। स्वस्थ एवं मूल्यपरक राजनीति को किनारे किया जा रहा है। राजनीति पूरी तरह से जातिवाद, बाहुबल और धनबल तक सिमट गई है। हालत यह है कि अब तक राजनीति दलों ने जिन प्रत्याशियों को उतारा है, उनमें आधे से अधिक दलबदलू, अपराधी अथवा दागी हैं। ऐसे में राजनीति के स्तर में सुधार की उम्मीद आखिर कौन, किससे करे? इस मुद्दे पर राजनीतिक दलों की चुप्पी तो समझ में आती है, लेकिन चुनाव आयोग की खामोशी समझ से परे है। लोकसभा चुनाव नेतृत्व चयन का ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण अवसर है, इस अवसर पर लाओत्जु ताओ ते चिंग की पुस्तक''द ताओ ऑफ लीडरशिप'' राजनीति एवं राजनेताओं के लिये एक रोशनी है। यह एक अद्भुत, अद्वितीय एवं अप्रतिम कृति हैं जो नये युग के लिए नेतृत्व की रचनात्मक व्यूह रचना प्रस्तुत करती है। आज जबकि देश और दुनिया में सर्वत्र नेतृत्व के प्रश्न पर एक घना अंधेरा छाया हुआ है, निराशा और दायित्वहीनता की चरम पराकाष्ठा ने राजनीति एवं नेतृत्व को जटिल दौर में लाकर खड़ा कर दिया है। समाज और राष्ट्र के समुचे परिदृश्य पर जब हम दृष्टि डालते हैं तो हमें जिन विषम और जटिल परिस्थितियों से रू-ब-रू होना पड़ता है, उन विषम हालातों के बीच ठीक से राह दिखाने वाला कोई नेतृत्व नजर नहीं आता। यह मान लेने में कोई हर्ज नहीं होना चाहिए कि लोकतंत्र धुंधलका सब देख रहे हैं, लेकिन खामोशी के साथ। शायद सबकी अपनी-अपनी मजबूरियां हैं। मतदाता की मजबूरी यह है कि आखिर उसे मैदान में डटे उम्मीदवारों में से ही एक को चुनना है। इस देश ने महंगाई, बेरोजगारी, महिला अपराध, गरीबी, साम्प्रदायिकता के खिलाफ भी जनता को सड़कों पर उतरते देखा है लेकिन राजनीति में टकराव, अपराध, देश-विरोध और हिंसा की राजनीति के खिलाफकभी कोई आंदोलन नहीं हुआ। चुनाव आयोग की अपनी सीमाएं हो सकती हैं, लेकिन जेल में बैठे-बैठे लोग चुनाव लड़ भी लेते हैं और जीत भी जाते हैं। खलनायक नायक बनने लगे हैं। चुनाव लड़ने के लिए अधिकतम खर्च की सीमा सरेआम ध्वस्त होती है, लेकिन आयोग कुछ कर नहीं पाता। चुनाव प्रचार के दौरान अपशब्दों का उच्चारण-गालीगलोच खुल्लम-खुल्ला होता है, लेकिन आयोग नोटिस देकर ही अपने दायित्व



से मुक्त हो जाता है। मतदाताओं के वोट खरीदने के लिए उन्हें सरेआम पैसे ही नहीं शराब तक बांटी जाती है, लेकिन किसी उम्मीदवार के खिलाफकोई कार्रवाई नहीं होती। जनता राजनीति के गिरते स्तर से त्रस्त तो है, लेकिन उसके खिलाफआवाज नहीं उठाती। इन लोकसभा चुनाव में यह चुप्पी टूटनी चाहिए और आजादी के अमृतकाल को अमृममय बनाने वाला नेतृत्व सामने आना चाहिए। ऐसा नेतृत्व जो देश को अग्रणी आर्थिक महाशक्ति के रूप में ले जाये एवं विकास की स्वर्णिम गाथा को गढ़े।एक सफल, सार्थक, समर्थ एवं चरित्रसम्पन्न विपक्षी नेतृत्व की आवश्यकता हर दौर में रही है, लेकिन आज यह ज्यादा तीव्रता से महसूस की जा रही है। विपक्षी नेतृत्व कैसा हो, उसका अपना साथियों के साथ-साथ सत्तापक्ष के साथ कैसा सलूक हो? उसमें क्या हो, क्या न हो? वह क्या करे, क्यों करे, कब करे, कैसे करे? इत्यादि कुछ जटिल एवं गंभीर प्रश्न हैं जिनके जवाब ढूंढ़े बिना हम एक सक्षम विपक्षी नेतृत्व को उजागर नहीं कर सकते। इन प्रश्नों के उत्तरों की कसौटी पर ही हमें आने वाले सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के नेतृत्व को कसना होगा। जिस नेतृत्व के पास इन प्रश्नों के उत्तर होंगे, जो समयज्ञ होगा, सहिष्णु होगा, तटस्थ होगा, दूरदर्शी होगा, निःस्वार्थी होगा, वैसा ही नेतृत्व जिस राष्ट्र को प्राप्त होगा, उसकी प्रगति को संसार की कोई शक्ति बाधित नहीं कर सकेगी। ऐसा ही नेतृत्व नया इतिहास बना सकेगा और भावी पीढ़ी को उन्नत दिशाओं की ओर अग्रसर कर सकेगा। आज चुनाव प्रचार में जिस तरह की आरोप-प्रत्यारोप की हिंसक संस्कृति पनपी है, एक दूसरे पर जूते-चप्पल फेंके जाते है, पत्थर से हमला किया जाता है, छोटी-छोटी बातों पर अभद्र शब्दों का व्यवहार, हो-हल्ला, छींटाकशी और हंगामा आदि घटनाएं ऐसी है जो नेतृत्व को धुंधलाती है। नेतृत्व को लेकर लोगों की मानसिकता में बहुत बदलाव आया है, आज योग्य नेतृत्व की प्यासी परिस्थितियां तो हैं, लेकिन बदकिस्मती से अपेक्षित नेतृत्व नहीं हैं। जलाशय है, जल नहीं है। नगर है, नागरिक नहीं है। भूख है, रोटी नहीं है-ऐसे में हमें सोचना होगा कि क्या नेतृत्व की इस अप्रत्याशित रिक्तता को भरा जा सकता है? क्या राष्ट्र के सामने आज जो भयावह एवं विकट संकट और दुविधा है उससे छुटकारा मिल सकता है? हालही में नेतृत्व के प्रश्न पर एक करारा व्यंग्य पढ़ा था-'देश और ट्रेन में यही अंतर है कि ट्रेन को लापरवाही से नहीं चलाया जा सकता।' यानी देश के संचालन में की गई लापरवाही तो क्षम्य हैं पर ट्रेन के पटरी से उतरने में की गई लापरवाही क्षम्य नहीं, क्योंकि इसके साथ आदमी की जिंदगी का सवाल जुड़ा है। मगर हम यह न भूलें कि देश का नेतृत्व अपने सिद्धांतों और आदर्शों की पटरी से जिस दिन उतर गया तो पूरी इन्सानियत एवं राष्ट्रीयता की बरबादी का सवाल उठ खड़ा होगा। आज देश में लोकतांत्रिक, सांस्कृतिक, नैतिक जीवन-मूल्यों के मानक बदल गये हैं न्याय, कानून और व्यवस्था के उद्देश्य अब नई व्याख्या देने लगे हैं। चरित्र हासिए पर आ गया, सत्ता केन्द्र में आ खड़ी हुई। ऐसे समय में कुर्सी पाने की दौड़ में लोग जिम्मेदारियां नहीं बांटते, चरित्र बांटने लगते हैं और जिस देश का चरित्र बिकाऊ हो जाता है उसकी आत्मा को फिर कैसे जिन्दा रखा जाए, चिन्तनीय प्रश्न उठा खड़ा हुआ है। आज कौन अपने दायित्व के प्रति जिम्मेदार है? कौन नीतियों के प्रति ईमानदार है? इस संदर्भ में आचार्य तुलसी का कथन यथार्थ का उद्घाटन करता है कि ''ऐसा लगता है कि राजनीतिज्ञ का अर्थ देश में सुव्यवस्था बनाए रखना नहीं, अपनी सत्ता और कुर्सी बनाए रखना है। राजनीतिज्ञ का अर्थ उस नीतिनिपुण व्यक्तित्व से नहीं, जो हर कीमत पर राष्ट्र की प्रगति, विकास-विस्तार और समृद्धि को सर्वोपरि महत्व दें, किन्तु उस विदूषक-विशारद व्यक्तित्व से है, जो राष्ट्र के विकास और समृद्धि को अवनति के गर्त में फेंककर भी अपनी कुर्सी को सर्वोपरि महत्व देता है।'' राजनैतिक लोगों से महात्मा बनने की उम्मीद तो नहीं की जा सकती, पर वे पशुता पर उतर आएं, यह ठीक नहीं है। वर्तमान विपक्षी नेतृत्व की सबसे बड़ी विसंगति और विषमता यह है कि वह परदोषदर्शी है, जो सत्तापक्ष की अच्छाई में भी बुराई देखने वाले हैं। यह नेतृत्व कुटिल है, मायाबी है, नेता नहीं, अभिनेता है, असली पात्र नहीं, विदूषक की भूमिका निभाने वाला है। यह नेतृत्व सत्ता- प्राप्ति के लिये कुछ भी करने से बाज नहीं आता, यहां तक जिस जनता के कंधों पर बैठकर सत्ता तक पहुंचने के लिये जैसी राजनीति यह कर रहा है, घोषणा-पत्रों में जनता को ठगने एवं लुभाने के जो प्रयास हो रहे हैं, वे एक तरह से जनता की पीठ में भी सबसे पहले छुरा भोंकते हुए प्रतीत होते हैं। इससे भी अधिक घातक है इस नेतृत्व का असंयमी, अपराधी और चरित्रहीन होना, जो सत्ता पर काबिज होने के लिये राष्ट्र से भी अधिक महत्व अपने परिवार को देता है। देश से भी अधिक महत्व अपनी जाति और सम्प्रदाय को देता है। चुनाव जीतना जिनके लिये सेवा का साधन नहीं, विलास का साधन है। नेतृत्व का चेहरा साफ-सुथरा बने, इसके लिये अपेक्षित है कि इस क्षेत्र में आने वाले व्यक्तियों के चरित्र का परीक्षण हो। आई-क्यू टेस्ट की तरह करेक्टर टेस्ट की कोई नई प्रविधि प्रयोग में लाई जाये तो यह लोकसभा चुनाव का संग्राम अधिक सार्थक होगा।

## आज का राशिफल

मेष राशिः कार्यक्षेत्र में आज आपको काफी हद तक सफलता हासिल होगी। आज का दिन कुछ मिलेःजुले प्रभाव वाला रहने वाला है। कुछ समय से चल रही किसी दुविधा और और बेचौनी से आज राहत मिलेगी।आध्यात्मिक और धार्मिक गतिविधियों में कुछ समय बिताना आपको पॉजिटिव बनाएगा। मेडिकल की पढ़ाई कर रहें छात्रो को सीनियर्स का सहयोग मिलेगा। मां दुर्गा को लौंग अर्पित करें, सब ठीक रहेगा।

वृष राशिः आज का दिन फायदेमंद रहने वाला है। आज आपको पहले किए गए छोटे-मोटे कार्यों से पॉजीटिव रिजल्ट मिलेगा। आज आप जीवन की वास्तविकता को समझेंगे। किसी भी विपरीत परिस्थिति में अपना मनोबल बनाए रखेंगे। अपने मन मुताबिक कोई बात ना होने से क्रोध में ना आए, शांति और धैर्य पूर्ण तरीके से अपनी बात को रखने का प्रयास करेंगे तो सब ठीक होगा। मां दुर्गा की आरती करें, सेहत पहले से बेहतर बनी रहेगी।

मिथुन राशिःआज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज पारिवारिक रख-रखाव और सुधार संबंधी कार्यों में बीतेगा। और सभी सदस्य आपस में बैठकर एक- दूसरे से अपने विचार साझा करेंगे। किसी विशेष काम के प्रति किए गए प्रयासों के लिए उचित परिणाम मिलने के योग हैं। आज अपको किसी करीबी से कोई ऐसी सलाह मिलेगी, जिससे आपको काफी फायदा होगा। मां शैलपुत्री के सामने घी का दिपक जलाएं, सब अच्छा होगा।

कर्क राशिः आज बच्चों को करियर के मामले में खुशखबरी मिलेगी। जो लोग राजनीति क्षेत्र से जुड़े हुए हैं उन्हे पुराने किये गये कार्यों में वाहवाही मिलेगी। सफलताएं छोटी ही सही लेकिन निरंतर बनी रहेंगी। आज अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना आपको शारीरिक और मानसिक रूप से ऊर्जावान बनाकर रखेगा। इलेक्ट्रोनिक सामान खरीदना चाहते है तो आज का दिन अच्छा है। मां दुर्गा को मीठे का भोग लगायें, दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी।

सिंह राशिः आज किस्मत का पूरा साथ मिलेगा। आज दोस्तों के साथ फोन पर बात कर के समय बितायेंगें। आज आपके व्यवसाय में स्थिति पहले जैसी ही रहेगी। किसी बाहरी व्यक्ति की वजह से स्टाफ के बीच कुछ गलतफहमियां आ सकती हैं। आज कोई काम जल्दबाजी में न करके सोच विचार करेंगे तो आपका काम आसानी से होगा। मां शैलपुत्री का ध्यान करें, रूका हुआ पैसा आपको वापस मिलेगा।

कन्या राशिः आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्यों को पूरा करने में रहेगा। आज घर पर किसी चीज की मरम्मत करानी पड़ेगी। आज कुछ समय आत्म चिंतन अथवा एकांत में बिताएंगे। इससे आपको कोई निर्णय लेने में सहायता मिलेगी। किसी भी प्रकार की दुविधा होने पर परिवार जनों का सहयोग आपको निर्णय लेने में मदद कर सकता है। आज किसी प्रिय मित्र से भी मुलाकात होगी। महिलाओ को घर के कार्यो से राहत मिलेगी। देवी दुर्गा की उपासना करें, समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होंगी।

तुला राशिः आज का दिन मिलाःजुला रहने वाला है। पिता अपके बिजनेस में आपका सहयोग करेंगें। आज कोई मन मुताबिक काम बनने से उथल-पुथल भरी दिनचर्या से राहत मिलेगी। इस राशि के युवाओं को आज जो भी रोजगार संबंधी अवसर मिले, हासिल कर लेना चाहिए। फाइनेंस संबंधी गतिविधियों में किए गए प्रयासों के आज उचित परिणाम सामने आएंगे। लोग आपकी प्रशंसा करेंगे, जिसे आप हमेशा से सुनना चाहते थे। मां शैलपुत्री को फूल अर्पित करें, घर में शांति बनी रहेगी।

वृश्चिक राशिः आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। शाम को जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा। आज आपकी कार्यप्रणाली में सुधार आएगा। काम की प्रगति के कुछ महत्वपूर्ण अवसर मिल सकते हैं। आज सरकारी कार्यों में को पूरा करने में आपको किसी प्रभावशाली इंसान की भी मदद मिलेगी। मन मुताबिक जिम्मेदारियां भी मिलेंगी। आज बच्चे आज किसी जरुरी काम में अपनी माता की मदद मागेंगे। जिससे उनके काम पूरे होंगे। मां शैलपुत्री के आगें हाथ जोडें, रुके हुए काम पूरें होंगे।

धनु राशिः आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगें। आज अनुभवी लोगों के सानिध्य में रहने का अवसर मिलेगा। कई सकारात्मक पहलुओं की जानकारी भी मिलेगी। आर्थिक और पारिवारिक स्थिति को बेहतर बनाने में भी आपका प्रयास रहेगा। प्रॉपर्टी से संबंधित कोई काम भी संपन्न होगा। बच्चे आज आपके साथ खेलने की जिद्द करेंगे। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। मां शैलपुत्री के सामने कपूर जलाए, आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

मकर राशिः आज आप खुद को बदली हुई भूमिका में महसूस करेंगे। आज आपकी दैनिक आय पहले से कुछ बेहतर होगी। अपने कॉन्टैक्ट मजबूत रखें। किसी भी नए काम को शुरू करने में जल्दबाजी ना करें। इस राशि के युवाओं को करियर संबंधी कोई शुभ समाचार मिलने के योग हैं। आपको अपने पद और आय को एक समान या बढ़ाने के अवसर प्राप्त होंगे। मां शैलपुत्री को इलायची अर्पित करें, जीवन में खुशियों की प्राप्ती होगी।

कुंभ राशिः आज का दिन शानदार रहने वाला है। कॉस्मेटिक का व्यापार कर रहे लोगो को आज बड़ा मुनाफा होगा। आज आपका रिश्तों के प्रति आदर-मान करना आपसी संबंधों को और अधिक मजबूत करेगा। आज बच्चों के समक्ष आप श्रेष्ठ अभिभावक साबित होंगे। अपने कामो से संबंधित नीतियों पर सोच-विचार करने से आप सकारात्मक परिणाम हासिल करेंगे। आज कोई ऐसी पुरानी चीज आपके हाथ लग सकती है, जिसे पा कर आपको खुशी महसूस होगी। मां दुर्गा के आगे हाथ जोड़ें, करियर में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे।

मीन राशिः आज का दिन खुशियां लेकर आया है। बिजनेस में कोई बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। आज सामाजिक गतिविधियों में आपका विशेष योगदान रहेगा। मित्रों और रिश्तेदारों के साथ मेल मुलाकात होगी और आपसी संबंधों में मधुरता आएगी। आपके व्यक्तित्व और आत्मविश्वास में निखार आएगा। जीवनसाथी आज आपको नन्हे मेहमान के आने की खुशखबरी दें सकते है। मां दुर्गा को लाल चुनी चढ़ाएं, जीवन में चल रही परेशानिया खत्म होगी।

व्यंग्य

# स्पाइडरमैन

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



जब से ओटीटी प्लेटफार्म आए हैं, मैं घरवालों की एक नहीं सुनता। ओटीटी पर कोई फिल्म या वेब सीरिज देखता हूँ तो सारे काम सोफे पर ही करता हूँ। खाना-पीना, लेटना, सुनना-देखना यहाँ तक कि 360 डिग्री में खुद को पलटूँगा लेकिन सोफे से टस से मस नहीं होऊँगा। हर काम सोफे पर करता हूँ। यहाँ तक कि चाय-पानी के लिए भी ऑनलाइन ऑर्डर करता हूँ। जिंदगी जब एक मिली हो तो उसमें बेफिजुल की तकलीफ वाले काम क्यों करना? मैंने हिंदी, अंग्रेजी यहाँ तक कि सब टाइटिल्स की कृपा से तेलुगु, तमिल, फ्रेंच, जर्मन, स्पैनिश सारी फिल्में देख डाली हैं। जब पैसा दिया है तब उसका पाई-पाई वसूलना किसी भी जागरूक ग्राहक का अधिकार होता है। फिर चाहे इसके लिए मेरी आँखें मेंढ़क की तरह, पेट गोल गुंबद की तरह ही क्यों न हो जाए। मैं इंटरटेनमेंट के लिए कुछ भी करने को तैयार रहता हूँ। अंग्रेजी की एक्शन फिल्में और उसमें भी खासकर 'मैन' जैसे - स्पाइडरमैन, बैटमैन, सुपरमैन का कहना ही क्या। दुर्भाग्य से हमारे पास एक ही मैन था वह भी शक्तिमान। जो भी हो मैं अंग्रेजों की दाद दूँगा कि वे महिला आरक्षण का पूरा ध्यान रखते हैं तभी तो उन्होंने वंडरवुमैन, बैटवुमैन जैसी फिल्में बनाईं। मुझे अंग्रेजों से कहीं शिकायत है तो उनकी सिक्वेल से। वे बाहुबली या फिर क्रिश की तरह एक-दो या तीन सिक्वेल तक नहीं रुकते। दस-पंद्रह सिक्वेल बनाते हैं। अवेंजर्स, फास्ट एंड फ्यूरियस, स्पाइडमैन, बैटमैन की न जाने कितनी सीरिज हैं। पहली न देखो तो दूसरी समझ में नहीं आती। इसलिए सभी देखनी पड़ती हैं। अंग्रेजों को रामानंद के रामायण और बीआर चोपड़ा के महाभारत में दिखाई गई शक्तियों पर संदेह होता है, जबकि उन्हें हरीपुत्तर को झाडू पर बैठाकर हमारी जेबों पर झाड़ू लगाने में तनिक भी संदेह न हुआ और न ही शर्म आई। मेरा सर तो तब चकराया जब मैंने स्पाइडरमैन सीरिज की स्पाइडरमैन, अमेजिंग स्पाइडरमैन और मार्वलस स्पाइडरमैन देखी।। जब सभी का काम खलनायक को मारना ही तो है, तब इतने सारे स्पाइडरमैनों की क्या जरूरत है।

मैंने आखिरी बार स्पाइडरमैनः नो वे होम देखी थी। यह पुरानी स्पाइडरमैन फिल्मों की सिक्वेल है। इसे देखने के बाद मुझे अपने घर का पता याद नहीं रहा। कुछ देर के लिए मैं एकदम ब्लैंक हो गया। खोपड़िया चकराने लगी। फिल्म में कहानी के नाम पर कुछ था ही नहीं। लगता है निर्देशक बेवकूफ बनाने में बड़ा एक्सपर्ट था। उसने पुरानी स्पाइडमैन फिल्मों के सभी नायकों को इसमें ठूस दिया। अब जब उन्हें ठूस दिया तब खलनायकों को भी ठूसना पडेगा न! सारे के सारे पुराने खलनायक भी आ गए। इन सबको देखने के बाद मुझे हमारे यहाँ की मनरेगा योजना याद हो आई। सभी को इसी तरह तो काम दिया जाता है। फिल्म में एक बंदे को कोलंबिया विश्वविद्यालय में सीट न मिलने के कारण वह नए ग्रह की खोज कर डालता है। उन मूर्खों को कौन समझाए हमारे यहाँ किसी का कहीं दाखला नहीं होता तो विधायक या सांसद की सिफारिश लगाते हैं। बस बात खत्म। उन्हें भी कुछ ऐसा करना चाहिए था। भला कोई बेवकूफ नया ग्रह खोजता है! मुझे यह समझ नहीं आता जब आदमी एक धरती से ही इतना परेशान है तब दूसरी की क्या जरूरत है। निर्देशक की भी क्या गलती है। उसे पता है जब पागल बनने के लिए दुनिया पड़ी है, तब पागलपंती की फिल्म बनाने में क्या हर्ज है। स्पाइडरमैनः नो वे होम में खलनायकों को देखने के बाद पिताजी ने पूछा - यह खलनायक कौन है और वह ऐसा क्यों कर रहा है? तब मैंने कहा - वह पिछली फिल्म में नायक का अपहरण कर उसके ससुर की बेटी से अपने प्यार का बदला लेने के लिए यह सब कर रहा है। इस पर पिताजी ने कहा - जब तुझे इतना सब कुछ पता है तब डिग्री में इतने सारे बैकलॉग्स के पहाड़ लादे क्यों बैठा है? मेरे पास जवाब नहीं था और पिताजी के पास माँ से लड़ने की हिम्मत।




चर्चित मुद्दा

मनोज कुमार अग्रवाल

# शर्मनाक:पालतू जानवरों की तरह बिकते नवजात !



आप माने या न माने इन दिनों नवजात शिशुओं की खरीद फरोख्त ठीक इसी तर्ज पर कई जा रही है जैसे कि संपन्न लोग पैट्स पप्स खरीद लेते हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि यह घोर अनैतिक व गैर कानूनी धंधा चोरी छिपे संगठित पेशेवर के सिंडिकेट चला रहे हैं। हाल ही में देश की राजधानी दिल्ली में चाइल्ड ट्रैफिकिंग के बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ है। इस मामले में सीबीआई ने छापेमारी कर केशवपुरम इलाके के एक घर से तीन नवजात शिशुओं को बरामद किया है। वहीं इसके साथ ही अन्य आठ बच्चों का भी रेस्क्यू किया गया है। इस मामले में खरीद-फरोख्त करने वाले सात लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। गिरफ्तार किए गए लोगों मे अस्पताल के वार्ड बॉय समेत कुछ महिलाएं और पुरुष भी शामिल हैं। सीबीआई ने दिल्ली-एनसीआर में कई जगहों पर की छापेमारी की थी।

आपको बता दें कि चाइल्ड ट्रैफिकिंग के मामले में सीबीआई ने केशवपुरम इलाके के एक घर से तीन नवजात बच्चों को बरामद किया। केशवपुरम, रोहिणी समेत एनसीआर में भी कई जगह छापेमारी की गई थी । नवजात बच्चो को अलग अलग घरों में लाकर उन्हें बेचा जाता था। बच्चे किन अस्पतालों या मेडिकल सेंटर से लाए जाते थे, क्या उन्हें चोरी किया जाता था या किसी और तरह से लाया जाता था इसकी जांच जारी है। कुछ बड़े अस्पताल और आईवीएफ सेंटर भी सीबीआई की रडार पर हैं।

सूत्रों के मुताबिक सीबीआई की रडार पर असिस्टेंट लेबर कमिश्नर भी हैं, उनके रोल का पता लगाया जा रहा है। ये असिस्टेंट लेबर कमिश्नर इस सिंडिकेट का कथित तौर पर अहम हिस्सा हैं। सीबीआई ने इस असिस्टेंट लेबर कमिश्नर को भी हिरासत में लिया है। पता चला है कि एक महीने में एक ही घर से 10 बच्चे बेचे जा चुके हैं, हर एक बच्चे की कीमत चार से पांच लाख रुपये तय की गई थी।दरअसल सीबीआई की टीम को चाइल्ड ट्रैफिकिंग के बारे में एक गुप्त सूचना मिली थी जिसके आधार पर दिल्ली के कई इलाकों में रेड की गई। जिसमे से एक जगह केशवपुरम इलाके का ये घर भी है।,जहां से सीबीआई की टीम ने एक महिला समेत सात लोगो को गिरफ्तार किया है और घर से तीन नवजात बच्चो को रेस्क्यू कराया गया है।

सीबीआई की टीम का कहना है कि यह काफी बड़ा गिरोह है और काफी समय से इस तरह का गोरख धंधा चला रहा था। अभी इस मामले में और भी कई गिरफ्तारी हो सकती है। फिलहाल दिल्ली के केशव पुरम इलाके के नारंग कॉलोनी त्रिनगर गली नंबर 9 के एक मकान की चौथी मंजिल पर एक महिला और कुछ लोग किराए के मकान पर रहते



है जो बच्चों की देखरेख करते थे और यहीं से बच्चों को बेचा जाता था।

आपको बता दें कि केंद्रीय जांच एजेंसी सीआईए ने एक बड़ी कार्रवाई के तहत दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय बच्चा चोरी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। जांच एजेंसी ने 7 से 8 बच्चों को रेस्क्यू भी किया है। इस मामले में कुछ आरोपियों को हिरासत में भी लिया गया है। दिल्ली और आसपास के इलाकों के साथ ही अन्य राज्यों से भी इसके लिंक जुड़े हैं। सीबीआई ने इसी सिलसिले में अन्य राज्यों में भी छापा मारा है। फिलहाल इस मामले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई के द्वारा करीब 7-8 नवजात शिशुओं का रेस्क्यू करवाया है। जांच एजेंसी से जुड़े एक सूत्र के मुताबिक इस मामले में जल्द ही 3 से 4 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा सकती है। सीबीआई की ओर इस बाबत औपचारिक तौर पर खुलासा किया गया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ चल रही है। सूत्र बताते हैं कि नवजात समेत करीब 10 साल से छोटे बच्चे की चोरी और उससे जुड़े तस्करी करने के मामले में सीबीआई को कई इनपुट्स मिले हैं। ऐसे में जांच एजेंसी द्वारा सर्च ऑपरेशन की कार्रवाई लगातार की जा रही है।

चाइल्ड तस्करी से जुड़े मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई की है। जांच एजेंसी सीबीआई द्वारा दिल्ली एनसीआर समेत कई अन्य राज्यों में सर्च ऑपरेशन की कार्रवाई की जा रही है। सूत्र के मुताबिक, पिछले कुछ समय पहले सीबीआई को मिले चाइल्ड तस्करी से जुड़े इनपुट्स के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी। उसके बाद आरोपियों और कुछ संस्थाओं से जुड़े लोकेशन पर छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है। सूत्र के मुताबिक सर्च के दौरान जांच एजेंसी को कई महत्वपूर्ण सबूत मिले हैं। जल्द ही इस मामले में औपचारिक तौर पर जानकारी दी जाएगी।

सीबीआई सूत्र के मुताबिक, आरोपियों के खिलाफ किए गए सर्चसीबीआई सर्च ऑपरेशन के दौरान कई नवजात बच्चे बरामद किए गए। सर्च ऑपरेशन के दौरान दिल्ली स्थित एक अस्पताल में कार्यरत नीरज नाम का एक वार्ड ब्वॉय, इंदु नाम की महिला समेत कई अन्य आरोपियों को हिरासत में लेने की जानकारी मिली है।दरअसल, छापेमारी वाले दिन जिस आरोपी महिला के घर से दो बच्चे मिले, उनको बेचने की तैयारी थी. इन बच्चों में से एक की उम्र महज 36 घंटे जबकि दूसरी की 15 दिन थी. जानकारी यह भी मिली है कि आरोपी महिला 500 रुपए एक दिन के हिसाब से बच्चों को अपने यहां रखती थी. बच्चों की कीमत उनके उम्र के हिसाब से लगाई जाती थी, जितना कम समय का बच्चा, उसकी कीमत उतनी ज्यादा होती थी. गैंग के लोग 50 हजार से लेकर 6 लाख रुपए तक की सौदेबाजी करते थे.बता दें कि सीबीआई बच्चों की डिटेल खंगालने में जुटी है. इस बात का पता लगाया जा रहा है कि बच्चों को कहां-कहां से खरीदा गया और फिर किसे बचाया गया. दूसरे राज्यों तक फैले नेटवर्क का भी पता लगाया जा रहा है। वहीं कुछ अस्पतालों में चलाए जा रहे नवजात बच्चे के खरीद-फरोख्त को लेकर इनपुट मिले थे। उसके बाद शुक्रवार देर शाम को दिल्ली के द्वारका, नॉर्थ वेस्ट जिला, रोहिणी इलाके सहित एनसीआर से जुड़े कनेक्शन की तफ्तीश की जा रही है।

सवाल यह है कि ये कौन लोग हैं जो बच्चों को खरीद कर अपने परिवार या वंश चलाने के लिए दूसरे के बच्चों को चोरी कराने के धतकरम की प्रेरणा बने हैं। दरअसल आजकल नवदंपतियों में शहरी जीवन के चलते शारीरिक प्रजनन क्षमता प्रभावित हो रही है संपन्न दंपति की बार दलालों के मार्फत नवजात शिशुओं को खरीद लेते हैं दलाल भारी रकम वसूल कर गरीब लोगों को अपने बच्चे को पैसे लेकर कथित गोद देने के लिए तैयार करते हैं। आमतौर पर कई बार गरीब परिवारों से सम्बद्ध माताएं गर्भपात के लिए अस्पताल/ नर्सिंग होम में आती है तो वहां मौजूद डॉ /नर्स ऐसी माताओं को प्रलोभन देकर बच्चे को जन्म देने और तदुपरांत पैसे लेकर गोद देने के लिए तैयार कर लेते हैं कई बार नवजात शिशुओं को चोरी कर बिक्री के लिए लाया जाता है। देश भर में हर साल लाखों नवजात शिशुओं की चोरी की वारदातें सामने आ रही है।मामले पुलिस स्टेशन की फाइल में दबकर रह जाते हैं यही बच्चे निसंतान दंपति मुंह मांगी कीमत चुकाकर खरीद लेते हैं कानूनी बचाव के लिए गोदनामा बना दिया जाता है। क्या यही नैतिकता का आचरण है? स्पष्ट है कि सिर्फ अपना परिवार चलाने के लिए नैतिक अनैतिक तरीके से दूसरे के बच्चों को खरीदना न सिर्फ समाज के प्रति अपराध है वरन बेहद संगीन अपराध भी है ऐसे लोगों के साथ जितनी सख्ती की जाए कम होगी।

**एक नजर**

### विशेष अभियान के तहत फरार वारंटी शेख सलीम उर्फ संटी गिरफ्तार



**किरंदुल, 10 अप्रैल।** गौरव राय (भा.पु.से.), पुलिस अधीक्षक महोदय दन्तेवाड़ा, आर. के. बर्मन (रा.पु.से) अति. पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा के निर्देशन में एवं कपिल चंद्रा (रा.पु.से) पुलिस अनुविभागीय अधिकारी किरन्दुल, के मार्ग दर्शन में लोकसभा निर्वाचन आचार संहिता के दौरान थाना किरन्दुल के लम्बे समय से फरार स्थायी/गिरफ्तारी वारंटियों की तामीली एवं धर-पकड़ अभियान चलाये जा रहे है, जिसके अंतर्गत थाना किरन्दुल के - (1) अप.क्र. 107/2022 धारा 379, 34 भादवि. , (2) अप.क्र. 05/2023 धारा 457, 380, 34 भादवि एवं (3) अप.क्र. 56/2023 धारा 457, 380, 511,34 भा.द.वि. के गिरफ्तारी वारंटी-शेख सलीम उर्फ संटी पिता शेख सत्तार उम्र 22 वर्ष साकिन धरमपुर कैम्प किरन्दुल थाना - किरन्दुल जिला दन्तेवाड़ा को पता तलाश कर दिनांक 08.04.2024 को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा उक्त गिरफ्तारी वारंटी का जेल वारंट जारी करने पर जिला जेल दन्तेवाड़ा दाखिल कराया गया है। कार्यवाही में निरीक्षक प्रहलाद कुमार साहू, प्र.आर. देवकुमार गौर, प्र.आर. मंगू ताती आरक्षक प्रदीप मिंज, छ्सस्त्र आरक्षक निलधरतर्मा, की विशेष भूमिका रही।

### डाक कर्मचारियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



**कोण्डागांव।** देश मे हो रहे लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत डाकघर के कर्मचारियों ने मंगलवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली डाकघर से शुरू हुई जो बस स्टैंड से घड़ी चौक तक मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में मतदाताओं को पंपलेट बांटकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर लोगोंको नारों के माध्यम से जागरूक किया गया ताकि मतदान का प्रतिशत बढ़ सके। चुनाव का पर्व देश का गर्व, सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो जैसे नारे लगाए गए। शत प्रतिशत मतदान करने के लिए पोलिंग बूथ पर आने के लिए लोगो से बढ़ चढ़ कर मतदान करने के जागरूक किया। जिसमें उपसंभागीय निरीक्षक डाक आरएस मिश्रा, सुभाष भुआर्य, उपडाकपाल शत्रुघन निषाद सहित समस्त डाक कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### डॉ.जे. गणेशन ने चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

**जगदलपुर 10 अप्रैल ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 10 बस्तर (अजजा) के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ.जे.गणेशन ने मंगलवार को बस्तर जिले के चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया और मतदान केन्द्रों पर निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप मतदाताओं के लिए छाया, पेयजल, शौचालय की सुविधा सहित दिव्यांग मतदाताओं हेतु रैम्प इत्यादि की व्यवस्था को देखा और ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के लिए छाया एवं पेयजल की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए।

सामान्य प्रेक्षक डॉ.गणेशन ने अपने भ्रमण के दौरान बड़ांजी एवं लोहण्डीगुड़ा चेक पोस्ट का जायजा लिया और यहां तैनात स्थैतिक निगरानी दलों के कार्यों का जांच कर नकदी, आभूषण एवं शराब के अवैध परिवहन पर कड़ी निगरानी रखे जाने के निर्देश दिए।

कांग्रेस ने प्रदेश की खनिज संपदा को लूटा, सत्ता के दौरान किया केवल भ्रष्टाचार

# भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप ने चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन माता दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना कर किया प्रचार अभियान शुरू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर,10 अप्रैल।** जैसे-जैसे चुनाव की तिथि समीप आ रही है,वैसे वैसे भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप भी अपना पूरा दमखम झोंक रहे हैं,मंगलवार को महेश कश्यप ने नगरनार ,नानगुर, माड़पाल, बिरिंगपाल, बालीकोंटा, सादगुड़, बोदल, नियानार सहित कई गांवों का दौरा कर भाजपा के लिए समर्थन मांगते हुए ज्यादा से ज्यादा मतदान की अपील की।इससे पहले महेश कश्यप ने चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस माता दंतेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्र और प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना के साथ, अपने चुनावी कार्यक्रम का आगाज किया।इधर भाजपा के कार्यकर्ता और पदाधिकारी बेहद सक्रिय दिखाई दिए ,जो बड़ी संख्या में गांव और नगर के प्रत्येक घरों में जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों को गिना रहे हैं और विष्णुदेव साय सरकार के विगत दो महीने में किए गए विकास कार्यों की जानकारी दे रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप ने कहा कि कांग्रेस ने अपने झूठे वादों के बल पर प्रदेश में अपनी सरकार बना कर 5 साल जमकर भ्रष्टाचार करते हुए,प्रदेश के खनिज संसाधनों को लुटा । परंतु प्रदेश की जनता ने



विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी पर विश्वास जताया और कांग्रेस को सत्ता से उखाड़ फेंका।आगामी 19 अप्रैल को भी बस्तर की जनता कांग्रेस को बस्तर से उखाड़ फेंकने और भाजपा के विकास को अपना बहुमत देगी तथा कांग्रेस का बस्तर से सूपड़ा साफ़ कर देगी और माननीय नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के पद पर सुशोभित करेगी।नगरनार मण्डल अध्यक्ष सुब्रतो विश्वास ने कहा कि कांग्रेस एक डूबता जहाज है जो इस जहाज में चढ़ेगा वो डूबेगा ही। इसलिए सभी कांग्रेस छोड़कर लगातार भाजपा प्रवेश कर रहे है। भाजपा लगातार आदिवासियों के हित मे कार्य कर रही हैं। छत्तीसगढ़ में 15 साल विकास करनें वाली भाजपा सरकार को इस बार फिर से छत्तीसगढ़ के विकास हेतु जनता ने सरकार बनाकर बिठाया है। बस्तर के बेटा को इस बार आप सभी सांसद बनाकर दिल्ली भेजेंगे तो बस्तर फिर विकास की ओर अग्रसर होगा, जिसके लिए 19 अप्रैल को कमल छाप पर आप सभी को बटन दबाना है।शहर से सटे बालीकोंटा में भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप के प्रवास के दौरान कांग्रेस के 5 कार्यकर्ताओं ने पार्टी छोड़ भाजपा की सदस्यता ली।इस दौरान कार्यक्रम में आनंद मोहन मिश्रा, रामाश्रय सिंह ,रैनु बघेल,पदलाम नाग,रघु सेठिया, मोहन सेठिया ,विश्वनाथ पाणिग्राही, लखिधर बघेल,टेम्ल बघेल,जयंत जोशी,महेंद्र बघेल,अंनत बघेल, दयाराम बघेल, आशीष ठाकुर,लाला पटेल,गोपी नाथ गौतम, सहित अन्य मौजूद थे।वहीं नानगुर मंडल के कार्यक्रम में सतीश सेठिया, रजनीश पाणिग्राही, धरमु मण्डावी,नीलाम्बर सेठिया ,राजू ओगले सहित अन्य मौजूद थे।

# पहले दिन नगर परिवार ने नगर की सुख शांति के लिए माता की पूजा की



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल, 10 अप्रैल।** नगर परिवार की सुख शांति समृद्धि एवं मंगलमय जीवन तथा सामाजिक समरसता की दृष्टि से चैत्र नवरात्रि प्रथम दिन मंगलवार दिनांक 9-4-2024 नगर परिवार की आस्था श्रद्धा का प्रमुख देवस्थल श्री राघव मंदिर किरंदुल में बैलाडीला देव स्थान समिति के तत्वावधान में बी आई ओ एम परियोजना काम्प्लेक्स के सम्माननीय मुख्य महाप्रबंधक श्री पद्मनाभ नाईक जी सपत्नीक , मुख्य महाप्रबंधक वर्कर्स श्री कृष्णा आहुजा जी ,जी एम उत्पादन श्री राजा कुमार , सपत्नीक जी एम विघुत श्री सुब्रमण्यम साहब जी सपत्नीक ,उप महाप्रबंधक कार्मिक श्री बी के माधव जी सपत्नीक ,उप महाप्रबंधक सिविल श्री रामनाथ साहब जी सपत्नीक,किरंदुल थाना प्रभारी श्री प्रहलाद साहू जी, एवं परियोजना के उच्चाधिकारी , सम्माननीय प्राचार्य, तथा किरंदुल के विभिन्न सामाजिक , धार्मिक, सांस्कृतिक संस्थाओं के सम्माननीय मुखिया, पत्रकार , गणमान्यजन ,नगर परिवार की गरिमामय उपस्थिति में जगत जननी आदि शक्ति भवानी मां दुर्गा ,मां काली की विशेष पूजा अर्चना के साथ माता रानी के चरणों में नगर परिवार द्वारा समर्पित मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना, प्रज्वलित, आरती , भोग प्रसाद वितरण किया गया । इस पावन अवसर पर प्रतिदिन विशेष पूजा अर्चना, चण्डी पाठ, हवन , आरती, भजन संध्या, भोग प्रसाद वितरण होगा और दुर्गा नवमी दिनांक 17-4-2024 को दुर्गा नवमी हवन, सामुहिक कन्या भोज , प्रसाद वितरण, कलश विसर्जन किया जायेगा। नगर परिवार को उपरोक्त धार्मिक अध्यात्मिक अनुष्ठान में आयोजन समिति सादर आमंत्रित करती है ।

# कलेक्टर ने सर्वाधिक पिछड़ी जनजाति के गांव पहुंच आम लोगों से मतदान की अपील की



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 10 अप्रैल।** स्विप कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधीश दीपक अग्रवाल ने आज प्रदेश के सबसे पिछड़ी जनजाति भुजिया जनजाति के विशेष गांव महुआभाटा पहुंचकर ग्रामीणों को चुनाव की महत्वता बदलते हुए उन्होंने कहा कि 100त्न मतदान इस गांव से होना चाहिए जिसके लिए उन्होंने ग्रामीणों को प्रेरित करते हुए बतलाया कि निर्वाचन प्रक्रिया लोकतंत्र के लिए कितना महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से यह भी पूछा कि मतदान की प्रक्रिया में क्या दिक्कत और कहां परेशानी आ रही है तथा इस बार के नए नियम के अनुरूप ग्रामीणों को अवगत कराया की 80 साल से ऊपर के बुजुर्ग जिन्हें मतदान केंद्र पहुंचने में दिक्कत होती है या फिर दिव्यांगजन है जिनको आने-जाने में मतदान केंद्र में दिक्कत होती है जिसके चलते वे मतदान नहीं कर सकते ऐसे मतदाताओं के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से विशेष वाहन की व्यवस्था की जाएगी और वह आराम से अपना मत का उपयोग कर सकते हैं इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ रीता यादव ने कहा कि आप लोग अधिक से अधिक मतदान करें और लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें इस अवसर पर ग्रामीणों ने जिलाधीश दीपक अग्रवाल को अस्वस्थ किया कि वे निश्चित रूप से पूरे गांव के गांव वाले वोट डालने का प्रयास करेंगे ताकि 100त्न मतदान हो इस अवसर पर जिलाधीश दीपक अग्रवाल ने भुजिया जनजाति की बोली में लोगों को शपथ दिलवाया कि वह मतदान में अधिक से अधिक भाग लेकर इस लोकतंत्र के पर्व को सफल बनाएंगे



# मत की गोपनीयता किसी भी स्थिति में भंग न हो

## होम वोटिंग के प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए निर्देश

**कांकेर, 10 अप्रैल ।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत् कांकेर लोकसभा क्षेत्र क्रमांक-11 में आगामी 26 अप्रैल को मतदाताओं के द्वारा मतदान किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस बार 85 वर्ष से अधिक आयु वाले वृद्ध मतदाता और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को डाक मतपत्र के माध्यम से घर जाकर (होम वोटिंग) की सुविधा दी जा रही है, जहां मतदान अधिकारियों के द्वारा बैलट पेपर के जरिए 14 से 16 अप्रैल के बीच वोट कराया जाएगा।

जिला पंचायत के सभाकक्ष में आज दोपहर को आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने होम वोटिंग सम्पन्न कराने वाले मतदान अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन एक अतिमहत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसमें पूरी सावधानी, सतर्कता और निष्पक्षता के साथ दायित्वों का निर्वहन करना होता है। उन्होंने आगे कहा कि होम वोटिंग के दौरान यह विशेष तौर पर मतदान अधिकारियों को ध्यान रखना होगा कि मत की गोपनीयता किसी भी स्थिति में भंग न होने पाए। यदि गलती से भी गोपनीयता भंग होती है तो वह अपराध की श्रेणी में आएगा। किसी तरह की त्रुटि करने से बेहतर है प्रक्रिया की पूरी जानकारी से अवगत हो जाएं अथवा उच्चाधिकारी से सम्पर्क कर उसके प्रत्येक पहलू से रूबरू हो जाएं। कलेक्टर ने आगे कहा कि वोट दर्ज किए गए बैलेट पेपर को प्रतिदिन वहीं जमा कराएं, जहां से लिया गया हो।

इन 12 वैकल्पिक पहचान पत्र को भी दिखाकर किया जा सकेगा मतदानप्रशिक्षण में जानकारी दी गई कि यदि किसी वोटर के पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो भी 12 प्रकार के वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्र दिखाकर वह मतदान कर सकेगा। इन 12 प्रकार के वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्रों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक अथवा डाकघर द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक शामिल है। इसके अलावा श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/ लोक उपक्रम या पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद् सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड शामिल हैं। प्रशिक्षण के दौरान जिला पंचायत के सीईओ एवं डाक मतपत्र के नोडल अधिकारी श्री सुमित अग्रवाल भी मौजूद थे।

# सी-विजिल एप से आम नागरिक कर सकते हैं आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

**कांकेर, 10 अप्रैल ।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के लिए आदर्श आचरण संहिता लागू होने के बाद से संसदीय निर्वाचन क्षेत्र-11 कांकेर अंतर्गत सी विजिल एप में निर्वाचन संबंधी अब तक कुल 22 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से सभी का निराकरण किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन संबंधी शिकायतों की त्वरित सूचना एवं समाधान के लिए मोबाइल एप्लिकेशन 'सी-विजिल' शुरू किया गया है, जिसके माध्यम से कोई भी नागरिक लोकसभा निर्वाचन के दौरान आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की ऑनलाइन शिकायत कर सकता है। इस मोबाइल एप को स्मार्टफोन के प्ले-स्टोर के जरिए आसानी से इंस्टाल किया जा सकता है। सी-विजिल एप में आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन संबंधी घटना का फोटोग्राफ, वीडियो या ऑडियो के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। निर्वाचन आयोग द्वारा शिकायत करने के 100 मिनट के अंदर कार्यवाही की जाती है। साथ ही इस मोबाइल एप में शिकायतकर्ता की पहचान बताए बिना भी शिकायत दर्ज कराने का विकल्प है। इसके अलावा जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष में भी दूरभाष नंबर 07868-241019 पर संपर्क कर शिकायत की जा सकती है, साथ ही निर्वाचन से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इसके अलावा मतदाता संबंधी किसी भी प्रकार की सहायता के लिये टोल फ्री नम्बर 1950 पर कॉल करके संपर्क किया जा सकता है।



### बिटिया आग्रह टोली ने सरंगपाल में शत-प्रतिशत मतदान का किया अनुरोध

**कांकेर, 10 अप्रैल ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी श्री सुमित अग्रवाल के निर्देशानुसार अशासकीय विद्यालय की बिटिया आग्रह टोली द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत ग्राम सरंगपाल में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रैली का आयोजन किया गया। विद्यालय की बिटिया आग्रह टोली द्वारा गांव में घर-घर जाकर मतदाताओं को अनुरोध पत्र सोंपा गया तथा मतदाताओं से आग्रह किया गया कि 26 अप्रैल 2024 को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इस दौरान समस्त मतदाताओं को मतदान करने के लिए शपथ दिलाया गया। उक्त आयोजन को सफल बनाने हेतु तथा प्रत्येक मतदाता तक पहुँचने के लिए विद्यालय द्वारा शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में दो टोलियाँ बनाकर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए संवाद किया।

### समूह की महिलाएं दीवार लेखन से मतदाताओं को कर रहीं जागरूक

**कांकेर, 10 अप्रैल ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह के निर्देश पर और जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी श्री सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लिए लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा है। इसी क्रम में कांकेर ब्लॉक के ग्राम पंचायत गढ़पिछवाड़ी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्वसहायता समूह के सदस्यों द्वारा रैली निकाली गई। इसके अलावा दीवाल लेखन एवं रंगोली के माध्यम से मतदाता जागरूकता संबंधी विभिन्न स्लोगन के माध्यम से निष्पक्ष, निडर एवं स्वतंत्र मतदान का संदेश दिया गया। उक्त कार्यक्रम में श्रमिकों को 'जागरूक रहेंगे मजदूर-मतदान करेंगे मजदूर' के नारे के साथ आगामी लोकसभा निर्वाचन में मतदान दिवस 26 अप्रैल को अनिवार्य रूप से मतदान के लिए शपथ दिलाई गई।

### निर्वाचन अवधि के दौरान अभ्यर्थियों के व्यय लेखे के निरीक्षण के लिए तिथि निर्धारित

**कांकेर, 10 अप्रैल ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन-2024 के दौरान प्रचार-प्रसार में विभिन्न मदों पर किये जाने वाले व्ययों की प्रविष्टि दैनिक व्यय लेखा पुस्तिका में प्रतिदिन किया जाना है, साथ ही एवं निर्वाचन अवधि में 03 बार दैनिक व्यय लेखा पुस्तिका को निरीक्षण हेतु प्रस्तुत किया जाना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने इस संबंध में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-11 कांकेर के अभ्यर्थियों के व्यय लेखा पुस्तिका के निरीक्षण के लिए तिथि निर्धारित की है। निर्धारित तिथि के अनुसार दैनिक व्यय लेखा पुस्तिका का प्रथम निरीक्षण 12 अप्रैल 2024 को प्रातः 10 बजे से, द्वितीय निरीक्षण 18 अप्रैल 2024 को तथा तृतीय निरीक्षण 24 अप्रैल 2024 को प्रातः 10 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी अभ्यर्थियों को उक्त निर्धारित स्थान, तिथि एवं समय में निरीक्षण हेतु दैनिक व्यय लेखा पुस्तिका, बैंक पासबुक (निरीक्षण के एक दिन पूर्व एंट्री अनिवार्य), बिल-व्हाउचर्स व खर्चों से संबंधित अन्य दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अधिकृत अभिकर्ता (एजेंट नियुक्ति पत्र आवश्यक) की उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा गया है।

### स्वीप के तहत मैराथन दौड़ 12 अप्रैल को

**कांकेर, 10 अप्रैल ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मैराथन दौड़ (क्रॉसकंट्री) का आयोजन 12 अप्रैल 2024 को शासकीय नरहरदेव उत्कृष्ट विद्यालय के प्रांगण में प्रातः 7:00 बजे से होगा। मैराथन दौड़ में पुरूष वर्ग के लिए 10 कि.मी.एवं महिला वर्ग के लिए 5 कि.मी. दूरी रहेगी।

# ठेठवर समाज के वार्षिक अधिवेशन में बदलाव पर दिया गया जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दानेवरा, 10 अप्रैल।** ठेठवार सभाऱआज दिनांक किरना पार ठेठवार समाज का वार्षिक अधिवेशन बोहरहि धाम में रखा गया था। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री गुलेन्द्र यादव प्रांताध्यक्ष राजिम महासभा अध्यक्षता श्री संतोष यदु रायपुर राज अध्यक्ष विशिष्ट अतिथि मनीराम यादव महासचिव रायपुर राज कोषाध्यक्ष शोभा राम यादव रायपुर राज युवा प्रकोष्ठ महासचिव महितोष यादव रायपुर राज कोषाध्यक्ष बंशी लाल यदु रायपुर राज महिला प्रकोष्ठ रायपुर राज अध्यक्ष गंगोत्री यदु महासचिव रायपुर राज महिला प्रकोष्ठ केशरी यादव रायपुर महानगर इकाई अध्यक्ष हरिराम यादव कोषाध्यक्ष प्रवीण यादव सचिव इंद्रदेव यादव कठिया पार अध्यक्ष रघुनंदन यादव बसंत यदु,नीतीश यदु अपनी गरिमामयी उपस्थिति दिये,किरना पार अध्यक्ष कुलेश्वर यादव एवं समस्त किरना पार पदाधिकारीगण समस्त



अतिथियों का मोमेंटो प्रतीक चिन्ह भेंट कर गुलाल पुष्प माला से स्वागत किये किरना पार से गरिमामयी उपस्थिति सलाहकार आत्माराम यादव आशाराम यादव भागवत यदु संरक्षक,मनीराम यादव नारायण यादव उपाध्यक्ष जनक यादव सचिव बंशी यादव कोषाध्यक्ष कमलेश यादव सभापति मनोहर यदु गणेश यदु परदेशी यदु सहकोषाध्यक्ष दिलीप यदु सहसचिव राजेश यदु प्रवक्ता उमेश यादव कार्यकारिणी पंच शिव यदु नंदलाल यादव बलराम यादव नंदा यदु जनक राम यशवंत यादव सेवादार,आनंदराम यादव अश्वनी यादव भुजबल यादव युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष धनेश्वर यादव उपाध्यक्ष मनोज यादव कोषाध्यक्ष गज्जू यादव सचिव प्रकाश यदु सरंक्षक रवि यदु प्रवक्ता संदीप यदु महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष यसोदा यदु उपाध्यक्ष शशि यादव सलाहकार दुलारी यादव रीना यादव आज के इस कार्यक्रम को प्रांतीय अध्यक्ष राजिम महासभा श्री गुलेन्द्र यादव जी ने खूब सराहा किरना पार एक मजबूत एवं संगठित पार है।रायपुर राज अध्यक्ष श्री संतोष यादव जी विशेष रूप से युवावों की सराहना के साथ किरना पार वार्षिक अधिवेशन की शुभकामनाएं दिए।रायपुर राज महासचिव मनीराम यादव ने आज के आधुनिक युग मे समाज के कुछ महत्वपूर्ण संस्कृति पर विशेष रूप से दो बातें रखे पहला समाज गंगा के भोज कार्यक्रम में घी का जो चलन था एवं भोजन पश्चात समाज गंगा की जय बुला कर पंगत उठते थे वह कही न कही अब चलन से बाहर हो रहा है ये हमारे समाज का एक अलग ही पहचान था इसे बचाना है। दूसरा शादी के समय दो रस्म है एक शादी दुसरा सगाई कम से कम एक नेग सगाई वाला मातृत्व शक्ति को मौका मिले बेटी के ससुराल में जाने का समापन के अंतिम अवसर पर किरना पार अध्यक्ष जी ने समस्त अतिथियों एवं किरना पार का आभार व्यक्त किया

## एक नजर

### मॉक ड्रिल कर बताया गया मतदान कैसे करें

**महासमुंद,10 अप्रैल।** जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए नित नए नवाचार किए जा रहे हैं। मतदाताओं को मतदान के अधिकार बताने के लिए भी कई तरह की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। स्वीप गतिविधि अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में मतदान करने की प्रक्रिया को समझाने के लिए पूर्वाभ्यास किया गया। जिसमें स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय महासमुंद के मतदान केंद्र में मतदान की पूरी प्रक्रिया का प्रस्तुतीकरण किया गया। यहां मतदान केंद्र को आदर्श मतदान केंद्र के रूप में आकर्षक तरीके से सजाया गया था तथा सुविधा केंद्र सहित व्हील चेयर और खेल कॉर्नर भी बनाया गया था। मतदान केंद्र के भीतर पीठासीन अधिकारी सहित मतदान दल अधिकारी 1, 2, 3 को बिठाकर मॉक ड्रिल किया गया।महिला और पुरुष मतदाताओं द्वारा बारी-बारी से मतदाता परिचय पत्र के माध्यम से मतदान कराया गया। वहीं दिव्यांगों को मतदान कक्ष तक पहुंचाने में मदद करने के लिए वालंटियर द्वारा सहायता करने का दृश्य भी दिखाया गया। मतदान कक्ष के अन्दर सभी अधिकारियों द्वारा अपने कर्तव्यों का निर्वहन भली भांति तरीके से किया गया। मतदान कक्ष में बैलेट यूनिट भी रखा गया था। जिसमें मतदान का पूर्वाभ्यास किया गया। जिसमें मतदान अधिकारी क्रमांक 1 द्वारा मतदाता सूची के चिन्हित प्रति के प्रभारी के रूप में मतदाता की पहचान का सत्यापन किया। मतदान अधिकारी क्रमांक 2 द्वारा मतदाता की बायीं तर्जनी में अमिट स्याही लगाया गया तथा मतदाता रजिस्टर में मतदाता का हस्ताक्षर लिया गया। इसके अलावा उनके द्वारा मतदाता पर्ची भी जारी किया गया। मतदान अधिकारी क्रमांक 3 द्वारा मतदाता पर्ची को जमा कराया गया तथा कंट्रोल यूनिट के बैलेट बटन को दबा कर मतदाता को मतदान करने के लिए वोटिंग कंपार्टमेंट में भेजा गया। पीठासीन अधिकारी दल के प्रभारी के रूप में समस्त कार्यों का निरीक्षण करते हुए आपात अथवा विषम परिस्थितियों का समाधान किया। इस दौरान नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे, स्वीप के सहायक नोडल रेखराज शर्मा, प्रशिक्षकगण, नगरपालिका व निर्वाचन से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

### बंदियों को स्वास्थ्य की जानकारी दी और जांच भी की गई

**महासमुंद,10 अप्रैल।** जेलों में परिरूद्ध बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए संचालनालय आयुष रायपुर छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार व जिला आयुर्वेद अधिकारी जिला महासमुंद डॉ. प्रवीण चंद्राकर के मार्गदर्शन में प्रति माह दूसरे व चौथे मंगलवार को जिला जेल महासमुंद में आयुष स्वास्थ्य व जागरुकता शिविर लगाकर किया जा रहा है। बंदियों के स्वास्थ्य में सुधार, आयुर्वेद व योग के माध्यम से चिकित्सा किया जाएगा। इस उपक्रम में प्रत्येक माह के चतुर्थ मंगलवार को योग शिविर आयोजित किया जाना सुनिश्चित हुआ है।मंगलवार को जिला जेल महासमुंद में आयुष चिकित्सा व जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में शासकीय आयुष पॉली क्लिनिक महासमुंद में पदस्थ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी व मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. सर्वेश दुबे अपने सहयोगी खोमन लाल साहू (औषधालय सेवक) के साथ बंदियों को स्वास्थ्य के सम्बंध में जानकारी दिए और उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया। जेल अधीक्षक उत्तम कुमार पटेल के सहयोग से इस चिकित्सा व जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। जेल में पदस्थ ममता पटेल ( फार्मासिस्ट) का सहयोग इस शिविर के संचालन में प्राप्त हुआ। शिविर में उदर रोग, अतिसार, प्रतिश्याय, कास, चर्म रोग, वात रोग, दौर्बल्य सहित मूत्र रोग के 82 लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### मतदान अवश्य करें थीम पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**महासमुंद,10 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदाताओं को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के निर्देशन में स्वीप गतिविधियां निरंतर जारी हैं। इसी क्रम में स्वीप महासमुंद 2024 अंतर्गत जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. मालती तिवारी एवं संस्था के प्राचार्य एचएल दीवान के मार्गदर्शन में शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में मतदान अवश्य करें थीम पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मतदान करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि हमें बिना किसी प्रलोभन के मतदान करना चाहिए। भारत में लोकतंत्र को मतदान द्वारा ही जन-जन तक पहुंचाया जा सकता हैं। स्वीप प्रभारी डॉ. मालती तिवारी ने विद्यार्थियों को बताया कि भारत के नागरिकों को संवैधानिक रूप से वोट का अधिकार मिला हैं, इसलिए हमें वोट के द्वारा भारत में लोकतंत्र को मजबूत करना चाहिए। भारत की सबसे बड़ी शक्ति मतदाता ही हैं।

# मतदान के लिए नेवता तुंहर दुवार आमंत्रण लेकर बिरहोर बस्ती पहुंचे कलेक्टर



**रायगढ़, 10 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के नेतृत्व में जिला प्रशासन आज मतदान के लिए नेवता तुंहर दुवार आमंत्रण लेकर विकासखंड तमनार के विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर बाहुल्य ग्राम कचकोबा पहुंचे। जहां स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने सभी को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि सभी मतदाता मतदान अवश्य करें। उन्होंने इस दौरान बुजुर्ग एवं नए मतदाताओं को श्रीफल देकर सम्मानित किया। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि चुनाव का पर्व देश का गर्व है, इसमें सबकी सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने स्थानीय बोली बिरहोर में 'इंग भारत इया अथरे भारत इदना' मैं भारत हूं, भारत है मुझमें कहते हुए कहा की हम सब से देश हैं और हमें देश के लिए अपना बहुमूल्य वोट देना आवश्यक है। उन्होंने आगामी 7 मई को मतदान दिवस के दिन सभी लोगों को अवश्य मतदान करने की अपील की। इस दौरान कलेक्टर श्री गोयल ने वृद्ध मतदाता श्रीमती समारी, एतवारिन बिरहोर, श्री अजीराम बिरहोर सहित नये मतदाता गीता बिरहोर, नरेशी बिरहोर, सुमित्रा बिरहोर, रामेश्वरी से चर्चा की तो उन्होंने परिवार संग अन्य लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने की बात कही।उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा निर्वाचन में लोगों की सहभागिता बढ़ाने और शत-प्रतिशत मतदान हेतु विकासखंड पर स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं। जिसमें बड़ी संख्या में जन सामान्य शामिल हो रहे है और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रेरित भी कर रहे है। इसी कड़ी में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा जिले के 461 बिरहोर मतदाताओं को नेवता तुहर दुवार आमंत्रण पत्र प्रदान कर मतदान के लिए आमंत्रित किया गया।

इस अवसर पर एसडीएम श्री रमेश मोर, तहसीलदार रिचा सिंह, सीईओ जनपद पंचायत श्री वीरेन्द्र सिंह राय, बीएमओ श्री मिंज, बीईओ श्रीमती मोनिका गुप्ता, पशुपालन विभाग से श्री कुशवाहा, सीडीपीओ अर्चना मरकाम एवं उद्यान अधिकारी श्री संजय भगत सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।


**कलेक्टर संग मतदाताओं ने ली सेल्फी**

कचकोबा में आयोजित स्वीप कार्यक्रम में ग्रामवासी काफी उत्साहित नजर आए। लोगों ने आगामी होने वाले निर्वाचन के दिन शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु अपील करते हुए कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव के साथ उत्सुकता के साथ सेल्फी ली।

**कलेक्टर ने दिलाई मतदान की शपथ**

कलेक्टर ने आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मतदान हेतु लोगों को शपथ दिलाई। इस दौरान बिरहोर बस्ती के लोगों ने स्थानीय बिरहोर बोली में अंकित श्लोगन के माध्यम से आगामी 7 मई को होने वाले मतदान के लिए प्रेरित किया।

## 96 वर्षीय दयावती इंजापुजारी ने घर में मतदान कर अपनी जिम्मेदारी की पूरी




**बीजापुर 10 अप्रैल ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार असमर्थ और दिव्यांग सहित 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को घर पहुंच मतदान की व्यवस्था की गई थी।घर पर मतदान कर दिव्यांग जनों एवं वयोवृद्ध मतदाताओं में काफी उत्साह देखने को मिला। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय ने भैरमगढ़ और नेलसनार के मतदाताओं के घर पहुंच कर मतदाताओं का हौसला बढ़ाया और लोकतंत्र की मजबूती में एक-एक मत की कीमत को समझाया। वहीं दिव्यांग जन और असमर्थ मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करने पर उनका उत्साहवर्धन किया और जिले के समस्त मतदाताओं को 19 अप्रैल को अपना सब काम छोड़कर सबसे पहले अपने अपने मतदान केन्द्रों में पहुंच कर अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की। बीजापुर के 96 वर्षीय मतदाता श्रीमती दयावती इंजापुजारी ने अपने नातिन की मदद से घर पर ही मतदान किया और कहा कि मैंने अपनी जिम्मेदारी पूरी की आप सभी 19 अप्रैल मतदान केन्द्रों में पहुंच कर अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें।

वयोवृद्ध मतदाता इंजापुजारी ने घर पहुंच मतदान व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि इस व्यवस्था के कारण मैंने अपना मताधिकार का प्रयोग कर पाई इस बात की खुशी है कि लोकतंत्र की मजबूती में मैंने अपनी जिम्मेदारी निभाई।

**दिव्यांग भाई -बहन ने घर पर मतदान कर लोगों को मतदान करने का दिया संदेश**

-भैरमगढ़ ब्लॉक के नेलसनार निवासी दिव्यांग भाई -बहन जयराम सोनवानी और अंजली सोनवानी ने अपने घर पर मतदान कर खुशी जाहिर करते हुए घर पहुंच मतदान व्यवस्था की सराहना करते हुए सभी मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरुकता संदेश भी दिया।जिले में कुल 24 वयोवृद्ध और दिव्यांग जन श्रेणी के मतदाताओं घर पहुंच मतदान के लिए आवेदन किया था जिसके लिए 6 मतदान दलों का गठन किया गया था जिन्होंने सफलता पूर्वक मतदान करवाया।घर पहुंच मतदान केन्द्रों का कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय सहित सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्री जागेश्वर कौशल,नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम सिंह पंचारी सहित सभी अनुभाग के एसडीएम तहसीलदार ने मौके पर पहुंच मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित और जागरूक किया।

## सभी बैंको में हुए संदेहास्पद लेन-देन की जानकारी तय फार्मेट में अनिवार्य रूप से प्रतिदिन दी जाए: गोयल



**रायगढ़, 10 अप्रैल।** सभी बैंकों के सभी शाखाओं को बैंकों में हुए संदेहास्पद लेने-देन की जानकारी तय फार्मेट में अनिवार्य रूप से प्रति दिवस देनी है। इसी तरह बिना क्यूआर कोड के एटीएम में कैश जमा करने वाले वाहनों का परिचालन नहीं होगा। क्यूआर कोड के बिना कैश मूवमेंट करने वाले वाहनों का परिचालन करते पकड़ा गया तो पूरे कैश को सीज कर दिया जाएगा। उक्त बातें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने आज लोकसभा निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के संबंध में जिले के बैंक प्रबंधकों की बैठक में कही।बैठक में उन्होंने व्यय अनुवीक्षण के संबंध में बैंकों के लिए तय कार्यों को गंभीरता से करने की बात कही। इस दौरान उन्होंने बैंकों में हुए संदेहास्पद लेन-देन, बड़ी मात्रा में 10 लाख तक की राशि जमा अथवा निकासी, उम्मीदवारों एवं उनके परिवार के सदस्यों के एकाउंट से 1 लाख रुपए तक जमा अथवा निकासी, किसी एक एकाउंट से बहुत सारे एकाउंट में अचानक हो रहे ट्रांजेक्शन इन सभी बातों की रिपोर्टिंग तय फार्मेट में प्रति दिवस अनिवार्य रूप से देने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल ने साइबर फ्राड संबंधित शिकायत पर बैंकों द्वारा त्वरित रूप में किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि साइबर फ्राड की शिकायत पर तत्काल फ्राड करने वाले बैंक एकाउंट को होल्ड किया जाए, ताकि फ्राड कैश का आहरण न कर सके। इसी तरह साइबर फ्राड के केसेस में प्रार्थी को रुपए वापस करने संबंधित कोट के फैसला पर त्वरित कार्यवाही करें। इसीतरह पुलिस अधीक्षक श्री पटेल ने सभी बैंकों के सीसीटीवी और एमरजेंसी अलार्म को अच्छी तरह अपडेट रखने की बात कही। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निवार्चन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय ने व्यय अनुवीक्षण के संबंध में जिले के बैकों के सभी ब्रांच द्वारा किए जाने वाले पांच तरह के कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सभी बैंकों द्वारा समय सीमा पर तय फार्मेट में प्रति दिवस एसटीआर उपलब्ध कराने की बात कही। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के अनुसार उम्मीदवारों के बैंक एकाउंट खोलने और उन्हें चेक आदि सुविधा उपलब्ध कराने में तत्परता बरतने की बात कही। अपर कलेक्टर व उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पाण्डेय ने बताया कि उम्मीदवार पूरे निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान नाम निर्देशन के लिए खुलवाए गए बैंक एकाउंट से अधिकतम 10 हजार रुपए ही कैश निकाल सकते हैं। इससे ज्यादा उम्मीदवार किसी भी परिस्थिति में संबंधित एकाउंट से कैश नहीं निकाल सकते। इसी तरह आयोग के निर्देश अनुसार लोकसभा उम्मीदवार अधीकतम 95 लाख रुपए से ज्यादा खर्च नहीं कर सकते हैं। इस दौरान उन्होंने पार्टी विशेष व पार्टी पदाधिकारियों के बैंक एकाउंट से राशि निकालने व जमा करने की स्थिति पर नजर बनाए रखने की बात कही। बैठक में संयुक्त कलेक्टर एवं व्यय अनुवीक्षण नोडल श्रीमती ऋषा ठाकुर, जिला मास्टर ट्रेनस श्री राजेश डेनियल, श्री विकास रंजन सिन्हा सहित सभी बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### सीएमएचओ ने बैठक लेकर राष्ट्रीय कार्यक्रम की बिन्दुवार की समीक्षा

**रायगढ़, 10 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी द्वारा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गाँधी नगर में समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारी/चिकित्सा अधिकारी, आर.एम.ए, सी.एच.ओ, स्टाफ नर्स, पर्यवेक्षक, आर.एच.ओ महिला/पुरूष, डाटा एंट्री आपरेटर, मितानिनों के साथ समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम की बिन्दुवार समीक्षा की गई। उन्होंने अपने निर्धारित लक्ष्य के अनरूप उपलब्धि प्राप्त करने के निर्देश दिये। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के साथ-साथ, फोर ए.एन.सी पंजीयन शत-प्रतिशत कर घर-घर जाकर आयरन एवं कैल्शियम की दवा मरीज द्वारा सेवन किया जा रहा है उसका फालोअप करने के लिये सख्त निर्देश दिए। अस्पताल की साफ- सफाई, मरीजों के साथ कुशल व्यवहार, मौसम में बदलाव होने से दवा का भंडारण अपने संस्था में पर्याप्त मात्रा में रखने हेतु कहा।सीएमएचओ डॉ.चंद्रवंशी ने व्हीएचएसएनडी सेशन के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुसौर के उप.स्वा. केंद्र त्रिभौना में औचक निरीक्षण किया।

## चोरी की 5 बाइकों के साथ युवक गिरफ्तार



**रायगढ़, 10 अप्रैल।** जिले की पुलिस ने चोरी की बाईक को खपाने ग्राहक तलाश रहे एक युवक को पकड़ा है। आरोपी युवक के द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों से सोल्ड बाईक की चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता था। मामला कापू थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक कल थाना प्रभारी कापू निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम को मुखबिर से सूचना मिली कि कापू बस स्टैंड के पास एक युवक सेकंड हैंड बाइक बिक्री के लिए कुछ लोगों से चर्चा कर रहा है, युवक के पास बाइक का कोई कागजात नहीं है संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। तत्काल थाना प्रभारी अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे उन्होंने संदेही युवक को बाइक बिक्री के संबंध में पूछताछ कर कागजात दिखाने बोले जिसमें उसने बाइक के कागजात नहीं होना बताया। थाना प्रभारी ने जब युवक से कड़ाई से पूछताछ करने पर युवक संजय उर्फकलाऊ नगेसिया ने बाइक को महीने पहले पत्थलगांव क्षेत्र से चोरी करना बताया और कुछ बाइक को धरमजयगढए पत्थलगांव और खम्हार बाजार से चोरी कर घर बाड़ी में छुपा कर रखना बताया। कापू पुलिस द्वारा आरोपी संजय उर्फ कलाउ नगेसिया को साथ उसके घर गई, जहां आरोपी के बाड़ी में छुपा कर रखें अन्य बाइक गवाहों के समक्ष बरामद किया गया है।

आरोपी संजय उर्फ कलाऊ नगेसिया पिता मंगलू नगेसिया उम्र 27 साल निवासी रतनपुर टिहलीसराई थाना कापू जिला रायगढ़ के कब्जे से 05 मोटर सायकल. हीरो होण्डा सीडी डीलक्स काला रंग सोल्ड, हीरो एचएफडीलक्स काला रंग सोल्ड, हीरो एचएफ डीलक्स रेड ब्लैक सोल्ड, हीरो एचएफडीलक्स लाल काला रंग सोल्ड, हीरो स्प्लेंडर प्लस नीला काला रंग सोल्ड, कुल कीमती करीब 1,80,000 रुपए का बरामद किया गया।

**चोर की बाइक खपाने के दौरान पकड़ाया**

आरोपी ने बताया कि कल ही उसने चोरी की बाइक बिक्री के लिये निकाला और पकड़ा गया। थाना प्रभारी द्वारा आरोपी के पूर्व आपराधिक रिकार्ड की जानकारी निकाली गई जिस पर आरोपी संजय उर्फ कलाऊ नगेसिया के विरुद्ध पूर्व में थाना बतौली जिला सरगुजा में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध दर्ज होने की जानकारी मिली है। आरोपी के कृत्य पर थाना कापू में कार्रवाई कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर पेश कर जेल दाखिल किया गया है।



### व्यय प्रेक्षक ने एसएसटी अछोला एवं रायतुम का किया निरीक्षण

**महासमुंद 10 अप्रैल ।** महासमुंद लोकसभा क्रमांक 09 के महासमुंद, खल्लारी, बसना एवं सरायपाली के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री मनीष कुमार दबास (आईआरएस) फील्ड में लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने जिले की सीमा के एसएसटी अछोला एवं रायतुम का औचक निरीक्षण किया तथा मार्ग में छड़ सीमेंट के परिवहन के मद्देनजर जीएसटी टीम को गंभीरता से लेने एवं अवरोध लगाने निर्देशित किया गया। उन्होंने बेरियर में रुकिए का संकेत लगाने का निर्देश दिया है। इस दौरान यहां तैनात एसएसटी टीम से जानकारी लेकर संधारित पंजी का अवलोकन भी किया। उन्होंने 24 घंटे सतत निगरानी के निर्देश दिए और किसी भी तरह के अवैध परिवहन और निकासी पर कड़ी नजर रखते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

### भाकपा माओवादी संगठन के प्रचार प्रसार की सामग्री के साथ 3 माओवादी गिरफ्तार



**बीजापुर, 10 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** दिनांक 08/04/2024 को थाना उसूर और केरिपु 196 की संयुक्त पार्टी एरिया डॉमिनेशन पर पेरमापल्ली की ओर निकले थे । पेरमापल्ली से उसूर की ओर वापसी के समय पेरमापल्ली की ओर 02 मोटर सायकल में सवार होकर जा रहे 03 संदिग्धों की चेकिंग पर पास रखे थैला में अवैध विस्फोटक सामग्री डेटोनेटर, जिलेटीन स्टीक एवं प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के साहित्य व प्रचार-प्रसार की सामग्री बरामद किया गया । पकड़े गये संदिग्धों से पूछताछ करने पर अपना नाम सुरेश काका पिता लच्छा काका उम्र 30 वर्ष निवासी टेकमेटला थाना उसूर,नागेश कट्टम पिता राम कट्टम उम्र 22 वर्ष निवासी नेलाकांकेर थाना उसूर,दुला काका पिता गंगा काका उम्र 35 वर्ष निवासी नेलाकांकेर थाना उसूर बताये एवं विस्फोटक सामग्री माओवादियों को देने के लिये लेकर जाना बताये । पकड़े गये माओवादियों के विरूद्ध थाना उसूर में छग विशेष जनसुरक्षा अधिनियम 2005 एवं विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की सुसंगत धाराओं में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त माननीय न्यायालय में पेश किया गया है ।

### सहायक आरक्षक हत्या में शामिल जनमिलिशिया सदस्य गिरफ्तार

**बीजापुर, 10 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् दिनांक 09/04/2024 को डीआरजी कुटरू एवं थाना कुटरू का बल एरिया डॉमिनेशन पर पाता कुटरू की ओर निकली थी । अभियान के दौरान पाताकुटरू के जंगलों से 01 माओवादी मिलिशिया सदस्य 1. आदीराम गाली(जन मिलिशिया सदस्य) पिता गंगाराम उम्र 22 वर्ष निवासी पाताकुटरू थाना कुटरू जिला बीजापुर को पकड़ा गया। उक्त माओवादी दिनांक 20/06/2023 को सहायक आरक्षक संजय बेडजा की हत्या करने की घटना में शामिल था, जिसकी गिरफ्तारी के लिये पुलिस अधीक्षक बीजापुर द्वारा 10.00 हजार रुपए का ईनाम उद्घोषित है। थाना कुटरू में उक्त माओवादी के विरूद्ध 01 स्थाई वारंट लंबित है । थाना कुटरू के द्वारा गिरफ्तार माओवादी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है ।



### बस्तर लोकसभा के व्यय प्रेक्षक ने नोडल अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक



**बीजापुर, 10 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए बस्तर लोकसभा के व्यय प्रेक्षक श्री आशुतोष प्रधान द्वारा जिला कार्यालय में सभी निर्वाचन नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नारायण प्रसाद गवेल द्वारा निर्वाचन के संबंध में जिले में की गई सम्पूर्ण तैयारियों की जानकारी दी गयी। व्यय प्रेक्षक द्वारा जिले में तैनात स्थैतिक निगरानी दलों एवं उड़नदस्ता दलों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों की जानकारी लेते हुए स्थैतिक निगरानी एवं उड़नदस्ता दोनों ही दलों नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने निवार्चन को प्रभावित करने वाली सभी सामग्रियों के परिवहन पर कड़ी निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया। बस्तर लोकसभा व्यय प्रेक्षक श्री प्रधान द्वारा वीडियो निगरानी दल, व्यय अनुवीक्षण दल, मीडिया अनुप्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति के अधिकारियों से चर्चा करते हुए प्रत्येक प्रत्याशी के व्ययों पर कड़ी नजर रखने तथा किसी भी प्रकार के अतिरिक्त खर्च किये जाने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित व्यय को संबंधित प्रत्याशी के खाते में जोड़ने के निर्देश दिये।

अन्तर्राज्यीय चेक पोस्ट का निरीक्षण कर स्थैतिक निगरानी दल को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश-व्यय प्रेक्षक श्री आशुतोष प्रधान ने भैरमगढ़ ब्लॉक के बांगापाल एवं भोपालपटनम ब्लॉक के अन्तर्राज्यीय चेकपोस्ट तिमेड़ का औचक निरीक्षण कर उड़नदस्ता एवं स्थैतिक निगरानी दलों को नियमित निगरानी करने बाहर से आने वाले सभी वाहनों का सघनता पूर्वक जांच करने के पश्चात ही जिले के सीमा में प्रवेश कराने के निर्देश दिए वहीं जांच के दौरान आपत्तिजनक एवं अवैध सामग्री जो निर्वाचन को प्रभावित कर सकता है उनका जब्ती कार्रवाई करने को कहा। चेकपोस्ट में कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति पीने का पानी छाया इत्यादि की जानकारी ली।इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नारायण प्रसाद गवेल सहित नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर श्री दिलीप उईके सहित जिला स्तर नोडल अधिकारी गण उपस्थित थे।



### फुंडरी पुल निर्माण में तेजी, कलेक्टर की उपस्थिति में शुरू हुआ गर्डर चढ़ाने का काम



**बीजापुर, 10 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** भैरमगढ़ से 5 किमी दूर फुंडरी पंचायत के इंद्रावती नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण किया जा रहा है जिससे नदी के उस पार बसे बीजापुर के 12 पंचायत के ग्रामीणों के साथ नारायणपुर के माड़ क्षेत्र ओरछा के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। सोमवार को कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय एवं एसडीएम श्री जागेश्वर कौशल ने पुल निर्माण का निरीक्षण किया कलेक्टर की उपस्थिति में पूर्ण निर्मित पिलर के ऊपर गर्डर चढ़ाने का काम शुरू किया गया। सब इंजीनियर एस आर दुग्गे ने बताया की फुंडरी पुल की लम्बाई 648 मीटर है जिसमें 42 गर्डर लॉचिंग होना है। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया साथ ही ग्रामीणों से बुनियादी सुविधाओं के बारे में चर्चा भी किया।

### निर्वाचन क्षेत्र के कार्यालयों में मतदान के लिए 7 मई को सार्वजनिक तथा सामान्य अवकाश घोषित

**रायगढ़, 10 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने लोकसभा निर्वाचन-2024 के कार्यक्रम अनुसार मतदान दिवस 7 मई 2024 को निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत स्थित कार्यालयों में मतदान के लिए सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश घोषित किया है।

# मॉं बम्लेश्वरी चैत्र नवरात्रि मेला में 800 से अधिक पुलिसकर्मी ड्यूटी में तैनात

## अगले 9 दिन तक अंजोरा बाईपास से डोंगरगढ़ मेला स्थल तक संभालेंगे सुरक्षा व्यवस्था

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 10 अप्रैल।** 9 से 17 अप्रैल तक मां बम्लेश्वरी डोंगरगढ़ चैत्र नवरात्रि का पर्व मनाया जायेगा। इस दौरान डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी के दर्शन हेतु श्रद्धालुगण लाखों की संख्या में आने की संभावना है। इस दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं सम्पूर्ण नवरात्रि पर्व को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अलग-अलग जिलों का बल बुलाया गया है जिसमें पुलिस जिला बल, सीएएफ, होम गार्ड, यातायात पुलिस शामिल हैं। सम्पूर्ण मेला व्यवस्था को 04 सेक्टर में बांटा गया है जिसमें लगभग 800 से अधिक पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों का ड्यूटी लगाया गया है, जिसे क्षीरपानी परिसर में श्री बी.पी.राजभानू, सेनानी 08 वीं वाहिनी छसबल राजनांदगांव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन श्री मुकेश ठाकुर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव राहुल देव शर्मा द्वारा मेला ड्यूटी पर लगे बल को ब्रीफ कर ड्यूटी वितरण किया गया। यातायात पुलिस द्वारा अंजोरा बाईपास से रामदरबार, सुकुलदैहान, मुसरा होते हुए डोंगरगढ़ तक पैदल यात्रियों के लिए जगह-जगह बैरिकेट व पुलिस जवान तैनात किया गया है। उपर मॉं बम्लेश्वरी मंदिर से निचे मॉं बम्लेश्वरी मंदिर तक पुलिस जवानों को तैनात किया गया है ताकि दर्शनार्थियों को किसी प्रकार का परेशानियों का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर अति.पु.अधी. नक्सल ऑपरेशन राज. मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव राहुल देव शर्मा, उप सेनानी 07 वीं. वाहिनी छसबल भिलाई मीता पवार, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया, उप पुलिस अधी0 अजाक तनुप्रिया ठाकुर, पुलिस अनु.अधि. डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम, उप पु.अधी. पीटीएस अंजली ऐरेवार, उप पु.अधी. नक्सल सेल राज. अजीत ओगरे, उप पु0अधी0 दुर्ग एलेक्जेण्डर किरो, उप पु.अधी. बेमेतरा कौशिल्या साहू, सहायक सेनानी 08 वीं वाहिनी राज. हरीश टोण्डर, उप पु.अधी. मुंगेली नवनीत पाटिल, सहायक सेनानी 03 वीं. वाहिनी छसबल अमलेश्वर अनिता सागर, सहायक सेनानी 14 वीं वाहिनी बालोद अजीत सिंह यादव, उप पुलिस अधी. रायगढ़ अनामिका जैन, उप पु.अधी. कोरिया जे.पी. भारतेन्दु, प्रशिक्षु उप पु.अधी. राजनांदगांव नवीन एक्का एवं जिले एवं अन्य जिले से आये अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित थे।





## एक नजर

### जेल में परिरुद्ध 60 बंदियों का किया गया आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज



**बलौदाबाजार,10 अप्रैल।** जिला जेल बलौदाबाजार में परिरुद्ध 60 बंदियों का मंगलवार को आयुर्वेदिक पद्धति से ईलाज किया गया। बंदियों एवं जेल स्टाफ का पुराना सर्दी, खांसी, चर्म रोग,उदररोग,ब्लड प्रेशर, शुगर का आयुर्वेद पद्धति से रहन- सहन, खान -पान, पथ्य- अपथ्य की जानकारी एवं दवाई दी गई। जिला अवयुर्वेद अधिकारी डॉ गोदावरी पैकरा ने बताया कि संचालनालय आयुष के निर्देशानुसार प्रदेश के जेलों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर परिरुद्ध बंदियों के समुचित उपचार व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया है। चिकित्सा निदान में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एल.एस. ध्रुव, फार्मासिस्ट विनोद कुर्रे, औषधालय सेवक योगेंद्र गेंदरे शामिल थे।

### मीडियाकर्मी डाक मतपत्र से भी कर सकेंगे मतदान

**बलौदाबाजार 10 अप्रैल।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए अनिवार्य सेवाओं में प्राधिकार पत्र प्राप्त मीडियाकर्मियों को भी शामिल किया गया है। प्राधिकार पत्र जारी मीडियाकर्मी फॉर्म 12 घ भरकर डाक मतपत्र से मतदान कर सकेंगे। जिले के ऐसे मीडियाकर्मी जिनके नाम लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु मीडिया प्राधिकार पत्र के लिए भेजा गया है, उन्हें निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकार पत्र जारी किया जाना है। ऐसे प्राधिकार पत्र जारी मीडियाकर्मी जो मतदान दिवस 7 मई को अपने ड्यूटी के कारण मतदान केन्द्र पर जाकर अपना वोट नही डाल सकते, उनके लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की गई है।ऐसे मीडियाकर्मी प्रारूप 12घ में अपना आवेदन अधिसूचना जारी होने की तिथि 12 अप्रैल से 17 अप्रैल 2024 तक सम्बंधित सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के पास जमा कर सकते हैं। प्रारूप 12घ का आवेदन जिला जनसंपर्क कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।प्रारूप 12घ में आवेदन के दौरान मोबाईल नम्बर, वोटर आईडी नंबर एवं निर्वाचक नामावली की भाग संख्या एवं सरल कमांक सही-सही दर्ज करना अनिवार्य होगा।निर्वाचक नामावली में अद्यतन भाग संख्या एवं सरल क्रमांक पता करने हेतु वोटर हेल्पलाईन एप्प का उपयोग कर सकते हैं।

# कांग्रेस की बैठक में महालक्ष्मी न्याय गारंटी योजना को घर घर तक पहुंचने अभियान किया प्रारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा 10 अप्रैल।** आगामी लोकसभा चुनाव के संदर्भ में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा की बैठक अध्यक्ष डाक्टर कृष्ण कुमार नायक एवं कार्यकारी अध्यक्ष हिरेंद्र कोसले के नेतृत्व कांग्रेस भवन में संपन्न हुई महालक्ष्मी न्याय गारंटी योजना को घर-घर तक पहुंचाने अभियान प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक इंद्र साव ने कहा कि गरीबों के लिए संचालित जितनी भी योजना है वह सभी कांग्रेस सरकार के द्वारा पूर्व में संचालित की जाती रही है। वर्तमान में भाजपा सरकार उन योजनाओं का नाम बदलकर झूठा श्रेय ले रही है। श्री साव ने आगे कहां की रायपुर लोकसभा के प्रत्याशी विकास उपाध्याय बहुत ही मिलनसार व्यक्तित्व के हैं। वे एक माह से अपने घर से चुनाव में निकल गए हैं । दिन हो या रात वे लोगों से जनसंपर्क कर मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील कर रहे है । ताकि देश में सुशासन आ सके । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा। ने कहा की इस प्रकार यदि प्रत्येक महिलाओं को 8333/की राशि प्रति माह महालक्ष्मी नारी न्याय योजना के तहत मिलेगी जिससे वह कमरतोड़ महंगाई में गृहस्थि चलाने में आसानी होगी और इस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय जी को प्रचंड बहुमत से विजय बनाकर सांसद के रूप में भेजना है बैठक को विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया,सुनील माहेश्वरी, अरूण यादव, सतीश अग्रवाल,कुबेर यदु ने भी संबोधित किया

लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी विकास उपाध्याय सिमगा सहित क्षेत्र के कई ग्रामों जिनमें धोबनी चितावरी देवी,तुलसी ,तोरा, चक्रवाय चंदियापथरा ,करहुल, बनसांकरा , चंदेरी,चौरेंगा , दरचुरा, विश्रामपुर,मनोहरा, कौशलपुर, रोहरा,बुचीपार केसदा आदि ग्रामों का दौरा करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से भाटापारा विधायक इंद्र साव प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी नगर पंचायत अध्यक्ष भागवत सोनकर सतीश अग्रवाल पूर्व भाटापारा मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा शैली भाटिया कुबेर यदु अरूण यादव कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष हिरेंद्र कोसले रमेश धृतलहरे मोहन गायकवाड़ चंद्र कुमार साहू पार्षद दशरथ चंद्राकर अजीत भट्ट हिम्मत महराज , मुरली शर्मा, कुंजलाल साहू,सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित थे।



## समाचार संक्षेप

### भारत को हिन्दूराष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ निकाली गई प्रभातफेरी



**भाटापारा 10 अप्रैल।** पुरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी के द्वारा स्थापित पीठपरिषद, आदित्यवाहिनी, आनंदवाहिनी के सदस्यों के द्वारा हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष में प्रभात फेरी निकाली गई प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य जन्म और अन्य धार्मिक संस्थाओं के सदस्य गण उपस्थित रहे 9 अप्रैल से संवत 2081 प्रारंभ हुआ जिसकी शुरुआत भाटापारा क्षेत्र के लोगों ने भारत को हिन्दुराष्ट्र बनाने का संकल्प लेकर उच्च स्वर में जय घोष करते हुए और कीर्तन करते हुए भाटापारा क्षेत्र के मध्य में स्थित राम नाम सप्ताह मंडप से प्रभात फेरी निकाल कर की. विगत दो वर्षों से पीठ परिषद आदित्यवाहनी, आनंदवाहनी के द्वारा पुरीपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य जी से मार्गदर्शन प्राप्त कर भाटापारा क्षेत्र में संगठन के द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज ने भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए अपने जीवन का सब कुछ न्योछावर कर दिया और उन्होंने होली के समय वृंदावन में यह भी घोषणा कर दी कि इस वर्ष भारत हिंदू राष्ट्र के रूप में घोषित हो जाएगा और यहां राजतंत्र की स्थापना हो जाएगी..जिसके फल स्वरुप परिणाम यह होगा कि भारत में पुनः यहां की प्राचीन सभ्यता लौट आएगी और भारत पुनः सोने की चिड़िया और विश्व गुरु के रूप में इस पृथ्वी में सुशोभित होगा। 21 से 23 अप्रैल तक जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी अपने रायपुर रावाभाटा में स्थित सुदर्शन संस्थान आश्रम में रहेंगे जिसमे 23 अप्रैल को हनुमान जयंती के दिन विशाल सभा और विविध कार्यक्रम रखा गया है जिसमे सुदर्शन संस्थानम के द्वारा प्रदेश वाशियो को उनके दर्शन और उनसे हिन्दुराष्ट्र निर्माण के लिए मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए निमंत्रण दिया गया है।

### सतनामी समाज ने कार्यकारिणी गठित की,विभिन्न पदों पर की गई नियुक्ति



**धमतरी 10 अप्रैल।** सतनामी समाज जिला अध्यक्ष के चुनाव के उपरांत पहली बैठक में ही कार्यकारिणी का गठन कर लिया गया गया है। उपस्थित सामाजिक जनों ने उपाध्यक्ष,जिला सचिव, कोषाध्यक्ष,संघठन मंत्री,सलाहकार,संरक्षक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर समाज के उर्जावान व्यक्तियों को जिम्मेदारी सौंपा। प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 अप्रैल रविवार को धमतरी में जोधापुर स्थित गुरुबालकदास भवन में सतनामी समाज का जिलास्तरीय बैठक रखा गया था।जिसमे जिला सतनामी समाज के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष कपिल देशलहरे ने जिला कार्यकारणी का विस्तार करते हुए बैठक में उपस्थित समाजजनों के सलाह पर तीन उपाध्यक्ष की नियुक्ति किया है।जिसमे क्रमशः विजय सोनवानी,मनोज टंडन कुरूद,परमेश्वर जांगड़े भेंडरा को बनाया है।कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी डी.सी.भारती को दिया गया है।प्रमुख सलाहकार राजकुमार रात्रे कुरूद,रमेश लहरे जोधापुर,राजा बंजारे लोहरपथरा को नियुक्त किया।मीडिया प्रभारी राजेश रात्रे एवं प्रीतम टंडन को बनाया गया।संवैधानिक सलाहकार के रूप में शिवकुमार कोसरे जोधापुर धमतरी,लक्ष्मीनारायण डोमा,नरेश कुमार डिगरे कुरूद को नियुक्त किया गया साथ ही नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष को सील मुहर,कार्यवाही रजिस्टर प्रदान कर स्वेत गमछा पहनकर संचालक मंडल ने कार्यभार सौंपा।

इस अवसर पर समाजजनों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष कपिल देशलहरे ने कहा कि एक-एक व्यक्ति को जोड़कर समाज बनता है।समाज की भावनाओं को वही समझ सकता है वही समाज को साथ लेकर आगे बढ़ेगा।उन्होंने आगे कहा की समाज को जोड़ने का प्रयास हो जिला की टीम समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उसे समाज में जोड़ने का काम करेंगे।एक-एक व्यक्ति को जोड़कर समाज को शसक्त करेंगे। इस अवसर पर संचालक मंडल के प्रधान संचालक इतवारी गावस्कर,रमेश लहरे,नरेश बघेल,लोकेश लहरे, रामेश्वर कुर्रे,चंद्र प्रकाश पाटले,फग्गू लहरे,सामाजिक चिंतक डॉ.सुरेन्द्र कुर्रे, विजय सोनवानी,मनोज टंडन,डेरहा राम जोशी,मोहन जांगड़े,भुवन गायकवाड़,गंगाराम देशलहरा,मणीकांत,चंद्रकुमार बंजारे,प्रेम कुमार टंडन,शिव कोसरे,नरेश कुमार डिगरे,लक्ष्मी घृतलहरे सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### कर्मा जयंती में पंडवानी की प्रस्तुति

**अंवरी 10 अप्रैल।** ग्राम अंवरी में धूमधाम से कर्मा जयंती मनाया गया जिसमें रात्रि कालीन मनोरंजन के लिए तुलसी समोदा पंडवानी मंडली का प्रस्तुति हुआ जिसमें पंडवानी गायिका भामिनी मानिकपुरी एवं रागी गीतांजलि साहू ने अपने कलाकृति से दर्शकों का मन मोह लिया।

# चेट्रीचंड महोत्सव पर सिंधी समाज ने बाइक रैली निकाली



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा 10 अप्रैल।** झूलेलाल अवतरण चेट्रीचन्ड्र महोत्सव के उपलक्ष्य में भाटापारा में चेट्रीचन्ड्र के पावन अवसर पर सिंधी समाज भाटापारा द्वारा 8 अप्रैल को चकरभाटा के संत सांई लालदास जी के परिवार परम पूज्य भाभी माँ,वरूण सांई,ओम सांई जी की पावन उपस्थिति में मुंबई से आए गायक उदय सिंग द्वारा परमआंनद परिसर पटपर में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।पूज्य सेन्ट्रल सिंधी पंचायत भाटापारा के महासचिव व पार्षद राजेश हजारीलाल छाबड़िया द्वारा जानकारी दी गई। कि सर्वप्रथम कार्यक्रम का आरंम्भ पूज्य पंचायत के अध्यक्ष इंदरलाल थारानी,अनिल रोचलानी,चन्द्रपाल बागवानी,डॉ वासुदेव ठाकुर,भाई साहब कन्हैयालाल,रहंदा गेहाणी,नंद हबलानी,श्रीचंद छाबड़िया,कैलाश बालानी,सुरेश गोदवानी,प्रताप ठाकुर ज्योति मोटवानी, सोनिया बालानी, रायपुर से सपना कुकरेजा, सिमरन अरोरा,पूजा शिवानी द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया।ततपश्चात उपस्थित समाजजनों द्वारा भगवान झूलेलाल की आरती की गई,गायक द्वारा भक्तिमय भजनों पर पूरे समाजजन अपने कदमों को थिरकने से नहीं रोक पाए और कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। 9 अप्रेल 2024 मंगलवार दोपहर 03 बजे मातृ शक्ति की दो पहिया वाहन रैली श्री झूलेलाल धाम महासती वार्ड से नगर भ्रमण करते हुए श्री प्रेम प्रकाश मंडल मातादेवालय वार्ड में समाप्त हुई जहाँ रैली का जोरदार स्वागत किया गया,रैली में विशेष रूप से,सोनी छाबडिया,त्रिवेन्दर कौर,शीतल आर्य,कनक माधवानी,सुनीता माखीजा,रेखा माधवानी,मीना छाबड़िया, सुमन गोविंदानी, कोमल थदवानी,प्रिया माधवानी, सुनीता गुरयानी,रचना पारप्यानी, संगीता बजाज,नंदू घिंडवानी,कैलाश बालानी, चंदू तनवानी,नितिन भोजवानी, मनीष आहूजा,भीषम गुरयानी,राजा नागवानी,रवि चंदानी,विनय तनवानी,बंटी आहूजा,जगदीश लालवानी,गोलू बागवानी सहित बड़ी संख्या में महिलाएँ शामिल रही।

# 20 बल्क लीटर हाथभट्ठी में बनी महुआ शराब सहित युवक गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 10 अप्रैल।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 08/04/2024 को मुखबीर सूचना मिलने पर आरोपी दिल मिरी पिता फुलचंद मिरी उम्र 28 साल साकिन झोंका से अवैध 20 बल्क लीटर हाथ भट्ठी निर्मित कच्ची महुआ शराब कीमती 4000/- रूपये एवं आरोपी रामू लाल कुर्रे पिता भुकलू कुर्रे उम्र 45 साल सकिन रसेडा से अवैध 15 बल्क लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब किमती 3000/- रूपये को जप्त कर आरोपीगणों का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से आरोपीगणों को गिरफ्तार कर आब. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया तथा न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है ।उपरोक्त कार्यवाही में सउनि गांधीराम बंजारे एवं थाना सिटी कोतवाली स्टाफ का विशेष योगदान रहा।




### बारनवापारा अभयारण्य के आसपास 7 गांवों में धारा-144 लागू,कलेक्टर ने जारी किया आदेश

**बलौदाबाजार,10 अप्रैल।** वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार के रिपोर्ट अनुसार 07. मार्च 2024 को संध्या के समय सिरपुर क्षेत्र में 01 नग बाघ (टाईगर) को देखा गया है। बाघ अनुसूची-1 का वन्यप्राणी है, जिला महासमुन्द एवं बलौदाबाजार- भाटापारा में बाघ का विचरण हो रहा है। वर्तमान में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के वन विकास निगम क्षेत्र अंतर्गत बाघ विचरण क्षेत्र के 07 ग्रामों (रवान, मोहदा, कौहाबाहरा, मुरूमडीह, छतालडबरा, गजराडीह एवं दलदली) में अधिक संख्या में भीड़-भाड़ इकट्ठा होने से बाघ उत्तेजित हो सकता है तथा बाघ के राजस्व क्षेत्र में जाने से अप्रिय घटना होने की संभावना है। उपरोक्त कारणों के आधार पर जिला बलौदाबाजार- भाटापारा के वन विकास निगम क्षेत्र अंतर्गत बाघ विचरण क्षेत्र के 07 ग्रामों (रवान, मोहदा, कौहाबाहरा, मुरूमडीह, छतालडबरा, गजराडीह एवं दलदली) में मानव तथा बाघ की सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु तत्काल कार्यवाही करना आवश्यक है ताकि उक्त क्षेत्र के रहवासी भयमुक्त वातावरण में निर्भय होकर,निवास कर सके।अतः उपरोक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी के एल चौहान ने आज दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अंतर्गत धारा 144 (1) एवं (2) के तहत् प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के वन विकास निगम क्षेत्र अंतर्गत बाघ विचरण क्षेत्र के 07 ग्रामों (रवान,मोहदा,कौहाबाहरा, मुरूमडीह, छतालडबरा,गजराडीह एवं दलदली) में वन विभाग के अनुमति के बिना अन्य बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। उक्त ग्रामों में किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग नहीं किया जावेगा तथा किसी भी प्रकार की भीड़ इकट्ठा नहीं किया जा सकता है। चूंकि यह संकटकालीन तथा आपातकालीन स्थिति एकाएक उत्पन्न हुई है और किसी पक्ष या व्यक्ति को सुनवाई का अवसर देना संभव नहीं है।

# सर्व सुविधायुक्त मतदान केंद्र के लिए 1 मई तक सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,10 अप्रैल।** जिला प्रशासन की समय सीमा बैठक संयुक्त जिला कार्यालय में आज आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्टर के एल चौहान में आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में जिले के सभी मतदान केंद्रों में पेयजल,शौचालय, व्हील चेयर,वेबकास्टिंग सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को मतदान दिवस के 7 दिन पूर्व ही 1 मई तक सुनिश्चित करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। उन्होने बैठक में कहा की किसी भी मतदाता को मतदान केंद्र में कोई तकलीफ नही होनी चाहिए उनकी सुविधाओं को विशेष ध्यान हम सब को रखनी है। बैठक में कलेक्टर ने जिले में स्थापित 205 संगवारी मतदान केंद्र,4 युवा मतदान केंद्र तथा 4 दिव्यांग मतदान केंद्र के बारे में आवश्यक मूलभूत व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए अन्य प्रबंध भी सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में कलेक्टर ने चिन्हांकित मतदान केंद्रों में आ रही समस्याओं का निराकरण तत्काल करने और विद्युत सेवा बाधित मतदान केन्द्रों में विद्युतीकरण को दुरूस्त करने,505 मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग हेतु आवश्यक उपकरण लगाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही बैठक में निर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में वाहन अधिग्रहण करने और उसमें जीपीएस मॉनिटरिंग सिस्टम लगाने के संबंध में भी कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया। उन्होने कहा मई में गर्मी बहुत अधिक रहती है अतः पेयजल के लिए प्रत्येक मतदान केंद्रों में 5 मटकी रखने कहा गया है। साथ ही ड्राय वाले कुछ गांवों में टैंकर की भी व्यवस्था करने कहा गया है। सभी मतदान केंद्रों में शामियाना और टेंट लगाने के भी निर्देशित संबधित अधिकारियों को दिए है। कलेक्टर श्री चौहान ने कहा कि जिन मतदान केंद्रों में 2000 से अधिक मतदाता है वहां प्रसाधन केंद्र पेयजल और छायादार व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए। इसके साथ ही मतदान सामग्री वितरण केंद्र में वितरक टेबलों की संख्या में वृद्धि की जाएगी। ताकि मतदान दल सुविधापूर्वक मतदान सामग्री लेकर अपने गंतव्य के लिए रवाना हो सकें।इस मौके में जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल,अपर कलेक्टर दिप्ती गौते, सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे,संयुक्त कलेक्टर सीमा ठाकुर,उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ,सीएमओ सहित अन्य सभी विभागो के जिला अधिकारी गण उपस्थित रहें।



एक नजर

## एआई की मदद से गंभीर मरीजों का तत्काल इलाज होगा : जिंदल

**रायपुर, 10 अप्रैल।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान-एम्स रायपुर में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की मदद से अब गंभीर मरीजों का तत्काल इलाज हो सकेगा। इसके लिए आईआईटी भिलाई द्वारा एम्स के लिए हाइब्रिड डिजिटल हेल्थ केयर टेक्नोलॉजी प्लेटफ ॉर्म 'स्मार्ट-ईआर' विकसित किया जा रहा है। ट्रामा और इमरजेंसी में पहला चरण सफल होने के बाद इसे एम्स के अन्य विभागों में लागू किया जाएगा। आईआईटी भिलाई के निदेशक प्रोफेसर राजीव प्रकाश और डीन रिसर्च प्रोफेसर संतोष विश्वास ने एम्स के डॉक्टरों के समक्ष इस प्लेटफॉर्म के प्रमुख बिंदुओं को प्रस्तुत किया। यह प्लेटफ ॉर्म मरीजों का तत्काल डायग्नोसिस कर उपचार प्रोटोकॉल और उपचार के विभिन्न माध्यमों पर सुझाव देगा। इस डेटा के आधार पर डॉक्टरों को निर्णय लेने में आसानी हो सकेगी। एम्स के कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल ने आईआईटी के साथ की गई इस पहल को मरीजों के उपचार में महत्वपूर्ण बताया है।

## गुढ़ियारी में आगजनी क्षेत्र का निगमायुक्त ने लिया जायजा



**रायपुर 10 अप्रैल।** कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार आज शाम निगम कमिश्नर ने गुढ़ियारी में भारत माता चौक के पास बिजली यार्ड में हुई आगजनी से प्रभावित क्षेत्र का जायजा लिए। उन्होंने लोगों से मुलाकात की तथा उनकी परेशानियों को दूर करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। वहां हुई भीषण आगजनी से आसपास के घरों की छतों पर लगे पानी टँकीया तथा उनसे जुड़े पाईप लाईन पिघल कर खराब हो गई हैं। जिन्हें निगम द्वारा बदला जा रहा है। निगम कमिश्नर श्री मिश्रा आज शाम उन्हीं कार्यों को देखने के लिए मौके पर पहुंचे थे। उन्हें सम्बधितों को ये कार्य जल्द पूरा कर लेने के निर्देश दिए। जिससे नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना ना करना पड़े।

## छत्तीसगढ़ के 13 आईएएस को चुनाव आयोग ने बनाया ऑब्जर्वर

**रायपुर 10 अप्रैल।** लोकसभा चुनाव के में भारत निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ के 13 आईएएस अधिकारियों को देश के अलग-अलग राज्यों में चुनाव ऑब्जर्वर बनाया है। आयोग ने इसे लेकर सभी अफसरों को इंडिविजुअल ऑर्डर जारी किया है। छत्तीसगढ़ से जिन आईएएस अफसरों को ऑब्जर्वर बनाया गया है। उनमें सेक्रेटरी रैंक के अधिकारी शामिल है। इनमें आईएएस अविनाश चंपावत ,तारण प्रकाश सिन्हा,मुकेश बंसल, टोपेश्वर वर्मा, प्रियंका शुक्ला,इफ्फत आरा, दीपक सोनी, एनएन एक्का, सारांश मित्तर, राजेंद्र कटारा, सर्वेश भूरे, कुलदीप शर्मा, केडी कुंजाम, संजीव शामिल हैं।

## मतदाता जागरूकता के लिए अंतर विभागीय स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

**रायपुर, 10 अप्रैल।** रायपुर के सुभाष स्टेडियम में लोकसभा निर्वाचन 2024 के स्वीप कार्यक्रम के तहत 9 अप्रैल को अंतर विभागीय स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता में अनुविभागीय अधिकारी रायपुर, राजस्व और जनपद पंचायत आरंग के मध्य खेला गया। इस रोमांचक मैच में अनुविभागीय अधिकारी रायपुर, राजस्व ने जीत हासिल की। यह मैच कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में आयोजन किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में एनआरएलएम की एमडी श्रीमती नम्रता जैन ने उपस्थित खिलाड़ियों और नागरिकों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। जनपद पंचायत आरंग ने टॉस जीत कर पहले फिल्डिंग करने का निर्णय लिया और अनुविभागीय अधिकारी रायपुर, राजस्व ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 109 रन बनाई। जनपद पंचायत आरंग ने इस रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 72 रन पर ही सिमट गई। इस प्रतियोगिता में शानदान गेंदबाजी करते हुए ईलू ने 4 विकेट झटके। जिसकी वजह से उन्हें मैन ऑफद मैच चुना गया। वहीं बेस्ट बैटसमैन सचिन को बनाया गया। शानदार चैके-छक्के मारते हुए 36 रन बटोरे। साथ ही बेस्ट बॉलर का खिताब अश्वनी को दिया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी, सैकड़ों की संख्या में दर्शक उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि 12 दिवसीय स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन में अंतर विभागीय टीम हिस्सा ले रही है।

## ज़हनसीब के गाने किए गए रिक्रिएट

**रायपुर 10 अप्रैल।** संगीत की दुनिया के तीन महारथियों, शेखर रवजियानी, करन कांचन और कश्यप ने हंसी तो फंसी फिल्म के रोमांटिक गीत ''ज़हनसीब'' को रिक्रिएट कर संगीत उद्योग में उत्साह की एक नई लहर दौड़ा दी है। इन कलाकारों के बीच का तालमेल संगीत को यादों के एक ऐसे सफर में ले गया है, जो पूरी दुनिया के श्रोताओं और नेटिजंस को बहुत पसंद आने वाला है। इस गीत और फिल्म को रिलीज़ हुए 10 साल पूरे हो चुके हैं, लेकिन शेखर रवजियानी, करन कांचन और कस्यप ने यादों का जादू बनाए रखते हुए ज़हनसीब का यह रूपांतरण बिल्कुल नए साउंडस्केप में पेश किया है। यह गीत श्रोताओं के दिलों को जीत लेगा, और उन्हें अपनी यादों एवं उन्हीं भावनाओं की दुनिया में ले जाएगा।

# शराब घोटाले में नया मामला दर्ज

### ईडी ने दर्ज की नई ईसीआईआर, अब नए सिरे से होगी जांच

**रायपुर 10 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में प्रवर्तन निदेशालय ने शराब घोटाले की नए सिरे से जांच करने के लिए एक नया मामला दर्ज किया है। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने मनी लांड्रिंग केस को यह कहते हुए रद्द कर दिया था कि, एजेंसी के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत आगे बढ़ने के लिए कोई अनुसूचित अपराध स्थापित नहीं हुआ था।

वित्तीय अपराधों की जांच के लिए एजेंसी ने मंगलवार सुबह एक ईसीआईआर दायर किया है। जो एफआईआर के समकक्ष होता है। यह छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा 17 जनवरी को दर्ज की गई एफआईआर पर आधारित है। इसमें रिटायर्ड आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा और उनके बेटे यश टुटेजा सहित कई कांग्रेस नेताओं, नौकरशाहों और व्यापारियों सहित 70 लोगों को नामजद किया गया था। एजेंसी के विश्वस्त सूत्रों की मानें तो छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में एक नया मामला दर्ज किया है। ताकि इतनी बड़ी साजिश की नए सिरे से जांच की जा सके। छत्तीसगढ़ पुलिस की एफआईआर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज की गई है। जो ईडी के लिए जांच आगे बढ़ाने उचित अपराध की श्रेणी में आता है। सूत्रों का यह भी कहना है कि, पीएमएलए के तहत नया मामला दर्ज होने से हमें पिछले एक साल में शराब घोटाले की जांच में मिली सफलता को जारी रखने में मदद मिलेगी। पुलिस ने एफआईआर एफआईआर विधानसभा चुनाव में भाजपा के जीतने के लगभग एक महीने बाद दर्ज की गई थी।

छत्तीसगढ़ पुलिस ने इस मामले में ईडी के संदर्भ पर कार्रवाई की है। जिसमें चुनावों के बाद स्थानीय पुलिस को एक विस्तृत जांच रिपोर्ट भेजी गयी है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि, यह रिपोर्ट कब भेजी गई। यह पहली बार नहीं है जब ईडी ने इस तरह का रास्ता अपनाया है। कई घटनाओं का एक ऐसा ही क्रम है जिसमें वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट के समक्ष लंबित याचिकाओं के एक समूह का हिस्सा है। ईडी का नया मामला एजेंसी को अपनी जांच फिर से शुरू करने की अनुमति दे सकता है। क्योंकि सोमवार को शीर्ष अदालत ने मूल पीएमएलए जांच को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि, अपराध की पुष्टि नहीं हुई है। चूंकि कोई अनुसूचित अपराध नहीं है। जैसा कि, उपरोक्त निर्णय में कहा गया है। इसलिए अपराध की कोई आय नहीं हो सकती यदि अपराध की कोई आय नहीं है।इससे जाहिर होता है कि, पीएमएलए की धारा 3 के तहत अपराध नहीं बनता है।

जस्टिस अभय एस ओका और उज्ज्वल भुयान की ने कहा कि, ईडी आयकर उल्लंघन के आधार पर आगे नहीं बढ़ सकता। उन अपराधों को पीएमएलए के तहत अनुसूचित के रूप में वर्गीकृत नहीं किया गया है।

ईडी ने आरोप लगाया है कि, 2019 और 2022 के बीच गड़बड़ियां थी। जब सरकारी शराब रिटेलर सीएसएमसीएल के अधिकारियों ने डिस्टिलर से रिश्वत ली थी। तत्कालीन कांग्रेस के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर अपने नेताओं को निशाना बनाने के लिए ईडी का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था। केंद्र ने ईडी की कार्रवाई का बचाव करते हुए कहा कि, यह कानून का पालन है।

सरकार बदलने के बाद राज्य पुलिस ने एक नई एफआईआर दर्ज की है। जिसमें तत्कालीन आबकारी मंत्री कवासी लखमा, आबकारी विभाग के पूर्व विशेष सचिव और छत्तीसगढ़ राज्य विपणन निगम लिमिटेड के एमडी अरुण पति त्रिपाठी, पूर्व आईएएस विवेक ढांढ और कांग्रेस नेता अनवर ढेबर का भी नाम शामिल है। एफआईआर में अनुमान लगाया गया है कि कथित मामले में संदिग्धों के अलावा लगभग 2,161 करोड़ रुपये की आपराधिक आय अर्जित की गई थी। इस मामले में संघीय एजेंसी की नवीनतम ईसीआईआर का मतलब है कि, अब वह उन सभी लोगों को पूछताछ के लिए फिर से बुला सकती है. अपनी पूरी हो चुकी जांच को शुरू से ही आगे बढ़ा सकती है।

# कांग्रेस वंचित वर्ग के लिये लागू करेगी हिस्सेदारी न्याय: दीपक बैज



**रायपुर 10 अप्रैल।** केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर कांग्रेस सामाजिक रूप से वंचित लोगों के लिये हिस्सेदारी न्याय लागू करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस के न्याय पत्र में हिस्सेदारी न्याय भारत के सामाजिक संरचना में क्रांतिकारी परिवर्तन लायेगा। कांग्रेस पार्टी पिछले सात दशकों से समाज के पिछड़े, वंचित, पीड़ित और शोषित वर्गों एवं जातियों के हक और अधिकार के लिए सबसे अधिक मुखरता के साथ आवाज़ उठाती रही है। कांग्रेस लगातार उनकी प्रगति के लिए प्रयास करती रही है। लेकिन जाति के आधार पर होने वाला भेदभाव आज भी हमारे समाज की हकीकत है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग देश की आबादी के लगभग 70 प्रतिशत हैं, लेकिन अच्छी नौकरियों, अच्छे व्यवसायों और ऊँचे पदों पर उनकी भागीदारी काफी कम है। किसी भी आधुनिक समाज में जन्म के आधार पर इस तरह की असमानता, भेदभाव और अवसर की कमी बर्दाश्त नहीं होनी चाहिये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ऐतिहासिक असमानताओं की इस खाई के लिये व्यापक कार्यक्रम चलायेगी।

कांग्रेस राष्ट्रव्यापी आर्थिक-सामाजिक जाति जनगणना करवाएगी। इसके माध्यम से कांग्रेस जातियों, उपजातियों और उनकी आर्थिक-सामाजिक स्थिति का पता लगाएगी। जनगणना से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर कांग्रेस उनकी स्थिति में सुधार के लिए सकारात्मक कदम उठाएगी। कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं गरीब सामान्य वर्ग को मिलने वाले आरक्षण पर 50 प्रतिशत का कैप हटाएगी। कांग्रेस शिक्षा एवं नौकरियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (श्रंड्ढ्स) को मिलने वाले 10 प्रतिशत आरक्षण को बिना किसी भेदभाव के सभी जाति और समुदाय के लोगों के लिए लागू कराएगी। कांग्रेस अनुसुचित जाति, अनुसुचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित सभी रिक्त पदों को 1 साल के भीतर भरेगी। कांग्रेस सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में संविदा भर्तियों की जगह नियमित भर्तियां करेगी। और अभी जो संविदा कर्मी हैं उनका नियमितीकरण करेगी। कांग्रेस घर बनाने के लिए और व्यवसाय शुरू करने के लिए अनुसुचित जाति और अनुसुचित जनजाति समुदाय के लोगों को मिलने वाले लोन की सीमा को बढ़ाएगी। कांग्रेस भूमिहीनों को ज़मीन वितरित करेगी। कांग्रेस अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों से आने वाले ठेकेदारों को सार्वजनिक कार्यों के अनुबंध अधिक मिले, इसके लिए सार्वजनिक खरीद नीति का दायरा बढ़ाएगी। कांग्रेस अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग समुदाय के छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति को दोगुना करेगी, विशेष रूप से उच्च शिक्षा के लिए। कांग्रेस अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदाय के छात्रों को विदेशों में पढ़ने में मदद करेगी, पीएचडी छात्रवृत्ति की संख्या दोगुनी की जाएगी। कांग्रेस गरीब छात्रों, विशेष रूप से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदाय के छात्रों के लिए आवासीय विद्यालयों का हर ब्लॉक तक विस्तार करेगी।

# घायलों को नहीं मिल रही मदद




**रायपुर 10 अप्रैल।** राजधानी रायपुर से सटे दुर्ग के कुम्हारी में मंगलवार को एक बड़ा हादसा हो गया। यहां एक केडिया डिस्टलरी के कर्मचारियों से भरी बस अनियंत्रित होकर खदान में गिर गई। हादसे में 12 कर्मचारियों की मौत हो गई है। वहीं, 13 लोग घायल हैं। इनमें 7 की हालत गंभीर है। मृतकों में 2 महिलाएं भी शामिल हैं। इस हादसे में घायल 10 लोगों को इलाज के लिए राजधानी रायपुर के एम्स अस्पताल लाया गया है। यहां सभी का इलाज किया जा रहा है। वहीं, घायलों के इलाज के बीच एक बड़ी खबर निकलकर आमने आ रही है। एम्स अस्पताल में घायलों के परिजनों को किसी भी प्रकार की मदद नहीं मिल रही है। मिली जानकारी के अनुसार, एम्स अस्पताल में घायलों के परिजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हादसे में घायल हुए लोगों के परिजनों को दवा, प्लास्टर और खाने के लिए भटकना पड़ रहा है। इतना ही नहीं घायलों की परिजनों को एम्स अस्पताल के बाहर से अपने पैसों से इलाज का सामान खरीदना पड़ रहा है। घायलों के परिजनों को केडिया डिस्टलरी से भी कोई सहयोग नहीं मिल रहा है। घायलों के परिजनों में अधिकतर महिलाएं हैं, जो खाने-पीने की वस्तुओं से लेकर दवाओं के लिए एम्स अस्पताल के बाहर पैदल ही इधर उधर भटक रही है। घायलों के परिजन दवा के लिए परेशान हो रहे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि एम्स और बाहर की दुकानों में जरुरी दवाओं का स्टॉक उपलब्ध नहीं है।

# महंत ने राजनीतिक शुचिता की सारी हदें पार की: शिवरतन



**रायपुर 10 अप्रैल।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक शिवरतन शर्मा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत का मानसिक संतुलन ठीक होने का नाम नहीं ले रहा है। पीएम मोदी के सिर फोड़ने वाले बयान के बाद फिर उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को लेकर अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल किया है। पीएम मोदी को डिफाल्टर कह कर महंत ने राजनीतिक शुचिता की सारी हदें तोड़ दी है। इसकी शिकायत के बाद चुनाव आयोग के निर्देश पर उन पर एफआईआर दर्ज किया गया है। चुनाव आयोग की हिदायत के बाद भी महंत और कांग्रेस पार्टी के नेता आए दिन पीएम मोदी को सिर फोड़ने, गाली देने सहित उनके व्यक्तिव को लेकर अशिष्ट भाषा का इस्तेमाल कर रहे है। इसके लिए चरण दास महंत जी आप कब माफ़ी मांगेंगे।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने चरणदास महंत से सवाल पूछते हुए कहा कि 2018 के चुनावी घोषणा पत्र में कांग्रेस ने जो वादे किए थे उसे पूरा नहीं किया तो क्या उसके लिए भूपेश बघेल को डिफाल्टर कहेंगे? क्या वादे पुरे नहीं करने के लिए चरणदास महंत सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी को डिफाल्टर कहेंगे? क्या झूठे वादे करके सत्ता पाने वाली कांग्रेस पार्टी के नेताओं को चरणदास महंत डिफाल्टर कहेंगे? उन्होंने कहा कि हाथ में मैया गंगा की सौगंध खाने वाली कांग्रेस ने शराबबंदी का वादा किया था, लेकिन पूरा नहीं किया। इसके साथ ही बेसहारा महिलाओं को 500 रुपए पेंशन वादा भी पूरा नहीं किया। जनता भी समझ चुकी है कि कांग्रेस झूठे जनघोषणा पत्र से पहले वोट लेती है फिर सत्ता में आने के बाद लूट खखोट और भ्रष्टाचार में जुट जाती है। प्रदेशवासियों के साथ धोखा देने वाली कांग्रेस पार्टी बहुत बड़ी धोखेबाज और डिफाल्टर है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि पीएम मोदी की अधिकांश गारंटियों को प्रदेश में विष्णुदेव साय की सरकार ने महज तीन माह में पूरा कर दिया है। भाजपा की सरकार ने अपने वादे के मुताबिक किसानों को 17 हजार करोड़ रुपए धान के पिछले दो वर्षों के बकाया बोनस एवं अंतर की राशि के लिए किसानों के खातों में हस्तांतरित कर दिया है। महतारी वंदन योजना की दो किश्तों का भी भुगतान कर दिया गया है। तेंदूपत्ता संग्राहकों से तेंदूपत्ता की खरीदी 5500 रुपए में करने की घोषणा भी कर दी हैं। 18 लाख प्रधानमंत्री आवास को बनाने की स्वीकृति दे दी गई हैं। इसके साथ ही बाकी वादों को जल्द ही पूरा करेंगे। इस बात को कांग्रेस पार्टी समझ रही है। यही कारण है कि कांग्रेस पार्टी अब चुनाव लड़ने के बजाए बार-बार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को लेकर दुष्प्रचार कर रही है और जब जनता कांग्रेस के दुष्प्रचार को समझ गई है तो कांग्रेसियों ने अब गाली देना शुरू कर दिया है। कांग्रेसियों को पता है कि विधानसभा चुनाव की करारी हार के बाद इस बार लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का छत्तीसगढ़ से पूरी तरह से सफाया हो जाएगा। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता ही कांग्रेस के फंड में गबन का आरोप लगा रहे हैं कि ऐसे में महंत जी बताएंगे कि आपकी पार्टी में डिफाल्टरों की कितनी संख्या है। इसलिए आज वे कोरबा में अपनी पत्नी के प्रचार में रात में जाते हैं, कि कहीं कोई काम का हिसाब न ले ले। उन्होंने कहा कि बस्तर में लोकसभा प्रत्याशी कवासी लखमा भी महंत की तरह ही खुद का मानसिक संतुलन खो बैठे हैं।

# भ्रष्टाचार के आरोपियों को क्लीनचिट दे रहे भूपेश: भाजपा



**रायपुर 10 अप्रैल।** आज भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा जब-जब भ्रष्टाचार पर संलिप्त लोगों पर केंद्रीय जाँच एजेंसियों ने कार्रवाई की है, भूपेश बघेल और कांग्रेस को इससे बेहद दर्द होने लगता है क्योंकि भ्रष्टाचार के इन मामलों में उनकी कहीं-न-कहीं संलिप्तता है। अब तक कांग्रेस के सत्ताधीशों और नेताओं ने उन लोगों की गिरफ्तारी पर खूब शोर मचाया, जिन लोगों ने जनता का धन लूटा, जनता का हक मारा, छत्तीसगढ़ की सम्पदा लूटी। ऐसे लोगों की गिरफ्तारी पर चिल्लाहट मचाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तो इन आरोपियों को निर्दोष बताकर क्लीन चिट तक दे दी थी।

भूपेश सरकार के खिलाफ जितने भी मामले हैं, उनमें किसी भी आरोपित को जमानत तक सुप्रीम कोर्ट से भी नहीं मिल पा रही है। इन मामलों का 'पॉलिटिकल मास्टर' कौन है, अब यह सबको पता चल गया है। भूपेश बघेल प्रदेश को बताएँ कि क्या कारण है कि बड़े-बड़े वकीलों की भारी भरकम फौज, जिसने आतंकवादियों को बचाने के लिए उन मामलों में देर रात तक कोर्ट तक खुलवा ली, पूर्व मुख्यमंत्री की तत्कालीन उपसचिव सौम्या चौरसिया की जमानत तक नहीं करा पा रही है। उल्टे, अब तो जमानत मांगने पर इनके लोगों पर मा.कोर्ट जुर्माना तक ठोक रहा है। हाल ही में सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका पर एक लाख का जुर्माना मा.कोर्ट ने लगाया है। भूपेश बघेल प्रदेश को यह भी इस बात का भी जवाब दें कि भूपेश सरकार के एक प्रमुख अधिकारी समीर विश्नोई के पास से सोना, नगदी और अचल सम्पत्ति बरामद हुई थी, वह सब किसकी थी? पिछले डेढ़ वर्ष से जेल की सलाखों के पीछे बैठे समीर विश्नोई की जमानत बघेल जी क्यों नहीं करा पाए? भूपेश बघेल के कई साथी ज्योत्स्ना महंत, जयसिंह अग्रवाल और मोहन मरकाम आदि ने तो अनेक मौकों पर यह कहा है कि कांग्रेस की प्रदेश सरकार में भ्रष्टाचार हुआ है। कांग्रेस के महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला ने कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद कांग्रेस शासनकाल में हुए भ्रष्टाचार के कई राज खोले हैं और कांग्रेस की सरकार को गोबर चोर तक बताया है। इतना ही नहीं, पूर्व प्रभारी महामंत्री अरुण सिसौदिया ने तो भूपेश बघेल और उनके सलाहकार पर कांग्रेस पार्टी फंड के 5.89 करोड़ रुपए का गबन करने तक का आरोप लगाया। इस तरह सरकार से लेकर संगठन तक भ्रष्टाचार करके खुली लूट मचाने वाले लोग भाजपा के सवालों का जवाब दे।

# जबरिया दलबदल करा भाजपा प्रजातांत्रिक मूल्यों को नष्ट कर रही



**रायपुर 10 अप्रैल ।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने कहा कि प्रजातंत्र में दलबदल को कभी भी सम्मानजनक दृष्टिकोण से नहीं देखा जाता। इसीलिये देश के संविधान में दलबदल कानून बनाया गया है परंतु वर्तमान में केंद्र और प्रदेश में शासक पार्टी के रूप में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कांग्रेसियों को भय, प्रलोभन एवं डरा धमका कर विशेष अभियान चलाकर दलबदल कराये जा रहे है जो कि अत्यंत ही गैर प्रजातांत्रिक और निंदनीय है। पूरे देश एवं प्रदेश में हजारों मामले ऐसे आये है जिसमें सरकार की संवैधानिक संस्थाओं ईडी, सीबीआई, आईटी आदि के माध्यम से विभिन्न राजनीतिक दलों के बड़े नेताओं के ऊपर झूठे मुकदमें एवं झूठे आरोप में फंसाने या विभिन्न पदों का प्लोभन देकर बड़े पैमाने पर दलबदल कराये जा रहा है जो कभी भी देश के इतिहास में इतने बड़े पैमाने पर दलबदल नहीं हुआ है। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा बड़े पद पर आसीन राजनेताओं से लेकर पंचायत स्तर एवं बूथ स्तर तक के लोगों को डरा धमका कर उन्हें पार्टी छोड़ने और भाजपा प्रवेश करने पर मजबूर किया जा रहा है। अपने आपको सिद्धांतों एवं आदर्श पर चलने वाले पार्टी के रूप में प्रचारित करते नहीं थकते और सत्ता हासिल करने के लिये स्तरहीन राजनीति करने पर उतारू हो गये है जो कि काफी निंदनीय है। जिस राजनीतिक दल में जो लोग है वे लोग यदि विचारधारा अनुकूल नहीं होने के कारण एवं जिस पार्टी में शामिल हो रहे है उस पार्टी के विचारधारा अनुकूल होने की स्थिति में दलबदल करें तो भी बात अलग होती लेकिन डरा धमका कर या प्रलोभन देकर मजबूर करके दलबदल कराना घोर अप्रजातांत्रिक एवं निंदनीय कृत्य है। भाजपा द्वारा 400 पार का नारा दिया जा रहा परंतु उन्हें अपने ही कार्यकर्ताओं और नेताओं पर भरोसा नहीं है इसलिए अन्य दलो के नेताओं और कार्यकर्ताओं को भाजपा में प्रवेश करा कर दलबदल करा रहे है तथा भाजपा प्रदेश, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर दलबदल अभियान समिति का गठन करके यह घोर अनुचित कार्य कर रही है।

# अल्लाह और भगवान के नाम पर निरीह पशुओं की बलि बन्द हो: मिश्र



**रायपुर 10 अप्रैल।** किसी भी जीव को चाहे वह इंसान हो या जानवर जीवित रहने का मौलिक अधिकार है,तथा किसी भी धार्मिक परम्परा या अनुष्ठान की आड़ में उसके प्राण लेने का अधिकार किसी को भी नहीं है।लेकिन पशु बलि ऐसी ही एक अंधविश्वास भरी परम्परा है जिसमें किसी भी पशु चाहे वह गाय,भैंस या बकरा /बकरी हो।इस उम्मीद से बलि दे दी जाती है कि उस पशु को अल्लाह /भगवान पर अर्पित करने से वे प्रसन्न हो जावेंगे तथा बलि चढ़ाने वाले की सारी इच्छाएं पूरी हो जावेगी।अपनी मृगतृष्णा की पूर्ति के लिए दूसरे जीव का जीवन हरण करने की यह प्रथा भी कितनी विचित्र है।अपने लाभ के लिए किसी दूसरे की जान लेकर उसके खून की धार बहाकर,उसके मांस के टुकड़ों को उदरस्थ कर क्या कोई धार्मिक क्रिया पूरी हो सकती है या ईश्वर के किसी भी स्वरूप को प्रसन्न किया जा सकता है अथवा इच्छाएं पूर्ण की जा सकती है?या यह सिर्फ एक मृग मरीचिका है।क्या ऐसी क्रूरता जिसे कोई सहृदय इंसान भी नहीं पसंद कर सकता है तो भला दया के सागर माने जाने वाले ईश्वर कैसे स्वीकार करेंगे।छत्तीसगढ़ के कुछ धार्मिक स्थलों के प्रयास से बंद हुई है,लेकिन कुछ स्थानों में यह आदि परम्परा के रूप में अब भी जारी है।जिसके संबंध में जागरूक नागरिकों को विचार करना चाहिए। पशु-बलि के संबंध में प्रत्यक्ष दर्शियों से मिली जानकारी से आंखों में एक ऐसा वीभत्स दृश्य उभर जाता है जिसमें एक निरीह पशु चाहे वह भैंस,गाय या बकरी हो उसे खींचकर, धकेलकर ऐसे स्थान पर ले जाया जाता है जो कथित रूप से पवित्र है,धार्मिक है।प्राणरक्षक स्थल है लेकिन इन पशुओं के लिए न ही पवित्र,न ही धार्मिक और न ही प्राण रक्षक बल्कि प्राणघातक,एक मासूम पशु को बलि वेदी पर ले जाकर उसे नहला धुलाकर साफ किया जाता है।मिठाई खिलाई जाती है तथा अगले ही पल धारदार हथियार से उसका सिर धड़ से अलग कर दिया जाता है,उसके खून को देव प्रतिमा पर बलि वेदी पर अर्पित किया जाता है।इस बर्बर हत्या को परम्परा का जामा पहनाकर पशु के शरीर को प्रसाद के रूप में वितरित कर दिया जाता है। खून, चीखें,गोश्त, गंडासा, तड़पता हुआ धड़ वीभत्स दृश्य प्रस्तुत करते है। उसी प्रकार बकरीद में भी प्रतिवर्ष लाखों निरीह पशुओं की जान चली जाती है हर धर्म यह बात दोहराता है कि हर जीव में ईश्वर का अंश है चाहे वह पशु हो या पक्षी या इंसान, ईश्वर की नजर में सब बराबर है, फिर भला अपने ही अंश को मारने से ईश्वर क्यों प्रसन्न होगा। अपने शरीर के किसी अंग को खत्म करने से बाकी शरीर कैसे खुश रह सकता है।

हिंसा मनुष्य का मूल स्वभाव नहीं है। आदि मानव असभ्य भले ही रहा हो लेकिन वह जंगल में रहते हुए भी पशुओं की वध सिर्फ दो ही कारणों से करता था।एक तो अपने बचाव के लिए तथा दूसरा अपनी भूख मिटाने के लिए वह भी तब जब उसके पास खाने-पीने, भोजन के विकल्प नहीं थे।(यहां तक जंगली जानवर भी भूखे न रहने पर अन्य जानवरों का शिकार नहीं करते) लेकिन जब उसने पशुओं के साथ रहना सींख लिया, उन्हें पालने लगा, कृषि,व्यवसाय, परिवहन, दूध वगैरह के लिए उपयोग करने लगा,तब उसने उन्हें अपना साथी मान लिया तथा उनका पालन व सुरक्षा भी करने लगा।

# तीन नाबालिग सहित 6 स्टंटबाज बाइकर्स पकड़ाये

**रायपुर, 10 अप्रैल।** नया रायपुर की सड़कों पर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर अपनी व दूसरों की जान को खतरे में डालने वाले 6 स्टंटबाज बाइकर्स को यातायात पुलिस गिरफ्तार किया है। सभी 06 बाइकर्स में 03 नाबालिक एवं 03 बालिक वाहन चालकों का वाहन जप्त कर प्रकरण निराकरण के लिए न्यायालय भेजने की कार्यवाही की गयी। बता दे कि बाईकर्स गैंग द्वारा नया रायपुर की सड़कों पर लापरवाही पूर्वक बाईक चलाकर स्वयं तथा दूसरों की जान को जोखिम में डालते हुए स्टंटबाजी करने की शिकायत मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला रायपुर संतोष कुमार सिंह द्वारा ऐसे स्टंटबाज वाहन चालकों को पकड़कर सख्त से सख्त कार्यवाही करने के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर ओम प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर गुरजीत सिंह एवं सुशांतो बनर्जी के नेतृत्व में यातायात पुलिस नया रायपुर द्वारा रविवार दिनांक 7 अप्रेल को नया रायपुर की सड़कों पर घेराबंदी कर सी.बी.डी. बिल्डिंग रोड में स्टंटबाजी करते 6 चालको को पकड़ने में सफलता पाई। उक्त में से 03 बाइकर्स किशोर है जिनका प्रकरण किशोर न्यायालय भेजा गया एवं 3 बाइकर बालिग होने पर प्रकरण निराकरण के लिए न्यायालय भेजने की कार्यवाही की गयी।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26